वार्षिक वायुमंडलीय संकट का एक प्रमुख और विवादास्पद जैविक कारक कृषि अवशेषों यानी पराली का दहन है। पराली दहन से होने वाला उत्सर्जन उत्तर-पश्चिमी हवाओं की सवारी करता हुआ पूरे उत्तर भारत के आसमान को अपने आगोश में ले लेता है। चूंकि पराली संकट कृषि अर्थशास्त्र, ऊर्जा नीति और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा से जुड़ा एक बहुआयामी मुद्दा है, इसलिए इसमें केंद्र सरकार का सीधा, आर्थिक और नीतिगत हस्तक्षेप अनिवार्य है। इसके लिए फसल विविधीकरण से लेकर उचित प्रौद्योगिकियों के लिए भारी सब्सिडी और बायो-मेथेनेशन प्लांट्स जैसा स्थायी बुनियादी ढांचा समय की आवश्यकता है, लेकिन यह भी ध्यान रहे कि प्रदूषण की समस्या से ग्रस्त दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पंजाब और राजस्थान की सरकारों के बीच आवश्यक तालमेल का अभाव भी स्थितियों को बिगाड़ता है। संकट की दस्तक और उसके गहराते ही राजनीतिक दल और विभिन्न राज्य सरकारें दोषारोपण का खेल शुरू कर देती हैं। जबकि वायु प्रदूषण जैसी राष्ट्रीय आपदा पर दलीय राजनीति से ऊपर उठकर साझा राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिचय देना आज की सबसे बड़ी मांग है। इस दिशा में प्रदूषण रोधी उपाय करने वाली संस्थाएं केवल कागजी दिशा-निर्देश जारी करने तक सीमित न रहें, बल्कि उन्हें एक सशक्त, स्वायत्त और कठोर निर्णय लेने वाले नियामक के रूप में धरातल पर उतरना होगा। पड़ोसी राज्यों के बीच औद्योगिक मानकों, सार्वजनिक परिवहन के विद्युतीकरण, स्वच्छ ईंधन के अनिवार्य उपयोग और कचरा प्रबंधन जैसे प्रदूषण नियंत्रण उपायों को एकसमान गंभीरता और अनुशासन के साथ लागू किया जाना चाहिए।

स्पष्ट है कि जब तक संपूर्ण उत्तर भारत के वायुमंडलीय एयरशेड की सीमाओं को पूरी तरह ध्यान में रखते हुए एक समेकित वैज्ञानिक कार्ययोजना तैयार नहीं की जाती और भू-स्थानिक मानिटरिंग तथा एयरोसोल आप्टिकल डेप्थ के सटीक आंकड़ों के आधार पर पारदर्शी निर्णय नहीं लिए जाते, तब तक इस विषैले चक्रव्यूह से बाहर निकलना असंभव है। वायु प्रदूषण को अब मात्र एक मौसमी परेशानी के रूप में देखना बंद करना होगा। इसे एक गंभीर पारिस्थितिकीय और जन-स्वास्थ्य आपातकाल माना जाए।

(लेखक पर्यावरण मामलों के जानकार एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी हैं)

response@jagran.com

कांग्रेस को एक और सबक

चार राज्यों में विधान परिषद की 28 सीटों के लिए हुए चुनावों में कांग्रेस को एक भी सीट न मिलना यही बताता है कि वह अपनी दयनीय दशा से उबरने में नाकाम है। इन चार राज्यों में से कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में तो अपना कोई प्रत्याशी नहीं उतारा, लेकिन बिहार, महाराष्ट्र और कर्नाटक में उसके कुल 12 उम्मीदवार मैदान में थे। इनमें से कोई भी नहीं जीत सका। विधान परिषद सदस्यों यानी एमएलसी के लिए हुए इन चुनावों के वोटर शिक्षक एवं स्नातक थे। कांग्रेस जिस तरह अपने शासन वाले कर्नाटक में भी सभी चारों सीटें हार गई, वह उसके लिए कहीं अधिक शर्मनाक है। बिहार और महाराष्ट्र में उसके सहयोगी दलों को तो सफलता मिली, लेकिन वह अपना खाता नहीं खोल सकी। बिहार में नई बनी जन सुराज पार्टी के एक प्रत्याशी के साथ एक निर्दलीय भी एमएलसी बन गया, लेकिन राजद और भाकपा-माले लिबरेशन जैसे सहयोगी दलों के बाद भी कांग्रेस को नाकामी हाथ लगी। वह नाकामी यही बताती है कि कांग्रेस न तो प्रबुद्ध शिक्षकों को प्रभावित कर पा रही है और न ही स्नातकों को। भले ही स्नातक और शिक्षक वोटरों की संख्या बहुत अधिक नहीं होती, लेकिन वह इतनी कम भी नहीं होती कि कोई दल उन्हें महत्व न दे। जहां शिक्षक लोगों के बीच जनमत तैयार करने का काम करते हैं, वहीं स्नातक आम तौर पर जात-पांत से ऊपर उठकर मतदान करते हैं। यदि कांग्रेस इन वर्गों को अपनी ओर आकर्षित नहीं कर पा रही है तो इसके लिए वह अपनी रीति-नीति के अतिरिक्त अन्य किसी को दोष नहीं दे सकती।

कांग्रेस को यह समझ आ जाए तो अच्छा कि वोट चोरी जैसे शिगूफे छेड़ने से उसे कुछ मिलने वाला नहीं है। कांग्रेस को इसका भी आभास हो जाना चाहिए कि वह ईवीएम पर व्यर्थ ही अपनी खीझ निकाल रही है। वह ईवीएम के बजाय मत पत्रों से चुनाव पर जोर दे रही है। उसे मुंह चिढ़ाने वाला तथ्य यह है कि एमएलसी चुनाव मत पत्रों के जरिये ही हुए। इसी कारण प्रधानमंत्री ने उस पर तंज कसा। मत पत्रों से हुए चुनावों में भी कांग्रेस की विफलता वही सिद्ध करती है कि कांग्रेस जिस तरह एसआइआर को वोट चोरी का नाम देकर लोगों को गुमराह करने के साथ अपना वक्त जाया कर रही है, उसी तरह मत पत्रों से चुनाव कराने की भी बेतुकी मांग कर रही है। कांग्रेस की समस्या केवल इतनी ही नहीं कि वह अपनी कमजोरियों को दूर करने के बजाय अपनी असफलताओं का दोष कभी मोदी सरकार और कभी चुनाव आयोग पर मढ़ती है। उसकी समस्या यह भी है कि वह ऐसे मनगढ़ंत नैरेटिव गढ़ती है, जिनमें आम जनता संग प्रबुद्ध वर्ग को भी कोई तत्व-महत्व नहीं दिखता। इसी तरह वह सरकार को हर नीति का विरोध तो करती है, लेकिन अपनी कोई ठोस वैकल्पिक नीति सामने नहीं रख पाती।

स्वास्थ्य संरक्षण

बीमारी केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य की परीक्षा नहीं लेती, बल्कि परिवार की आर्थिक स्थिरता को भी संकट में डाल सकती है। उपचार का खर्च बचत पर भारी पड़ सकता है, खासकर तब, जब परिवार को सरकारी सहायता योजनाओं का लाभ न मिले। मध्य वर्ग के सामने यही विडंबना है: उसकी आय उसे कई योजनाओं से बाहर रखती है, जबकि गंभीर उपचार का खर्च उसकी आर्थिक क्षमता को चुनौती देता है। हरियाणा में चिरायु योजना का लाभ तीन से छह लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले परिवारों को देने का निर्णय इस अंतर को कम करने की दिशा में अहम पहल है। यह व्यवस्था उपचार के खर्च को लेकर उनकी चिंता कम करने में मददगार हो सकती है। योजना की उपयोगिता केवल बीमा राशि तक सीमित नहीं है। पहले से चली आ रही बीमारियों को शामिल करना और दवाओं तथा जांच का खर्च कवर करना इसे अधिक व्यापक बनाता है। 2,694 उपचार पैकेजों का लाभ पात्र परिवारों को उपचार के अलग-अलग विकल्पों तक पहुंच दे सकता है। हालांकि, इन सुविधाओं का वास्तविक महत्व तभी होगा, जब मरीजों को जरूरत के समय सूचीबद्ध अस्पतालों में बिना अनावश्यक अड़चन उपचार मिल सके। पंजीकरण की प्रक्रिया सरल हो, अस्पतालों की उपलब्धता बनी रहे और कैशलेस उपचार वास्तव में सुलभ हो-इन पहलुओं पर निरंतर निगरानी जरूरी है। पात्र परिवारों को योजना की शर्तों और लाभों की स्पष्ट जानकारी मिलना भी महत्वपूर्ण है, ताकि वे जरूरत के समय सुविधा का उपयोग कर सकें। अब घोषित सुविधा जमीन पर भी सहज रूप से उपलब्ध हो और पात्र लोगों को उसका पूरा लाभ मिले।

चिरायु योजना का लाभ तभी प्रभावी होगा, जब पात्र मरीजों को सूचीबद्ध अस्पतालों में बिना अड़चन उपचार मिले

पोक्सो अधिनियम में सुधार आवश्यक

हाल में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर निर्णय देते हुए पोक्सो अधिनियम, 2012 के कठोर अनुप्रयोग और भारत की सामाजिक वास्तविकताओं के बीच संबंध पर महत्वपूर्ण टिप्पणी की। यह मामला ऐसे व्यक्ति से जुड़ा था, जिसके विरुद्ध पोक्सो अधिनियम के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। लड़की के माता-पिता ने यह कहते हुए मामला दर्ज कराया था कि उनकी बेटी नाबालिग है, जबकि लड़की ने न्यायालय के समक्ष अपने साथी के साथ रहने की इच्छा व्यक्त की थी। न्यायालय ने सामाजिक परिस्थितियों, अशिक्षा और गरीबी जैसी कठोर वास्तविकताओं को ध्यान में रखते हुए कहा, 'पोक्सो अधिनियम का क्रियान्वयन कुछ तथ्यात्मक परिस्थितियों में ऐसे परिणाम उत्पन्न कर सकता है, जो न्याय के बजाय अन्याय को बढ़ावा देने वाले प्रतीत हों।' न्यायालय ने विधि आयोग से अधिनियम में संभावित संशोधनों पर विचार करने का अनुरोध किया, ताकि असाधारण परिस्थितियों में विशेष न्यायाधीशों को सजा निर्धारित करने में अधिक विवेकाधिकार देने की संभावना पर विचार किया जा सके।

कुछ समय पहले सर्वोच्च न्यायालय ने 'उत्तर प्रदेश राज्य बनाम अनिरुद्ध एवं अन्य' मामले में भी पोक्सो अधिनियम के दुरुपयोग से जुड़े प्रश्नों पर विचार किया था। यह मामला लगभग 12 वर्ष की एक लड़की की मां द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी से संबंधित था, जिसमें लड़की को घर से ले जाने का आरोप लगाया गया था। आरोपित को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से जमानत मिलने के बाद राज्य ने सर्वोच्च न्यायालय में अपील की थी। सर्वोच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में किशोर संबंधों के संदर्भ में पोक्सो अधिनियम के दुरुपयोग पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा था, 'इस निर्णय की एक प्रति भारत सरकार के विधि सचिव को भेजी जाए, ताकि इस समस्या पर अंकुश लगाने के लिए यथासंभव कदम उठाने पर विचार किया जा सके। इन कदमों में अन्य उपायों के साथ-साथ एक ऐसे 'रोमियो-जूलियट प्रविधान' को शामिल करने की संभावना भी हो, जो किशोर संबंधों को



पोक्सो एक्ट के कठोर प्रविधानों को समझाते में विचार किए बिना लागू करने से किशोरों को अपूरणीय क्षति हो सकती है

प्रो. ऋतु सारस्वत



न्यायिक दृष्टि में हो समग्रता का समावेश। फाइल

इस कानून के कठोर प्रभाव से मुक्त करे। साथ ही ऐसी व्यवस्था बनने पर भी विचार किया जाए, जिसके माध्यम से उन व्यक्तियों के विरुद्ध अभियोजन चलाया जा सके, जो इन कानूनों का उपयोग आपसी हिसाब चुकता करने अथवा बदला लेने के लिए करते हैं।' सर्वोच्च न्यायालय की यह चिंता स्वाभाविक है, क्योंकि विधिक व्यवस्था का मूल उद्देश्य समाज का संरक्षण और न्याय की स्थापना करना है।

किशोरावस्था में लिए गए निर्णयों और उनसे जुड़ी कानूनी प्रक्रिया का प्रभाव किसी व्यक्ति की प्रतिष्ठा, शिक्षा और भविष्य पर पड़ सकता है। इसी संदर्भ में 2022 में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 'अतुल मिश्र बनाम उत्तर प्रदेश राज्य एवं तीन अन्य' मामले में कहा था कि किशोरावस्था में परस्पर आकर्षण के कारण लिए गए निर्णय आवेगपूर्ण और अपरिपक्व हो सकते हैं, लेकिन उन्हें केवल इसी आधार पर पाप या कलंकित नहीं माना जाना चाहिए। पोक्सो अधिनियम के कठोर प्रविधानों को बिना परिस्थितियों पर पर्याप्त विचार किए लागू करने से किशोरों की प्रतिष्ठा और भविष्य को अपूरणीय क्षति पहुंच सकती है। कई बार किशोर भावनाओं और आकर्षण को समझते हुए एक-दूसरे के निकट आते हैं, जबकि संबंधों की जिम्मेदारियों और उनके दूरगामी परिणामों को समझने की उनकी क्षमता अभी विकसित हो रही होती है। इसलिए ऐसे संबंधों का मूल्यांकन करते समय केवल उम्र या संबंध की प्रकृति को आधार बनाने के बजाय उनकी परिस्थितियों, आपसी व्यवहार तथा दबाव अथवा शोषण की उपस्थिति को भी ध्यान में रखना आवश्यक है।

भारतीय समाज में किशोरों के प्रेम-संबंधों का प्रश्न व्यक्तिगत भावनाओं से कहीं आगे जाकर पारिवारिक मान्यताओं, सामाजिक प्रतिष्ठा और परंपरागत मूल्यों से जुड़ जाता है। एक ओर किशोरावस्था में विकसित होती भावनात्मक स्वतंत्रता और अपनी पसंद के अनुसार संबंध चुनने की आकांक्षा है तो दूसरी ओर परिवार और समुदाय की अपेक्षाएं, जिनमें जाति, पंथ और विवाह संबंधी परंपराओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इन दोनों के बीच टकराव की स्थिति में किशोरों के संबंध कभी-कभी पारिवारिक विवाद और सामाजिक तनाव का कारण बन जाते हैं। अनेक बार परिवार की असहमति ऐसे संबंधों को स्वीकार करने के बजाय उनका विरोध करने का रूप ले लेती है और मामला कानूनी टकराव तक पहुंच जाता है। ऐसे में यह प्रश्न महत्वपूर्ण हो उठता है कि बालकों को यौन शोषण और दुर्व्यवहार से संरक्षण देने के लिए निर्मित कानून का उपयोग वास्तविक अपराधों और पारिवारिक असहमति से उपजे विवादों के बीच अंतर को किस सीमा तक पहचान पाता है।

किशोरावस्था की भावनाओं को अपराध की भाषा में समझने से पहले उनकी सामाजिक और मनोवैज्ञानिक वास्तविकताओं को समझना आवश्यक है। बाल संरक्षण का उद्देश्य किसी भी प्रकार के शोषण से बच्चों की सुरक्षित रखना है, लेकिन न्याय की प्रक्रिया में उनके भविष्य और गरिमा की रक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।

(लेखिका समाजशास्त्री हैं)

response@jagran.com

ऊर्जा

क्रोध से मुक्ति

मनुष्य का जीवन केवल सुखद स्मृतियों, मधुर संबंधों और अनुकूल परिस्थितियों का उत्सव नहीं है। यह उन अनगिनत आघातों, कटु अनुभवों और मौन संघर्षों की यात्रा भी है, जो कभी अपनों से मिलते हैं, तो कभी उन लोगों से, जिनसे हमने सद्भाव की अपेक्षा की होती है। कभी कोई हमारे विश्वास को छलनी कर देता है तो कभी आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाता है और कभी हमारे मौन को दुर्बलता समझ बैठता है। तब हृदय में प्रतिशोध की अग्नि धधकने लगती है, किंतु ऐसे ही क्षणों में हमारे व्यक्तित्व की वास्तविक परीक्षा होती है। किसी विरोधी को परास्त कर देना बाहरी विजय है, किंतु उसके अन्याय के बावजूद अपने हृदय को घृणा से बचाए रखना आत्मा की सबसे बड़ी विजय है। किसी के दुर्व्यवहार के कारण स्वयं दुर्व्यवहारी बन जाना और किसी की कटुता के प्रत्युत्तर में अपने भीतर भी विष भर लेना वस्तुतः अपनी पराजय को स्वयं आमंत्रित करना है। आखिर किसी दूसरे की बुराई को अपने चरित्र का हिस्सा बना लेने में कैसी विजय?

क्रोध के वशीभूत होकर हम अशांति के बंदी बन जाते हैं। हम अतीत की घटनाओं को याद कर बर्तमान की शांति भी खो देते हैं। क्षमा का अर्थ अन्याय को स्वीकार करना नहीं, बल्कि उसे अपने आत्मा का स्वामी बनने से रोकना है। इसका अर्थ यह भी नहीं कि हम अपमान सहते रहें या अन्याय करने वाले को बार-बार अवसर दें। आत्मसम्मान की रक्षा के लिए कभी-कभी दूरी बना लेना भी उपयोगी होता है। अंतर इतना है कि हम यह दूरी प्रतिशोध की अग्नि में जलकर नहीं, बल्कि विवेक और आत्मसम्मान के प्रकाश में तय करें। जीवन की सार्थकता इसी में है कि हम अनुभवों से सीखें, किंतु अपनी संवेदनाओं को मरने न दें। अन्याय का प्रतिकार करें, किंतु अपने आत्मा को प्रतिशोध का कारागार न बनाएं।

ममता कुशवाहा

असुरक्षित जल स्रोत चिंताजनक

सुगीता मिश्रा

सुप्रीम कोर्ट ने जल निकायों को असुरक्षित छोड़ने और उनकी सीमाएं तय करने में देरी पर चिंता जताई है। शीर्ष न्यायालय ने सभी राज्यों और आर्द्रभूमि (वेटलैंड्स) प्राधिकरणों को निर्देश दिया कि जिन जल निकायों का अब तक भौतिक सत्यापन और सीमांकन नहीं हुआ है, वहां यह प्रक्रिया पूरी की जाए। जल निकाय पेयजल के महत्वपूर्ण स्रोत हैं और उनका संरक्षण संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार से जुड़ा है।

जल संकट का समाधान केवल नए बांध बनाने, पाइपलाइन बिछाने या पानी की आपूर्ति बढ़ाने से नहीं हो सकता। इसके लिए प्राकृतिक और पारंपरिक जल स्रोतों का संरक्षण भी आवश्यक है। तालाब, झीलें, आर्द्रभूमियां वर्षा जल को संचित करने, भूजल स्तर बनाए रखने और बाढ़ के प्रभाव को कम करने में अहम भूमिका निभाती हैं। इसके बावजूद इन जल स्रोतों पर अतिक्रमण, प्रदूषण और अनियोजित शहरीकरण का दबाव लगातार बढ़ रहा है। पानी केवल उपभोग की वस्तु नहीं, बल्कि मानव जीवन, कृषि, जैव विविधता और आर्थिक गतिविधियों का आधार है। जब किसी तालाब को पाटकर निर्माण किया जाता है या किसी झील में सीवेज और औद्योगिक अपशिष्ट डाला जाता है तो उसका नुकसान केवल उस क्षेत्र तक सीमित नहीं रहता। इससे भूजल पुनर्भरण, स्थानीय स्तर पर पानी की उपलब्धता और पारिस्थितिकी का संतुलन भी प्रभावित होता है।

जल शक्ति मंत्रालय की अप्रैल 2023 में जारी रिपोर्ट के अनुसार, छठी लघु सिंचाई जनगणना (वर्ष 2017-18) के साथ जल निकायों की पहली जनगणना शुरू की गई। इसके तहत देशभर में कुल 24,24,540 जल निकायों की गणना की गई थी। इनमें से 97.1 प्रतिशत (23,55,055) जल निकाय ग्रामीण क्षेत्रों में, जबकि 2.9 प्रतिशत (69,485) शहरी क्षेत्रों में स्थित थे। कुल 38,496 जल निकायों पर अतिक्रमण दर्ज किया गया, जो गणना में शामिल जल निकायों का लगभग 1.6 प्रतिशत था। चिंता केवल अतिक्रमण तक सीमित नहीं है, बल्कि जल निकायों के समग्र प्रबंधन से भी जुड़ी है। जल स्रोतों में कचरा, अपशिष्ट डालने से उनकी जल गुणवत्ता और उपयोगिता प्रभावित होती है। इसका सीधा असर उन लोगों पर पड़ता है, जो पेयजल, सिंचाई और आजीविका के लिए इन स्रोतों पर निर्भर हैं। जल निकायों को बचाना किसी एक विभाग या अदालत का काम नहीं, बल्कि शासन और समाज की साझा जिम्मेदारी है। यदि आज तालाबों और झीलों को बचाने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में पानी की कमी, शहरी बाढ़ और पर्यावरणीय असंतुलन की कीमत समाज को कहीं अधिक चुकानी पड़ सकती है।

(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

यदि तालाबों को बचाने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में समाज को कहीं अधिक कीमत चुकानी पड़ेगी

मध्यावधि चुनावों की कसौटी

'क्या ट्रंप की मनमानी रोक सकेगा अमेरिका' शीर्षक से प्रकाशित आलेख केवल अमेरिका के मध्यावधि चुनावों का विश्लेषण नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों और संस्थाओं पर मंडराते खतरे की एक गंभीर चेतावनी भी है। इन चुनावों में दांव पर उन सिद्धांतों और रणनीतियों की साख है, जिन्होंने पीढ़ियों तक अमेरिका को दुनिया का सिरमौर बनाए रखा। लेखक निकोलस क्रिस्टोफ का यह तर्क मुझे विशेष रूप से सारगर्भित लगा कि अमेरिका की ताकत उसकी शिक्षा और अनुसंधान की मजबूत नींव में रही है। ऐसे में, विश्वविद्यालयों के अनुदान में कटौती, नेशनल साइंस फाउंडेशन और नेशनल इंस्टीट्यूट्स आफ हेल्थ जैसी संस्थाओं के बजट पर चोट के गहरे निहितार्थ हैं। 2025 में ट्रंप प्रशासन ने अमेरिका में हार्वर्ड समेत कई विश्वविद्यालयों पर तमाम प्रतिबंध लगाए हैं। इस लेख का संदेश अमेरिका तक सीमित नहीं है। हम भारतीयों के लिए, जो बड़ी संख्या में उच्च शिक्षा और रोजगार के लिए वहां जाते हैं, ये नीतियां सीधे चिंता का विषय हैं। साथ ही यह हर लोकतंत्र के लिए सबक है कि संसद और न्यायालय जैसी संस्थाएं तभी तक प्रभावी रहती हैं, जब तक नागरिक और जनप्रतिनिधि उनकी रक्षा के लिए खड़े रहें। लेख का अंतिम प्रश्न कि क्या अमेरिकी जनता इस पतन को चुपचाप स्वीकार करेगी या देश को उबारने का प्रयास करेगी, वास्तव में हर लोकतांत्रिक समाज का प्रश्न है। मुझे विश्वास है कि लोकतंत्र की असली ताकत जागरूक नागरिकों में निहित है और मध्यावधि चुनाव की घड़ी इस बात की एक बड़ी कसौटी साबित होगी।

साक्षी पाठक, आइआइएमसी,जम्मू

मेलबाक्स

रात में मोबाइल चार्जिंग पर पाबंदी क्यों

ट्रेन में रात 11 बजे से सुबह पांच बजे तक मोबाइल और अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरणों की चार्जिंग पर रोक लगाने का निर्णय यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बन सकता है। दक्षिण पूर्व रेलवे में एक यात्री का पावर बैंक चार्जिंग के दौरान फूटे के साथ फटने की घटना के बाद रेलवे बोर्ड ने इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से ऐसी घटनाओं की गंभीरता से लेना आवश्यक है, लेकिन सवाल यह है कि क्या एक दुर्घटना के बाद सभी यात्रियों की सुविधा पर छह घंटे की पाबंदी लगाना उचित समाधान है? आज मोबाइल फोन केवल बातचीत का साधन नहीं रह गया है। यह टिकट दिखाने, आनलाइन भुगतान करने, यात्रा संबंधी सूचनाएं प्राप्त करने, परिवार से संपर्क बनाए रखने और आपात स्थिति में सहायता मांगने का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। महिलाओं, बुजुर्गों, अकेले यात्रा करने वालों और बच्चों के साथ सफर कर रहे यात्रियों के लिए इसकी उपयोगिता और भी अधिक है। लंबी दूरी की ट्रेनों में यात्रा करने वाले प्रत्येक यात्री के पास ऐसी बैटरी वाला मोबाइल नहीं होता, जो लगातार 12 से 15 घंटे तक चल सके। कई बार यात्री स्टेशन पर पहुंचने, गाड़ी की स्थिति जानने या गंतव्य पर किसी को अपनी जानकारी देने के लिए भी मोबाइल पर निर्भर रहते हैं। ऐसे में रातभर चार्जिंग की सुविधा बंद रहने से उन्हें वास्तविक परेशानी हो सकती है। निःसंदेह चार्जिंग के दौरान पावर बैंक का फटना गंभीर चेतावनी है। खराब बैटरी, घटिया गुणवत्ता वाले उपकरण, क्षतिग्रस्त केबल, नकली चार्जर और अनुचित तरीके से चार्जिंग करने से आग लगने का खतरा पैदा हो सकता है। लिथियम-आयन बैटरियों में खराबी आने पर आग लगने की आशंका रहती है। रेलगाड़ी के बंद डिब्बे में ऐसी घटना यात्रियों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। इसलिए रेलवे का सतर्क होना जरूरी है, लेकिन सुरक्षा के उपाय खतरे के अनुरूप होने चाहिए, न कि सुविधा को ही समाप्त कर देने वाले। दुर्घटनाओं की आशंका के कारण किसी व्यवस्था को पूरी तरह बंद कर देना क्या उचित नीति है? रेल दुर्घटनाएं होती हैं तो क्या रेलगाड़ियां चलाना बंद कर दिया जाता है?

सुभाष बुड़वान वाला, रतलाम, मप्र

इस स्तंभ में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

अपने पत्र इस पते पर भेजें:

दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,

डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा

ई-मेल: response@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन, प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतीन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, अई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*

दूरभाष: नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : (0120)-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com. R.N.I. No. DELHIN/2017/71721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

आजकल

तकनीकी शिक्षा में विविधता आवश्यक

एआइसीटीई ने अभियांत्रिकी शिक्षा में विविधता लाने की पहल की है। इसका महत्व केवल नई शाखाओं की संख्या बढ़ाने में नहीं, अपितु ऐसी शिक्षा-व्यवस्था विकसित करने में है, जो बदलती तकनीकी आवश्यकताओं के अनुरूप कुशल मानव संसाधन तैयार करे, अनुसंधान को प्रोत्साहित करे और रोजगार के नए अवसर उत्पन्न करे। गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, व्यावहारिक प्रशिक्षण, उद्योगों के साथ सहयोग और स्वदेशी नवाचार को महत्व देकर इस पहल को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है



आज़ादी शिक्षा-व्यवस्था को भविष्य की तकनीकी चुनौतियों और संभावनाओं के लिए तैयार कर रहा है भारत। प्रतीकात्मक


पीयूष कुमार दुबे
सहायक आचार्य, कालेज आफ वोकेशनल स्टडीज, दिल्ली विवि

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआइसीटीई) द्वारा गत दिनों अभियांत्रिकी की नई शाखाओं और पाठ्यक्रमों को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए नए पाठ्यक्रमों और शाखाओं के नामकरण संबंधी प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं, ताकि उपयुक्त प्रस्तावों पर विचार करके उन्हें शैक्षणिक सत्र 2027-28 की अनुमोदन प्रक्रिया में शामिल किया जा सके। इसमें साइबर सुरक्षा, विद्युत वाहन प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा, स्मार्ट अवसंरचना और पर्यावरणीय अभियांत्रिकी जैसे क्षेत्रों पर बढ़ता ध्यान इस बात का संकेत है कि भारत अपनी शिक्षा-व्यवस्था को भविष्य की तकनीकी चुनौतियों और संभावनाओं के लिए तैयार कर रहा है। इस पहल को केवल नए पाठ्यक्रमों के विस्तार तक सीमित करके नहीं देखा जा सकता। इसके व्यापक निहितार्थ शिक्षा के नवोन्मेषीकरण, रोजगार सृजन, औद्योगिक विकास और भारत की वैश्विक तकनीकी शक्ति के रूप में स्थापित करने से जुड़े हैं।

अभियांत्रिकी की पारंपरिक शाखाओं ने देश के औद्योगिक विकास, आधारभूत संरचना के निर्माण और आर्थिक प्रगति में उल्लेखनीय योगदान दिया है। सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और कंप्यूटर विज्ञान जैसी शाखाओं का महत्व आज भी बना हुआ है। किंतु आज तकनीकी समस्याओं का स्वरूप अधिक जटिल और बहुआयामी हो गया है। आज किसी नगर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए सड़क निर्माण के साथ डिजिटल निगरानी, आंकड़ा विश्लेषण और स्वचालन की भी आवश्यकता होती है। बिजली वाहनों के विकास में यांत्रिक संरचना, बैटरी प्रौद्योगिकी, विद्युत प्रणालियों और संगणकीय नियंत्रण का समन्वय आवश्यक है। इसलिए आधुनिक अभियांत्रिकी शिक्षा की दिशा पारंपरिक ज्ञान को नई तकनीकों से जोड़ने और विद्यार्थियों के लिए विशेषज्ञता के नए अवसर विकसित करने की होनी चाहिए।

शिक्षा का बदलता स्वरूप : शिक्षा के इस बदलते स्वरूप की प्रासंगिकता भारत में उभरती तकनीकों से जुड़े पाठ्यक्रमों के विस्तार में भी दिखाई देती है। शिक्षा मंत्रालय के अनुसार, शैक्षणिक वर्ष 2025-26 में 2,100 से अधिक एआइसीटीई-अनुमोदित संस्थानों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और अन्य उभरती प्रौद्योगिकियों से संबंधित पाठ्यक्रम उपलब्ध थे। इनकी स्वीकृत प्रवेश क्षमता 2.80 लाख से अधिक थी। यह विस्तार बताता है कि भारतीय तकनीकी शिक्षा में नई विशेषज्ञताओं के लिए संस्थागत स्तर पर अवसर विकसित हो रहे हैं। अब आवश्यकता इस विस्तार को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, व्यावहारिक प्रशिक्षण और अनुसंधान से जोड़ने की है, ताकि विद्यार्थी केवल आधुनिक विषयों का सैद्धांतिक ज्ञान प्राप्त न करें, अपितु उनका उपयोग वास्तविक समस्याओं के समाधान में भी कर सकें।

इस संदर्भ में विद्युत वाहन प्रौद्योगिकी और नवीकरणीय ऊर्जा के उदाहरण विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। वर्ष 2025 में भारत में लगभग 23 लाख विद्युत वाहनों का पंजीकरण हुआ। यह संख्या परिवहन क्षेत्र में हो रहे परिवर्तन और उससे जुड़ी तकनीकी संभावनाओं को रेखांकित करती है। विद्युत वाहनों का विकास बैटरी निर्माण, ऊर्जा भंडारण, चार्जिंग अवसंरचना, विद्युत मोटरों और वाहन नियंत्रण प्रणालियों जैसे अनेक क्षेत्रों में विशेषज्ञता की मांग करता है। इसी प्रकार, जुलाई 2026 के अंत तक भारत की गैर-जीवाश्म स्रोतों पर आधारित विद्युत उत्पादन क्षमता 300 गीगावाट से अधिक हो चुकी थी। स्वच्छ ऊर्जा की इस बढ़ती क्षमता को अधिक प्रभावी बनाने के लिए ऊर्जा उत्पादन, वितरण, भंडारण और दक्षता से संबंधित तकनीकी ज्ञान की आवश्यकता होगी। ऐसे में नवीकरणीय ऊर्जा और विद्युत वाहन प्रौद्योगिकी जैसे पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को उभरते औद्योगिक क्षेत्रों से जोड़ने का माध्यम बन सकते हैं।

साइबर सुरक्षा भी आधुनिक भारत की आवश्यकताओं से सीधे जुड़ा क्षेत्र है। सरकारी सेवाओं, बैंकिंग, व्यापार, स्वास्थ्य और उद्योग में डिजिटल प्रणालियों का विस्तार हुआ है। इनके सुरक्षित संचालन के लिए नेटवर्क सुरक्षा, आंकड़ों की रक्षा, डिजिटल फारेंसिक और साइबर अपराधों की पहचान में दक्ष विशेषज्ञों की आवश्यकता है। इसी प्रकार स्मार्ट अवसंरचना के क्षेत्र में सिविल अभियांत्रिकी, इंटरनेट आफ थिंग्स, सेंसर तकनीक और आंकड़ा विश्लेषण का समन्वय शहरी सेवाओं को अधिक प्रभावी बना सकता है। पर्यावरणीय अभियांत्रिकी जल शोधन, अपशिष्ट प्रबंधन और प्रदूषण नियंत्रण जैसे क्षेत्रों में तकनीकी समाधान विकसित करने में सहायक हो सकती है। नई शाखाएं केवल रोजगार के विकल्प नहीं बढ़ातीं, अपितु देश की आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय आवश्यकताओं के समाधान के लिए प्रशिक्षित मानव संसाधन भी तैयार करती हैं।

तकनीकी शिक्षा का यह नवोन्मेषीकरण भारत की वैश्विक तकनीकी शक्ति बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण है। किसी राष्ट्र की सामर्थ्य का निर्धारण केवल इस आधार पर नहीं होता कि वह आधुनिक तकनीकों का कितना उपयोग करता है, यह भी आवश्यक है कि वह उनके विकास, उत्पादन और निर्यात में कितना योगदान देता है। भारत के पास विशाल युवा जनसंख्या, विस्तृत शैक्षणिक आधार और बढ़ती औद्योगिक क्षमता है। इन संभावनाओं को वास्तविक शक्ति में बदलने के लिए ऐसे अभियंताओं की आवश्यकता है, जो वैश्विक तकनीकी ज्ञान से परिचित होने के साथ भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप समाधान विकसित कर सकें। स्वदेशी बैटरी तकनीक, सौर ऊर्जा उपकरण, सुरक्षित डिजिटल प्रणालियों और स्मार्ट कृषि उपकरण इसके व्यावहारिक उदाहरण हो सकते हैं। ऐसे नवाचार न केवल देश की तकनीकी निर्भरता कम करने में महत्वपूर्ण हैं, नए उद्योगों और रोजगार के अवसरों का भी सृजन कर सकते हैं।

इस लक्ष्य की प्राप्ति में शिक्षा और उद्योग के बीच सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। तकनीकी संस्थानों में परियोजना-आधारित अध्ययन, प्रयोगशाला प्रशिक्षण, इंटर्नशिप और उद्योगों के साथ संयुक्त अनुसंधान को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। विद्यार्थियों को वास्तविक औद्योगिक समस्याओं पर काम करने के अवसर मिलने से उनके ज्ञान और व्यावहारिक दक्षता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा। साथ ही, पाठ्यक्रमों की नियमित समीक्षा करके उन्हें तकनीकी विकास के अनुरूप अद्यतन करना उपयोगी होगा। नई शाखाओं के विकास के साथ योग्य शिक्षकों, आधुनिक प्रयोगशालाओं और अनुसंधान सुविधाओं में निवेश भी आवश्यक है। इस प्रकार संस्थागत तैयारी और शैक्षणिक गुणवत्ता को नई तकनीकी विशेषज्ञताओं के विस्तार का आधार बनाया जा सकता है।

रोजगार की संभावना : आधुनिक तकनीकी क्षेत्रों में प्रशिक्षित युवा विनिर्माण, ऊर्जा, परिवहन, डिजिटल सेवाओं और पर्यावरण प्रबंधन जैसे उद्योगों में योगदान दे सकते हैं। तकनीकी शिक्षा को उद्यमिता से जोड़ना भी महत्वपूर्ण है। यदि विद्यार्थियों को अपने नवाचारों को उत्पादों और सेवाओं में बदलने का प्रशिक्षण मिले तो वे केवल रोजगार के अवसर खोजने वाले नहीं, रोजगार सृजित करने वाले भी बन सकते हैं। इसके लिए विश्वविद्यालयों में नवाचार केंद्र, उद्यमिता सहायता, उद्योग-विशेषज्ञों का मार्गदर्शन और प्रारंभिक वित्तपोषण की सुविधाएं विकसित करना महत्वपूर्ण होगा।

क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप पाठ्यक्रमों का विकास भी उपयोगी होगा। कृषि-प्रधान क्षेत्रों में कृषि प्रौद्योगिकी, जल प्रबंधन और ऊर्जा संबंधी नवाचार, औद्योगिक क्षेत्रों में स्वचालन और विनिर्माण तथा पर्यावरणीय दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में सतत अवसंरचना और प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन से संबंधित अध्ययन स्थानीय विकास की गति दे सकते हैं। इस प्रकार तकनीकी शिक्षा राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के साथ स्थानीय आवश्यकताओं की पूर्ति में भी योगदान दे सकती है।

भारतीय भाषाओं में शिक्षा को मिले प्राथमिकता

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में मातृभाषा और भारतीय भाषाओं में शिक्षा को प्रोत्साहित करके ज्ञान तक पहुंच को अधिक सहज और समावेशी बनाने पर विशेष बल दिया गया है। इसके अंतर्गत अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआइसीटीई) ने वर्ष 2021-22 से भारतीय भाषाओं में तकनीकी शिक्षा तथा अभियांत्रिकी पाठ्यक्रमों की अध्ययन-सामग्री उपलब्ध कराने का प्रयास आरंभ किया। हिंदी, मराठी, तमिल, तेलुगु, बांग्ला, गुजराती, कन्नड़, पंजाबी, उड़िया, असमिया, उर्दू और मलयालम सहित 12 भारतीय भाषाओं में तकनीकी पुस्तकों के लेखन एवं अनुवाद की पहल की गई। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा और उत्तराखंड सहित अनेक राज्यों में हिंदी तथा अन्य राज्यों में संबंधित क्षेत्रीय भाषाओं के माध्यम से अभियांत्रिकी की पढ़ाई के अवसर भी विकसित किए गए हैं। मातृभाषा में सीखने से विद्यार्थियों को जटिल अवधारणाएं सहजता से समझने, प्रश्न पूछने और विषय का गहन ज्ञान प्राप्त करने में सहायता मिलती है। परिचित भाषा में अध्ययन उनकी सीखने की गति को बढ़ाने और ज्ञान के व्यावहारिक उपयोग की क्षमता विकसित करने में सहायक हो सकता है। इसका उद्देश्य भाषा को प्रतिभा के विकास में बाधा बनने से रोकना है। विद्यार्थी अपनी भाषा में विषय की मजबूत समझ विकसित करते हुए वैश्विक ज्ञान-संसाधनों से भी जुड़ सकते हैं। इस प्रकार भारतीय भाषाओं में तकनीकी शिक्षा का विस्तार शैक्षणिक अवसरों की समानता बढ़ाने, प्रतिभा का व्यापक उपयोग करने और भारत की तकनीकी आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ करने में निश्चित रूप से सहायक सिद्ध होगा।

खरी-खरी

तख्तापलट का विधान

डा. प्रदीप मिश्र

समर्थकों की सेना लिए मेरा शिष्य उस दिन मेरे घर में घुस आया। ज्ञात हो कि मेरा वह दैदीप्यमान शिष्य सत्ता की देहरी पर निरंतर दस्तक दे रहा है। उसने मेरे चरण स्पर्श किए। फिर समर्थक भी चरण छूने के लिए तत्पर हो गए। चरणों का क्षेत्राधिकार, क्योंकि घुटनों तक विस्तारित हो गया है, इसलिए घुटने कुड़कुड़ा रहे थे, 'चरण अपना काम हम घुटनों को सौंपकर मौज ले रहे हैं और हम बेवजह हलाकान हैं।'

शिष्य जमीन पर मेरे चरणों पर बैठा था। भ्रष्टाचार से सने उसके हाथ मेरे चरण दबा रहे थे। उसने जिज्ञासा व्यक्त की, 'गुरुजी तख्तापलटने के विधान क्या हैं?' सीधे सवाल का मैंने सीधा जवाब दिया, 'पुत्र, तख्तापलटने का विधान अत्यंत श्रमसाध्य और जटिल है।' वह बोला, 'श्रम मैं साध लूंगा। जटिलता आप संभालिएगा।' 'ठेखो, तख्तापलटने का कार्य सदैव दूसरों के कंधे पर चढ़कर संपादित किया जाता है। महत्वाकांक्षी लोगों के कंधों पर कभी मत सवार होना। मौका लगते ही ये कंधा-सवार को पटक देते हैं। जरूरी है कि चढ़ने के लिए मूर्ख लोगों के कंधों का इंतेमाल किया जाए।' शिष्य ने नोट बुक में लिखा, 'तख्तापलट के लिए गधों के कंधों का इस्तेमाल करना है।'

मैंने आगे कहा, 'बिटवा, तख्तापलटने के लिए लोग तुम्हें आमरण अनशन के लिए उकसाएंगे। जबकि तख्तापलट के विधान में उपवास सर्वथा वर्जित है। अनशन करने वाले को तख्तापलट के बाद कभी सत्ता नहीं मिलती। खाए-पिए लोग उस पर कब्जा जमा लेते हैं।' शिष्य ने नोट किया, 'तख्तापलटने के लिए भूखा नहीं रहना चाहिए।' मैंने अगला विधान बताया, 'तख्तापलट में लोगों के सिर नहीं, हाथ गिने जाते हैं। इससे आंदोलनकर्ताओं की तादाद दोगुनी हो जाती है।' शिष्य ने नोट किया, 'कार्यकर्ताओं के सिर नहीं हाथ गिनने हैं।' मैंने कहा, 'आंदोलन में बोली-करी कुछ भी, लेकिन निरंतर देखो कि तुम कैमरे के फोकस में हो या नहीं।' शिष्य ने लिखा, 'कैमरे के फोकस में रहना अनिवार्य।'

फिर शिष्य उठा और मुझे प्रणाम कर सड़क पर उतर गया। तख्तापलट के लिए ज्यादा ज्ञान-विधान जानने की जरूरत कहां होती है?

एक्स पोस्ट

भारतीय जनता पार्टी में बहुत सी बातें गलत है- बहुत सारी, लेकिन कांग्रेस में एक भी बात सही नहीं है- एक भी नहीं।
अमांद रंगनाथन@ARanganathan72



विधान परिषद की 28 सीटों के लिए बैलट पेपर से चुनाव हुए और कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत सकी। यहां तक कि कर्नाटक में भी, जहां कांग्रेस की सरकार है वहां भी कांग्रेस का डब्बा गोल हो गया।
अशोक श्रीवास्तव@AshokShrivasta6


राजस्थान की एक ग्राम पंचायत में सरपंच पद के चुनाव में लाखों फालोअर्स वाले डंटरनेट मीडिया इन्फ्लुएंसर ओम प्रकाश बिश्नोई को कुल 1,600 में से मात्र 33 वोट मिले। यह दर्शाता है कि रियल यानी वास्तविक दुनिया रील के आभासी संसार से कितनी अलग है।
कुशल मेहरा@kushal_mehra

पंचायत चुनाव में डटरनेट मीडिया इन्फ्लुएंसर की हार ऐसे तमाम लोगों को उमीद पर लाने के लिए काफी है। घर में स्ट्रडियो बनाकर एजेंडा चलाना आसान है, मगर लोगों के बीच जाकर उनका विश्वास जीतना मुश्किल।
अखिलेश शर्मा@akhileshsharma1

जागरण जनमत

कल का परिणाम

क्या अभिषेक शर्मा और वैभव सूर्यवंशी की जोड़ी टी-20 क्रिकेट की सबसे मजबूत ओपनिंग जोड़ी बन सकती है?



सभी आंकड़े प्रतिशत में

आज का सवाल

क्या विधान परिषद चुनावों में कांग्रेस का खाता न खुलना यह दर्शाता है कि उसका कोई नैरेटिव कारगर साबित नहीं हो पा रहा है?

परिणाम जागरण डंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

जनपथ

बैलट पेपर से हुए कर्नाटक में फेल,
राजा बाबू अब कोई नया रचाओ खेल।
नया रचाओ खेल गद्दी कुछ बढ़िया नारे,
सोचो क्यों हर ओर फिर रहे हारे-हारे?
जब जनता से आए न ले पाओगे वोटर,
तब कैसे कल्याण करेगा बैलट पेपर!
-ओम प्रकाश तिवारी

मध्य प्रदेश डायरी

सुशासन पर सवाल


धनंजय प्रताप सिंह
डिप्टी पालिटिकल एडिटर (स्टेट), मध्य प्रदेश



जहरीली शराब से होने वाली मौतें पर कब लगेगी रोक? प्रतीकात्मक

एक निकाय कचरा वाहन दो लाख रुपये में खरीदता है, जबकि दूसरा इसमें चार डस्टबिन लगाकर छह लाख रुपये में खरीदता है। एलईडी लाइट भी कहीं 306 रुपये तो कहीं 11,800 रुपये में खरीदी गई। इसी तरह, तमाम सामग्री की खरीद में कीमतों के बीच जमीन-आसमान से भी अधिक अंतर सामने आया है। यह सब एआइ की मदद से पकड़ा गया। चिंताजनक यह भी है कि संजय दुबे के ही मुताबिक, सख्त कार्रवाई करने के लिए उनके पास समय नहीं है। हालांकि मामला बढ़ जाने पर उन्होंने कार्रवाई के संबंध में कई आंकड़े प्रस्तुत किए, जो गड़बड़ी के आंकड़ों के अनुपात में बौने प्रतीत होते हैं। इधर, मुरैना और सागर के बाद अब देवास जिले में भी जहरीली शराब से मौतें हुई हैं। सरकार ने यहां से भी कलेक्टर और एसपी को हटा दिया है, लेकिन एसीएस से लेकर कलेक्टर और एसपी तक की कार्यप्रणाली संकेत देती है कि अधिकारियों में जिम्मेदारी और कर्तव्य के प्रति दृढ़ इच्छाशक्ति की कमी है। यदि वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर कलेक्टर और एसपी तक स्वच्छ छवि और जनता के प्रति जवाबदेही के साथ काम करने वाले हों तो न ऐसी आर्थिक गड़बड़ियां हो सकेंगी और न ही जहरीली शराब से मौतें होंगी।


बीते कुछ वर्षों में जिस तरह सुशासन के प्रति सुस्ती और जनता के प्रति जवाबदेही में लापरवाही के मामलों में बढ़ोतरी हुई है, उसे देखते हुए मान जा सकता है कि कुछ अधिकारियों की रुचि और प्राथमिकताओं में जनसेवा के बजाय दूसरी इच्छाएं और आकांक्षाएं अधिक मजबूत हुई हैं। घोटाले, भ्रष्टाचार और गड़बड़ी के मामलों में सरकार भी सख्त रवैया अपनाने से बचती रही है। मामलों की जांच के बहाने लंबे समय तक टालना या अदालत के फैसले का लंबा इंतजार करना भी अधिकारियों के लिए किसी राहत से कम नहीं है। मध्य प्रदेश ने बीते दशकों में वह दौर भी देखा है, जब मुख्य सचिव हर अधिकारी पर सख्त नजर रखते थे और कलेक्टरों से रिपोर्ट लेने के साथ-साथ कमिश्नरों की जवाबदेही भी सख्ती से सुनिश्चित की जाती थी। वर्तमान दौर में मूल दायित्व से भटकाव प्रशासनिक गलियारों का चलन बन गया है। पुलिस की स्थिति भी इससे जुदा नहीं है। कुछ पटवारी भी अपने घर में ही बैठकर दफ्तर चलाते हैं। मैदानी स्तर पर सरकारी अमले की सक्रियता लगातार कमजोर होती जा रही है। यह बेहद चिंताजनक है कि शराब का अवैध धंधा हो या जुआ-सट्टे के अड्डे जैसे आपराधिक और गैरकानूनी कृत्य, सब कुछ बेलगाम तरीके से चल रहा है।

सरकार को इस चिंताजनक स्थिति से निपटने के लिए अधिकारियों के विरुद्ध पर्याप्त कार्रवाई करनी होगी और प्रशासनिक व्यवस्था में कसावट लानी होगी। कलेक्टर और एसपी की जिम्मेदारी हर हाल में तय करना जरूरी है। बड़े मामलों में यदि उनका तबादला किया जा रहा है तो यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि भविष्य में इन अधिकारियों को मैदानी पोस्टिंग न दी जाए। हाल में राजस्थान के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी शिखर अग्रवाल और उनकी आइपीएस पत्नी प्रशाखा माथुर पर एक ही कंपनी से 40 बिल्ला और कोटेज खरीदने के आरोप लगे हैं। यह मामला राजनीतिक रंग ले चुका है, लेकिन अधिकारियों की कार्यप्रणाली, उनकी रुचि और प्राथमिकताएं सवालों के घेरे में आ गई हैं। मध्य प्रदेश के प्रशासनिक गलियारों में भी ऐसी चर्चाएं दबी जुबान में चलती रहती हैं। बैसे तो प्रशासनिक अधिकारियों की संपत्ति सार्वजनिक करने का नियम है, लेकिन इसका कितना पालन होता है और इस व्यवस्था से अधिकारियों की मंशा पर कितना फर्क पड़ा है, यह राजस्थान के मामले से समझा जा सकता है। यह सभी जानते हैं कि बचाव के तौर पर कोई भी बेनामी संपत्ति खरीदकर मौज कर सकता है।

वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ पुलिस अधिकारियों पर भी नजर रखनी होगी। ऐसी व्यवस्था भी विकसित करनी होगी, जो अधिकारियों की कर्तव्य के प्रति लापरवाही के साथ-साथ उनकी प्राथमिकताओं और रुचियों में बदलाव की स्थिति में उनकी संपत्ति पर नजर रखने और अनियमितताओं पर अंकुश लगाने के लिए ठोस पहल कर सके।

हिमाचल प्रदेश डायरी

समस्या बन गई यूट्यूबरों की पत्रकारिता


नवनीत शर्मा
राज्य संपादक, हिमाचल प्रदेश

कथित सोशल मीडिया को केवल इंटरनेट मीडिया ही क्यों कहा जाना चाहिए? सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत का यह वाक्य कितना प्रासंगिक है कि हर नागरिक के पत्रकार बनने से समस्या है। इसमें एक पंक्ति यह भी जुड़नी चाहिए कि इंटरनेट मीडिया पर बैठा हर व्यक्ति केवल पत्रकार ही नहीं, न्यायाधीश भी बन बैठा है। इस कोढ़ पर खाज डीपफेक और एआइ हैं, जिनसे कोई भी किसी सैन्य अधिकारी के मुंह में कोई भी शब्द डाल सकता है। इसके बाद कथित सुशिक्षित लोग भी इसे शेयर कर रहे हैं कि चीन के विरुद्ध अरुणाचल प्रदेश में कारवाई करने से रोका जा रहा है। तर्क, तथ्य, शालीनता और सौम्य विमर्श-सबके सब मानसिक प्रदूषण के शिकार बन रहे हैं।

उसका प्रभाव कितना घातक होता है, इसे समझने के लिए केवल दो प्रकरण। एक हाल का, जिसमें कसौली के होटल में बावर्ची का काम करने वाले एक 31 वर्षीय युवा ने इस बात से आहत होकर आत्महत्या कर ली कि उसका सैन्य वर्दी पहने हुए फोटो उसे थाने तक ले गया और इंटरनेट मीडिया के जजों ने उसका ट्रायल कर दिया। दूसरा प्रकरण राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के एक प्राध्यापक का, जिन्हें एक छात्रा की मृत्यु से जुड़े मामले में जांच से पहले ही इंटरनेट मीडिया के पत्रकारों और जजों ने दोषी करार दे दिया था। यह तथ्य किसी रोजनामचे में दर्ज नहीं है कि उक्त प्राध्यापक के घर में तीन दिन तक खाना नहीं बना था। यह अलग बात है कि कालांतर में निकला कुछ नहीं।

बहरहाल बात कसौली की। 31 वर्षीय अर्पण कटोच कसौली के किसी बड़े होटल में खाना बनाने का काम करता था। सैन्य वर्दी पहने हुए उसकी कोई फोटो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुई। कुछ लोगों ने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने उसका पता लगाया और उससे पूछताछ की। पता चला कि देशद्रोह या अन्य किसी आपराधिक घटना में उसकी संलिप्तता नहीं है। जब स्थापित हो गया कि वह निर्दोष है तो उसे जाने के लिए कहा गया। उसे वापस भेजे जाने से पूर्व जांच अधिकारी ने पाया कि उसे मनोवैज्ञानिक परामर्श देना चाहिए। जांच अधिकारी ने उसे समझाया कि कुछ नहीं है, कई बार गलतफहमी हो जाती है, तुम आराम से नौकरी करो, घर जाना चाहते हो तो घर जाओ, लेकिन वह इंटरनेट मीडिया पर हुई बदनामी को सह नहीं पाया और उसने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। जो सामने दिख रहा है, वह यही है। युवा मूलतः कांगड़ा जिले का था इसलिए जो अभी तक सामने आ रहा है, उससे यह प्रतीत होता है कि उसे सैनिकों की तरह दिखना, सैन्य वर्दी पहनना, सैनिकों की तरह चलना अच्छा लगता था। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि यही उसकी मौत का कारण भी बना, क्योंकि जिनका इस विषय से कोई लेना-देना नहीं था, वे लोग भी पत्रकार और न्यायाधीश की भूमिका में थे।

इस सब में वे आंकड़े खोजने की आवश्यकता नहीं है कि कितने लोग स्मार्ट फोन प्रयोग करते हैं, कितने प्रतिशत को इंटरनेट उपलब्ध है, कितने प्रतिशत कौन से मंच से जुड़े हैं आदि। ये आंकड़े इतने प्रत्यक्ष हैं कि 'दुनिया मुट्ठी में' करने का मुहावरा सत्य का सान्निध्य पा रहा है। सत्य यह भी है कि अफवाह इतने रूपों में आती है कि सत्य उसकी भीड़ में अलग-थलग पड़ जाता है। और जब सामने आता है तो हानि बहुत हो चुकी होती है। इंटरनेट मीडिया के उपयोग की लक्ष्मण रेखा को न लांघने का परामर्श अब 'उपदेशात्मकता' के दायरे में आता है। यह कहना भी 'प्रवचन' की श्रेणी में आने लगा है कि मोबाइल या इंटरनेट पर अधिक समय गुजारने से शारीरिक गतिविधि कम होती है, वास्तविक जीवन में संवाद घुट जाता है आदि। सुप्रीम कोर्ट ने तो हालिया आदेशों में कह ही दिया है कि इंटरनेट भी किशोरों के लिए मौलिक अधिकार जैसा है। बात मौलिक अधिकार तक आ गई है न।



तर्क, तथ्य, शालीनता और सौम्य विमर्श- सबके सब मानसिक प्रदूषण के शिकार बन रहे हैं। फाइल

इंटरनेट मीडिया के कतिपय अच्छे उदाहरण भी होंगे, वहां अच्छे लोग भी होंगे, लेकिन ऐसे उदाहरणों की बारंबारता बढ़ रही है जिनमें अफवाह की सूखी घास के लिए इंटरनेट मीडिया, उसके कथित पत्रकार और कथित न्यायाधीश माचिस की तीली जैसी भूमिका निभा रहे हैं। जिस नैतिक शिक्षा को बचपन से पढ़ाने की बात स्कूलों में हो रही है, उसे इंटरनेट मीडिया के संदर्भ में भी पढ़ाना चाहिए। जापान जैसे देश में आरंभिक कई वर्षों में यही पढ़ाया जाता है कि जीवन के मूल्य क्या हैं, हमारा व्यवहार क्या हो। लोग एक क्लिक पर लुट रहे हैं, लूट रहे हैं, बर्बाद हो रहे हैं, नैतिकता को खो रहे हैं, भ्रमभंडल में जी रहे हैं लेकिन रोक के कदम नगण्य हैं। मोबाइल फोन पर हर विषय पर राय देने का गर्व अवश्य झलकता है, लेकिन जिम्मेदारी गायब है। विषय को समझे बिना तत्काल न्यायाधीश बन जाने की प्रवृत्ति समाज की सबसे छोटी इकाई मनुष्य से लेकर पूरे देश के लिए खतरनाक है। मौलिक अधिकार तो पहाड़ की तरह चमक रहे हैं, किंतु मौलिक कर्तव्य अंधेरी खाई में कराह रहे हैं। और जब-जब मौलिक कर्तव्य कराहते हैं, परिवेश हंस सके, यह असंभव होता है।

पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस का शुद्ध लाभ 617 करोड़ पर

नई दिल्ली: पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में छह प्रतिशत बढ़कर 617 करोड़ रुपये हो गया। आवास वित्त कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में वैसी ही 582 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। इस दौरान कंपनी की कुल आय बढ़कर 2,424 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 2,131 करोड़ रुपये थी। (भा.)

गूगल एआइ को "आर्थिक समानता लाने वाले साधन" के रूप में देखती है। तकनीक तब बेहतर होती है जब वह समावेशी और लोकतांत्रिक हो, जिससे छोटी से छोटी टीम को भी वैसी ही बुद्धिमत्ता मिल सके, जैसी बड़ी वैश्विक कंपनी को मिलती है।
– प्रीति लोभाना, वीपी, गूगल इंडिया



सेंसेक्स	73,246.03 ▼ 352.64	निफ्टी	22,698.85 ▼ 50.90	सोना प्रति दस ग्राम	₹1,46,500 ▲ ₹700	चांदी प्रति किलो ग्राम	₹1,98,000 बदलाव नहीं	डालर	₹95.28 ▲ ₹0.21	क्रूड प्रति बैरल	$114.5

एक नजर में

अदाणी एंटरप्राइजेज का शुद्ध लाभ 55 प्रतिशत घटा

नई दिल्ली: अदाणी समूह की कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने बुधवार को बताया कि जुलाई-सितंबर 2026 तिमाही में उसका शुद्ध लाभ वार्षिक आधार पर 55 प्रतिशत घटकर 1,492 करोड़ रुपये रहा है। जुलाई-सितंबर 2025 में कंपनी को 3,304 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था। उस समय कंपनी को एडल्यूल एप्पी बिजनेस में हिस्सेदारी बेचने से 3,583 करोड़ रुपये का अप्रत्याशित लाभ हुआ था। बीती तिमाही में संचालन राजस्व 74 प्रतिशत बढ़कर 38,023 करोड़ रुपये रहा है। (भा.)

वेदांता लिमिटेड का शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक बढ़ा

नई दिल्ली: खनन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी वेदांता लिमिटेड ने बुधवार को बताया कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर 2026) में उसका समेकित शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक बढ़कर 3,650 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी के अनुसार, जिंसों की ऊंची कीमतों, विदेशी मुद्रा विनिमय दरों में अनुकूलता और अधिक बिक्री मात्रा से लाभ को बढ़ावा मिला। पिछले वर्ष समान अवधि में कंपनी को 1,796 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था। तिमाही के दौरान कंपनी का संचालन राजस्व बढ़कर 26,356 करोड़ रुपये रहा है। (भा.)

भारत-मेक्सिको ने व्यापार समझौते पर वार्ता शुरू की

नई दिल्ली: वाणिज्य मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि भारत और मेक्सिको ने द्विपक्षीय व्यापार व निवेश प्रवाह बढ़ाने के उद्देश्य से बुधवार को तरजीही व्यापार समझौते (पीटीए) के लिए वार्ता शुरू की। इससे पहले दोनों देशों ने वार्ता की औपचारिक शुरुआत के लिए संदर्भ शर्तों पर हस्ताक्षर किए थे, जिनमें समझौते की व्यापक रूपरेखा तय की गई है। वार्ता में वस्तुओं के लिए बाजार पहुंच, मूल स्थान के नियम, सीमा शुल्क प्रक्रिया और व्यापार सुविधा, विवाद निपटान, स्वच्छता एवं पादप स्वच्छता उपाय, व्यापार में तकनीकी बाधाएं तथा व्यापार उपचार शामिल हैं। (भा.)

सूचीबद्ध होते ही देश की दूसरी सबसे मूल्यवान कंपनी बनी जियो

इश्यू प्राइस 1,119 की तुलना में 27% बढ़कर 1,417 रुपये पर बंद हुआ शेयर, 13.05 लाख करोड़ हुआ मूल्यांकन

- भारती एयरटेल को पीछे छोड़ देश की सबसे मूल्यवान दूरसंचार कंपनी भी बनी जियो प्लेटफार्म्स
- आइपीओ के दौरान एक करोड़ से ज्यादा आवेदन पाकर कंपनी ने बनाया था विश्व रिकार्ड

15.67 लाख करोड़ रुपये के पूंजीकरण के साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे आगे

28.72 लाख करोड़ रुपये रहा जियो प्लेटफार्म्स और रिलायंस इंडस्ट्रीज का पूंजीकरण

मुंबई, प्रेट: जियो प्लेटफार्म्स लिमिटेड के शेयर बाजार में सूचीबद्ध होते ही देश की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी बन गई। बीएसई पर कंपनी का शेयर इश्यू प्राइस 1,119 की तुलना में 26.66 प्रतिशत बढ़कर 1417.35 रुपये पर बंद हुआ। इंट्रा डे में स्टाक 27.23 प्रतिशत उछलकर 1,423.80 रुपये के उच्च स्तर पर पहुंच गया था। एनएसई पर यह स्टाक 26.67 प्रतिशत चढ़कर 1,417.50 रुपये पर बंद हुआ। इंट्राडे में यह 27.24 प्रतिशत उछलकर 1,423.90 रुपये तक पहुंच गया था। पहले दिन कंपनी का बाजार मूल्यांकन 13 .05 लाख करोड़ रुपये रहा है।

बाजार मूल्यांकन के लिहाज से शीर्ष पांच कंपनियों में जियो प्लेटफार्म्स अब भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक और आइसीआइसीआइ बैंक से आगे है। रिलायंस इंडस्ट्रीज 15.67 लाख करोड़ रुपये के बाजार के पूंजीकरण के साथ देश की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी रही। इस दौरान जियो प्लेटफार्म्स और रिलायंस इंडस्ट्रीज का कुल बाजार मूल्यांकन 28.72 लाख करोड़ रुपये रहा। इस शानदार शुरुआत के साथ, जियो प्लेटफार्म्स लिमिटेड देश की सबसे मूल्यवान दूरसंचार कंपनी भी बन गई है। इससे भारती एयरटेल को पीछे छोड़ दिया है, जिसका बाजार पूंजीकरण 12.16 लाख करोड़ रुपये था। शेयर बाजार में भारी बिकवाली के बीच पहले ही दिन जियो प्लेटफार्म्स के शेयरों में आई तेजी निवेशकों के लिए एक अच्छी खबर रही। यह उस कंपनी के लिए एक मजबूत शुरुआत है, जिसका पैमाना, कमाई और तकनीकी महत्वाकांक्षाएं अंबानी परिवार के अगले अध्याय का मुख्य हिस्सा बनाती हैं। जियो प्लेटफार्म्स का 30,213 करोड़ रुपये का आइपीओ 22.19 गुना सब्सक्राइब हुआ था। पब्लिक इश्यू और एंकर निवेशकों को मिलाकर कुल मांग 7.4 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गई और आवेदनों की संख्या 1.39 करोड़ तक पहुंच गई, जो एक विश्व रिकार्ड है। यह आइपीओ भारत का अब तक का सबसे बड़ा आइपीओ था।



मुंबई में मंगलवार को जियो प्लेटफार्म्स के शेयरों के सूचीबद्ध होने के मौके पर बच्चों को नेतृत्व संभालते देख भावुक हुए रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ● प्रेट

बच्चों को नेतृत्व संभालते देख भावुक हुए मुकेश अंबानी

मुंबई, प्रेट: जियो प्लेटफार्म्स लिमिटेड के शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने के मौके पर अपने तीनों बच्चों आकाश, ईशा और अनंत को मंच पर देखकर मुकेश अंबानी भावुक हो उठे और उनकी आंखों में आंसू आ गए। वे अपनी पत्नी नीता अंबानी के साथ नेशनल स्टाक एक्सचेंज में मौजूद रहे। इस दौरान आकाश, ईशा तथा अनंत अंबानी ने अपने पिता मुकेश अंबानी के योगदान को याद किया और दादा धीरूभाई अंबानी को श्रद्धांजलि दी।

पूंजीकरण के लिहाज से शीर्ष पांच कंपनियां

रिलायंस इंडस्ट्रीज	15.67
जियो प्लेटफार्म्स	13.05
भारती एयरटेल	12.16
एचडीएफसी बैंक	10.58
आइसीआइसीआइ बैंक	9.86

(नोट: राशि लाख करोड़ रुपये में)



रिलायंस टाटा ग्रुप को पीछे छोड़ बना सबसे बड़ा समूह

रिलायंस बाजार मूल्यांकन के मामले में टाटा ग्रुप को पीछे छोड़ सबसे बड़ा समूह बन गया है। बुधवार को कारोबार बंद होने के समय रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 15.67 लाख करोड़ रुपये, जियो प्लेटफार्म्स का मूल्यांकन 13 लाख करोड़ रुपये और जियो फाइनेंशियल सर्विसेज का मार्केट कैप 1.35 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह समूह का कुल पूंजीकरण 30 लाख करोड़ रहा। दूसरी ओर, टाटा ग्रुप की कंपनियों (जिसमें टीसीएस, टाटा स्टील, टाइटन, टाटा पावर, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स और ट्रेंट शामिल हैं) का कुल बाजार मूल्यांकन 25.28 लाख करोड़ रुपये रहा।

मोबाइल पीएलआइ से केंद्र को 3.25 लाख करोड़ टैक्स मिला

नई दिल्ली, प्रेट: केंद्रीय इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी (आइटी) मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को इंटरनेट मीडिया पर डाटा साझा करते हुए कहा कि मोबाइल उद्योग को उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआइ) योजना के तहत 19,000 करोड़ रुपये देने के बदले सरकार ने 3.25 लाख करोड़ रुपये का टैक्स जुटाया है।

केंद्रीय मंत्री ने एक मीडिया ऑपिनियन वीडियो के जवाब में यह डाटा साझा किया है। वीडियो में भारत की सब्सिडी आधारित इलेक्ट्रानिक्स मैन्युफैक्चरिंग नीति की तुलना चीन की व्यवस्था से की गई थी। उसमें दावा किया गया कि उपकरणों के आयात पर भारत का खर्च, सब्सिडी से बने तैयार मोबाइल फोन के निर्यात से होने वाली कमाई से अधिक है।

केंद्रीय मंत्री ने एक्स पर बताया कि योजना के लाभार्थियों से सरकार को 25 हजार करोड़ रुपये प्रत्यक्ष

केंद्रीय इलेक्ट्रानिक्स मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मोबाइल उद्योग के उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन योजना का खटा साझा किया

कर और तीन लाख करोड़ रुपये जीएसटी के रूप में मिले हैं। साथ ही इस क्षेत्र में 25 लाख लोगों को रोजगार मिला है, जिनमें 12 लाख अकेले मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में काम करते हैं। उन्होंने लिखा, और ज्यादा बर्दाश्त कीजिए।

सरकार की ओर से मार्च 2026 में साझा डाटा के मुताबिक, भारत ने वित्त वर्ष 2024-25 में दो लाख करोड़ रुपये मूल्य के मोबाइल फोन निर्यात किए। इस दौरान मोबाइल फोन का आयात घरेलू मांग का करीब 0.02 प्रतिशत रह गया, जबकि 10 वर्ष पहले यह 75 प्रतिशत था। बीते 10 वर्षों में इलेक्ट्रानिक्स उत्पादन करीब छह गुना बढ़ा है।

औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर सितंबर में घटकर 6.7% रही

नई दिल्ली, प्रेट: मैन्युफैक्चरिंग और खनन क्षेत्र के कमजोर प्रदर्शन के चलते औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर सितंबर में घटकर 6.7 प्रतिशत रह गया। नई सीरीज के तहत अगस्त 2026 में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में आठ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। नई सीरीज एक अप्रैल से लागू हुई थी।

खनन और उत्खनन उत्पादन में सितंबर में 6.2 प्रतिशत (साल-दर-साल) की गिरावट दर्ज की गई। यह गिरावट कुल औद्योगिक उत्पादन वृद्धि को कम करने वाला एक प्रमुख कारक रही है। आइआइपी में सबसे बड़ा हिस्सा रखने वाले मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र की वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत, बिजली और गैस आपूर्ति में 11.2 प्रतिशत, जल आपूर्ति, सीवरेज और अपशिष्ट प्रबंधन क्षेत्र में 5.8 प्रतिशत का विस्तार हुआ। अप्रैल- सितंबर 2026 में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रही है।

टाटा समूह की छह कंपनियों के बोर्ड से हटेंगे नोएल

मुंबई, प्रेट: 12 नवंबर को 70 साल का होने पर टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा को समूह की छह प्रमुख कंपनियों के बोर्ड से हटना पड़ेगा। दरअसल, समूह की सेवानिवृत्ति नीति के अनुसार 70 वर्ष से अधिक उम्र का कोई भी व्यक्ति गैर कार्यकारी निदेशक नहीं हो सकता है, इसलिए उन्हें यह कदम उठाना पड़ेगा। इस बदलाव से टाटा समूह में नेतृत्व के लेकर एक बड़ा परिवर्तन देखने को मिलेगा। नोएल टाटा अभी समूह की कई सूचीबद्ध और गैर सूचीबद्ध कंपनियों में अहम पदों पर हैं।

नोएल टाटा ट्रेंट, वोल्टास, टाटा इन्वेस्टमेंट कारपोरेशन, टाटा इंटरनेशनल और समूह की अन्य कंपनियों में गैर कार्यकारी चेयरमैन हैं, जबकि टाटा स्टील और टाइटन और स्टार डेली रिटेल चेन चलाता है। हालांकि, उनके अन्य पदों और नेतृत्व की भूमिकाओं के लिए उत्तराधिकार की योजना की अभी घोषणा होना बाकी है।

समूह में यह बदलाव उस समय हो रहा है जब गवर्नेंस, बोर्ड में नियुक्तियों और टाटा संस की भविष्य की दिशा को लेकर काफी चर्चा हो रही है।



नोएल टाटा ● फाइल फोटो

- 12 नवंबर को 70 वर्ष की आयु पूरी करने से छोड़ना पड़ेगा पद, टाटा संस के बोर्ड में ट्रस्ट्स के नामित निदेशक बने रहेंगे
- समूह की सेवानिवृत्ति नीति के अनुसार 70 वर्ष से अधिक उम्र का व्यक्ति गैर-कार्यकारी निदेशक नहीं हो सकता

सेवानिवृत्ति नियमों का पालन करना संस्थागत अनुशासन की निशानी : कंपनियों के बोर्ड से नोएल टाटा का रिटायर होना यह दिखाता है कि टाटा समूह अपने गवर्नेंस नियमों का सख्ती से पालन करता है। इन नियमों के अनुसार, गैर कार्यकारी और गैर स्वतंत्र निदेशकों के लिए सेवानिवृत्ति आयु 70 वर्ष है। जबकि कार्यकारी निदेशकों के लिए यह उम्र 65 साल है। कारपोरेट गवर्नेंस के जानकारों का मानना है कि सेवानिवृत्ति के ऐसे नियमों का पालन करना संस्थागत अनुशासन की निशानी है। यह बड़े कारोबारी समूहों के लिए और भी महत्वपूर्ण है, जहां प्रमोटर कंपनियां बोर्ड के गठन और नेतृत्व से जुड़े फैसलों पर अपना प्रभाव रखती हैं। नोएल टाटा के बड़े बोर्ड से हटने के बाद ट्रेंट, वोल्टास, टाटा इंटरनेशनल और टाटा इन्वेस्टमेंट कारपोरेशन जैसी कंपनियों में नेतृत्व में बदलाव होगा। साथ ही, टाटा स्टील और टाइटन कंपनी में बाइस-चेयरमैन के पदों पर नई नियुक्तियां भी करनी होंगी।

हाल ही में नोएल टाटा ने एन चंद्रशेखरन को टाटा संस का फिर से चेयरमैन नियुक्त करने के फैसले को चुनौती दी है। साथ ही बोर्ड बैठक की बिना संपत्ति बीडियो रिकार्डिंग मांगी है।

बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या क्लिक करें jagran.com

राष्ट्रीय फलक

बंगाल में खनन व बिजली क्षेत्र में निवेश की संभावनाएं तलाशेगा वेदांता समूह

राज्य ब्यूरो, जागरण ● कोलकाता

- अगले दो वर्षों में 50 अरब डालर का राजस्व और 20 अरब डालर का मुनाफा हासिल करने का लक्ष्य

वेदांता रिसोर्सेज के संस्थापक एवं गैर-कार्यकारी चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने बंगाल में निवेश की संभावनाएं तलाशने की इच्छा जताई है। उन्होंने कहा, खनन, खनिज और बिजली उनके संभावित निवेश के प्रमुख क्षेत्र होंगे। अग्रवाल ने राज्य में कारोबारी माहौल के प्रति भी सकारात्मक रुख जताया।

परेतु संसाधनों के इस्तेमाल पर जोर : देश की आर्थिक संभावनाओं पर अग्रवाल ने कहा, वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं, जिंस बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद भारत में घरेलू मांग व विकास की गति कारोबार के लिए बड़े अवसर पैदा कर रही है। उन्होंने प्राकृतिक संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने और आयात पर निर्भरता घटाने की जरूरत बताई।

वेदांता समूह की विकास योजनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने अगले दो वर्षों में 50 अरब डालर का राजस्व और 20 अरब डालर का मुनाफा हासिल करने का लक्ष्य बताया।

डीपीडीपी अधिनियम खोजी पत्रकारिता को नहीं करेगा सीमित : अश्विनी वैष्णव

- मंत्री ने कहा-संविधान में दी गई है प्रेस की स्वतंत्रता की गारंटी
- अपनी चिंताओं पर वर्गा करने के लिए संपादकों को आमंत्रित किया

नई दिल्ली, प्रेट : सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को उन आशंकाओं को खारिज किया कि डिजिटल व्यक्तिगत डाटा संरक्षण (डीपीडीपी) अधिनियम खोजी पत्रकारिता को सीमित कर सकता है। उन्होंने कहा कि संविधान में प्रेस की स्वतंत्रता की गारंटी दी गई है। उन्होंने संपादकों तथा मीडिया पेशेवरों को अपनी चिंताओं पर सरकार से चर्चा करने के लिए आमंत्रित किया।

वैष्णव ने कहा, पत्रकारिता की स्वतंत्रता की गारंटी भारत का संविधान देता है। इस स्वतंत्रता को प्रभावित करने का कोई इरादा नहीं है। सरकार पत्रकारों की चिंता को सुनने और जरूरत पड़ने पर सुझावों पर विचार करने के लिए तैयार है। केंद्रीय मंत्री की यह टिप्पणी मीडिया संस्थानों की ओर से अधिनियम के संभावित असर को कानूनी चुनौती दिए जाने के बीच आई है। मीडिया



अश्विनी वैष्णव। एजेंसी

संस्थानों का तर्क है कि पत्रकारिता से जुड़ी गतिविधियों के लिए स्पष्ट छूट न होने से उन मामलों की जांच मुश्किल हो सकती है, जिनमें संबंधित लोगों की सहमति के बिना जुटाई गई निजी जानकारी शामिल हो। उन्होंने गोपनीय स्रोतों और जनहित की खबरों के लिए प्रासंगिक सामग्री को सुरक्षित रखने को लेकर भी चिंता जताई है। इस बीच, सूत्रों ने संकेत दिया कि सरकार पत्रकारिता से जुड़ी गतिविधियों को संरक्षण देने और चिंताओं का समाधान करने के लिए कानून में संशोधन पर विचार कर सकती है। सरकार के एक सूत्र ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि अगर पत्रकारिता के लिए स्पष्ट वैधानिक संरक्षण जरूरी माना गया, तो संशोधन पर विचार किया जा सकता है। हालांकि, वैष्णव ने किसी संशोधन के बारे में बात नहीं की। कहा कि डीपीडीपी अधिनियम सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले के बाद लाया गया, जिसमें निजता के अधिकार को मौलिक अधिकार माना गया था। कानून का मसौदा एक साल से अधिक समय तक चले परामर्श के बाद तैयार किया गया। इस विचार-विमर्श में समाचार पत्रों, टेलीविजन चैनलों, मीडिया प्रतिनिधियों, आइटी उद्योग और अन्य संबंधित पक्षों ने हिस्सा लिया था।

यूजीसी-नेट के लिए अब 31 अक्टूबर तक कर सकेंगे आवेदन

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली

- एनटीए ने छात्रों की मांग को देखते हुए बढ़ाई आवेदन करने की समयसीमा, 28 अक्टूबर थी अंतिम तारीख

विश्वविद्यालय व कालेजों में सहायक प्राध्यापक बनने की पात्रता सहित जूनियर रिसर्च फेलोशिप व पीएचडी में दाखिले के लिए आयोजित होने वाली यूजीसी-नेट (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग-राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा) के दिसंबर सत्र के लिए अब 31 अक्टूबर तक आवेदन किए जा सकेंगे। छात्रों की मांग को देखते हुए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने आवेदन करने की समयसीमा बढ़ा दी है। यह समयसीमा 28 अक्टूबर को समाप्त हो रही है। ऐसे में बगैर किसी विलंब शुल्क दिए छात्र अब 31 अक्टूबर को रात 11.50 बजे तक आवेदन कर सकेंगे।

एनटीए के मुताबिक, यूजीसी-नेट के लिए अब तक 8.78 लाख से अधिक छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराए हैं। इनमें से 6.92 लाख अभ्यर्थियों ने फीस चुकाने सहित आवेदन से जुड़ी सारी प्रक्रिया पूरी है। 1.86 लाख से अधिक छात्र ऐसे हैं, जिनमें से कुछ ने फीस नहीं चुकाई है। कुछ के आवेदनों में फोटो सेलिप्स करने समेत अन्य प्रक्रिया पूरी नहीं की गई है। एनटीए ने ऐसे सभी आवेदकों से जल्द ही आवेदन पूरा करने को कहा है। आवेदन में 25 अक्टूबर के बाद तेजी आई है, जब यूजीसी ने आवेदकों से अंतिम तारीख का इंतजार नहीं करते हुए समय रहते आवेदन करने की अपील की। इसके बाद 3.35 लाख से अधिक छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया है।



त्योहारों के मौसम में बढ़ सकती है साइबर ठगी

- साइबर सुरक्षा कंपनी आर्कटिक वुल्फ के वरिष्ठ अधिकारी ने दी चेतावनी
- वित्तीय धोखाधड़ी और पहचान संबंधी साइबर हमलों में वृद्धि की आशंका

नई दिल्ली, प्रेट: त्योहारों के मौसम में आनलाइन खरीदारी, डिजिटल लेनदेन, यात्रा बुकिंग और सामान की डिलीवरी बढ़ने के साथ साइबर अपराधियों की गतिविधियां तेज होने की आशंका है। साइबर सुरक्षा कंपनी आर्कटिक वुल्फ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने चेतावनी दी है कि इस दौरान फिशिंग, वित्तीय धोखाधड़ी और पहचान संबंधी साइबर हमलों में वृद्धि हो सकती है।

कंपनी के भारत में वाइस प्रेसिडेंट देवेंद्र राठ ने कहा कि त्योहारों का मौसम कारोबारियों और उपभोक्ताओं के लिए अवसर लाता है, पर साइबर अपराधियों को भी ठगी के नए मौके मिलते हैं। उन्होंने बताया कि अपराधी आकर्षक छूट, कूरियर और डिलीवरी संबंधी संदेश, लायल्टी रिवार्ड, बैंकिंग अलर्ट, टैक्स नोटिस और खाते के सत्यापन जैसे बहानों से लोगों को निशाना बना सकते हैं। राठ के अनुसार, उपभोक्ताओं को एसएमएस, वाट्सएप, ईमेल और इंटरनेट मीडिया के जरिए धोखाधड़ी वाले संदेश भेजे जा सकते हैं। साइबर अपराधी भरोसेमंद संपर्कों का दुरुपयोग करके दुर्भावनापूर्ण सामग्री फैलाने लगे हैं। इससे फर्जी संदेश वास्तविक प्रतीत होते हैं और लोगों के उनके झांसे में आने की आशंका बढ़ जाती है।

त्योहारों के दौरान एप स्टोर के बाहर उपलब्ध कराए जाने वाले दुर्भावनापूर्ण एंड्राइड एप भी खतरा बन सकते हैं। अपराधी बिजली बिल, केवाईसी अपडेट, खाता बंद होने, टैक्स नोटिस और परिवहन सेवाओं के नाम पर लोगों को एपीके फाइल डाउनलोड करने के लिए प्रेरित करते हैं। ऐसे एप पासवर्ड और बैंकिंग विवरण चुरा सकते हैं, ओटीपी हासिल कर सकते हैं तथा मोबाइल नेटिफिकेशन पर नजर रखकर वित्तीय धोखाधड़ी को अंजाम दे सकते हैं। फिशिंग हमलों से कारोबारी ईमेल में सेंधमारी, क्लाउड सेवाओं तक अनधिकृत पहुंच, भुगतान धोखाधड़ी, रैनसमवेयर और कामकाज में बाधा जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं।

देवेंद्र राठ ने संगठनों को ईमेल, क्लाउड और रिमोट एक्सेस पर बहु-स्तरीय प्रमाणीकरण (एमएफए) लागू करने, इंटरनेट से जुड़े सिस्टम की कमजोरियों दूर करने और कर्मचारियों को साइबर जागरूकता प्रशिक्षण देने की सलाह दी। उन्होंने तीसरे पक्ष के विक्रेताओं की पहुंच की समीक्षा करने और सिस्टम की निगरानी पर भी जोर दिया। सतर्क कर्मचारी, सुरक्षा व्यवस्था व आपात प्रक्रियाएं त्योहारों में साइबर जोखिम कम करने में मदद करेंगी।



प्रतीकात्मक

पिथौरागढ़ से भारत-चीन व्यापार का समापन, इस बार 1.49 करोड़ का कारोबार

जांसं, पिथौरागढ़ : भारत चीन व्यापार-2026 के समापन के साथ ही सभी भारतीय व्यापारी लौट चुके हैं। उत्तराखंड से छह वर्ष बाद आरंभ हुआ व्यापार इस बार संकेतिक ही रहा है। जो एक जून से आरंभ होकर 26 अक्टूबर को समाप्त हो गया। इस दौरान आयात और निर्यात 1.49 करोड़ रुपये का रहा है। इसमें 74.95 लाख रुपये का निर्यात हुआ। आयातित वस्तुओं में शाल और कारपेट तथा निर्यात वाली वस्तुओं में गुड़, मिश्री और रेडीमेड वस्त्र शामिल रहे। भारतीय व्यापारियों का पहला दल अगस्त में तिब्बती मंडी तकलाकोट गया था। वहीं नेपाल के व्यापारी भी तकलाकोट से लौट चुके हैं। पिथौरागढ़ के एसडीएम आशीष जोशी ने बताया कि सभी व्यापारी सकुशल भारत लौट आए हैं। इस वर्ष 185 ट्रेड पास जारी हुए थे। केवल 47 व्यापारी और 115 सहायक ही तकलाकोट गए। भारत से पांच चरणों में व्यापारी तिब्बती मंडी तकलाकोट गए।

ट्रेनों में रात 11 से सुबह पांच बजे तक बंद रखें चार्जिंग प्वाइंट : रेलवे बोर्ड

- हाल ही में एक ट्रेन में चार्जिंग के दौरान यात्री का पावर बैंक फटने की घटना के बाद रेलवे बोर्ड ने अपना आदेश दोहराया
- फैसले का मकसद आग से सुरक्षा सुनिश्चित करना, कहा- कोचों में भी रटौकर लगा जागरुक किया जाए

नई दिल्ली, प्रेट : रेलवे बोर्ड ने सभी जोनों से 2014 के उस आदेश का पालन करने को कहा है जिसके तहत ट्रेन के कोचों में मौजूद सभी मोबाइल फोन और लैपटाप चार्जिंग प्वाइंट को रात 11 बजे से सुबह पांच बजे के बीच बंद रखने का निर्देश दिया गया है। इसके पीछे मकसद आग से सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

बोर्ड ने 26 अक्टूबर को जारी अपने पत्र में कहा-" हाल ही में दक्षिण पूर्व रेलवे में एक घटना सामने आई है, जिसमें ट्रेन के कर्मचारियों ने निर्धारित समय के दौरान मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट बंद नहीं किए। इसके बाद चार्जिंग के दौरान एक यात्री का पावर बैंक फट गया और उसमें से धुआं निकलने लगा।" इसमें कहा गया कि उपरोक्त घटना के मद्देनजर सभी रेलवे जोनों को सलाह दी जाती है कि वे सभी संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश जारी करें ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट रात 11 बजे से सुबह पांच बजे तक हमेशा बंद रहें। पत्र में यह भी कहा गया कि इस मामले में कोई हीलाहवाली नहीं होनी चाहिए। बोर्ड ने सभी जोन को यह भी निर्देश दिया है कि वे संबंधित कर्मचारियों को उचित प्रशिक्षण दें ताकि इन निर्देशों का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन और अनुपालन सुनिश्चित हो सके। यात्रियों को इस पाबंदी की जानकारी देने के लिए रेलवे जोनों को सभी एसी कोचों में तय जगहों पर स्टिकर लगाने की भी सलाह दी गई है। इसके अलावा आदेश में अधिकारियों और पर्यवेक्षकों द्वारा औचक निरीक्षण किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है।

जल शक्ति मंत्री ने भूजल पुनर्भरण योजना के लिए लांच किया एप

नई दिल्ली,प्रेट: केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल ने बुधवार को भूजल पुनर्भरण के संभावित क्षेत्रों की पहचान और स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार उपयुक्त संरचनाओं की योजना बनाने के लिए 'पुनर्भरण' मोबाइल एप लांच किया। जल शक्ति मंत्रालय के राष्ट्रीय जल मिशन और बिसाग-एन ने संयुक्त रूप से यह एप विकसित किया है। इसके माध्यम से तीन किलोमीटर के दायरे में कृत्रिम भूजल पुनर्भरण (ग्राउंडवाटर रिचार्ज) के संभावित क्षेत्रों की पहचान की जा सकती है।

एप में वर्षा, भूजल स्तर, भूजल उपलब्धता, जमीन की ढलान और जल निकासी जैसी आंकड़ों का इस्तेमाल किया जाता है। वेब पोर्टल पर गांव स्तर के कृत्रिम भूजल पुनर्भरण संरचनाओं के मानचित्र, भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआइएस) के उपकरण व विषयगत आंकड़े भी उपलब्ध हैं।

संपादकीय

पाच सिकंदर, दोन बाजीगर...

महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, बिहार व कर्नाटक विधान परिषदेच्या शिक्षक व पदवीधर मतदारसंघ मिळून २८ जागांचे बरेच निकाल आले आहेत आणि उरलेले कल समोर आहेत. कर्नाटकात चार जागांवर सत्ताधारी काँग्रेस पक्षाला जोरदार धक्का बसला असून, बिहारमधील आठ जागांवर राष्ट्रीय लोकशाही आघाडी व प्रशांत किशोर यांच्या जनसुराज्य पक्षाला यश मिळाले आणि उत्तर प्रदेशात अकरा जागांच्या निवडणुकीत समाजवादी पक्षाने सत्ताधारी भारतीय जनता पक्षाला बऱ्यापैकी रोखले. महाराष्ट्रातील पाच जागांवर महायुती व महाविकास आघाडीचा सामनादेखील जवळपास बरोबरीत सुटला आहे. त्यातही आघाडीच्या बाजूने लागलेल्या दोन्ही निकालात, म्हणजे पुणे व औरंगाबाद विभाग पदवीधर मतदारसंघावर शरद पवारांच्या राष्ट्रवादी काँग्रेसने झेंडा फडकविला आहे. मराठवाड्यात अजित पवारांच्या राष्ट्रवादीचे तीनवेळचे आमदार सतीश चव्हाण यांचा डॉ. प्रतापसिंह पाटील यांनी धक्कादायक पराभव केला, तर पुणे पदवीधर मतदारसंघात तरुण हर्षदा देशमुख-जाधव विजयी झाल्या. पुणे विभाग शिक्षक मतदारसंघात भारतीय जनता पक्षाचे तरुण उमेदवार कौस्तुभ गावडे विजयी झाले, तर गेल्यावेळी अपक्ष जिंकलेले किरण सरनाईक यांनी अमरावती विभाग शिक्षक मतदारसंघ यावेळी शिंदेसेनेच्या तिकिटावर जिंकला. गेल्यावेळी तब्बल सहा दशकांनंतर गमावलेली नागपूर पदवीधर जागा पुन्हा जिंकण्यासाठी भाजपची प्रतिष्ठा पणाला लागली असून, काँग्रेसचे विद्यमान आमदार अभिजित वंजारी व भाजपचे सुधाकर कोहळे यांच्यात प्रचंड काट्याची लढत होत आहे. कोहळेंची आघाडी बुधवारी रात्री उशिरा वंजारी यांनी भरून काढली. महाराष्ट्रातील लढतींचे वैशिष्ट्य म्हणजे मतदार नोंदणी, प्रत्यक्ष भेटीगाठी आणि रिंगणात जिंतके उमेदवार असतील तितक्यांना क्रमाने पसंती देण्याच्या या किचकट निवडणुकीतही डिजिटल माध्यमांमध्ये लोकप्रिय असलेल्या दोन तरुणांनी मारलेली मोठी मुसंडी. कराळे मास्तर म्हणून विद्यार्थी व तरुणांमध्ये लोकप्रिय असणारे वर्धेचे नितेश कराळे यांनी भल्याभल्यांचे अंदाज चुकवत नागपूर मतदारसंघात तब्बल २५ हजार मतांची मुसंडी मारली आणि त्यामुळे निकालाचे पारडे वरखाली होत राहिले. औरंगाबाद विभागात जवळपास वीस हजार मते घेणारे रविराज साबळे हे असेच दुसरे नाव. हे दोन्ही तरुण सत्ताधारी पक्ष, प्रस्थापित राजकारणी आणि व्यवस्थेमधील अन्यायावर आक्रमक भूमिका घेणारे आहेत. तरुणांना ही आक्रमकता आवडते आणि ती आवड मतपेटीतदेखील प्रतिबिंबित होते, हे या दोन बाजीगरांच्या प्रभावाने अधोरेखित झाले. शिक्षण व्यवस्थेतील सावळागोंधळ, घोटाळे तसेच निवडणूक आयोग व इतर घटनात्मक संस्थांच्या स्वायत्ततेविषयी सध्या देशभर सुरू असलेल्या आंदोलनाचा परिणाम म्हणूनदेखील या दोघांना मिळालेल्या मतांकडे पाहता येईल. जेन-झी नावाच्या नव्या पिढीमध्ये व्यवस्थाबदलाची जी लाट दिसते तिचा हा कवडसा आहे. सहा वर्षांच्या कार्यकाळासाठी होणाऱ्या या निवडणुकीची प्रक्रिया क्लिष्ट व किचकट असल्याने त्या भावनेचे पूर्ण प्रतिबिंब उमटणे शक्य नव्हते आणि झालेही तसेच. राजकीय पक्षांच्या यशापयशाचा विचार करता सत्ताधारी महायुतीला ही निवडणूक पाच-शून्य अशी जिंकायची होती आणि सतत अपयश वाट्याला येत असलेल्या महाविकास आघाडीसाठी ही अस्तित्वाची लढाई होती. या पार्श्वभूमीवर, महायुतीत भाजप व शिंदेसेनेला यश मिळाले, तर अजित पवारांच्या राष्ट्रवादीची पाटी कोरी राहिली आणि आघाडीत शरद पवारांच्या राष्ट्रवादीला विजयाचा सुखद धक्का बसला. अर्थात, या पलीकडे एक महत्त्वाचा मुद्दा हा आहे की, शिक्षक व पदवीधर हे विधान परिषदेचे मतदारसंघ परंपरेने सुशिक्षित वर्गाच्या संघटनांच्या प्रभावाचे राहिले आहेत. विविध राजकीय विचारधारांशी जवळीक असलेले शिक्षक, प्राध्यापक मंडळी त्या संघटनांच्या माध्यमातून आपले प्रश्न मांडायची आणि निवडणुकीतही प्रभाव दाखवायची. तथापि, अलीकडे राजकीय पक्षांमध्ये सक्रिय असलेल्या शिक्षण संस्थाचालकांनी शिक्षकांच्या मतदारसंघात घुसखोरी केली. गडगंज संपत्तीचा वापर करून, पैसा-पैठणी-सोनेनाणे वाटून निवडून यायला लागले. चांगले पगार असलेले शिक्षकही या प्रलोभनाला बळी पडू लागले. राजकीय पक्षांना हे हवेच होते. त्यांचा उंट पदवीधर संघटनांच्या तंबूतही घुसला. राजकीय हडेलहप्पी, साम-दाम-दंड-भेद नीतीचा वापर करून हे पक्ष आता शक्तिप्रदर्शन करू लागले आहेत. एरव्ही फारशा चर्चेत नसलेल्या विधिमंडळाच्या वरिष्ठ सभागृहातील सदस्यत्वाच्या निवडणुका राजकीय पक्षांनी प्रतिष्ठेच्या बनवल्या आणि आपण सारे सार्वत्रिक निवडणुकीसारखे या निवडणुकांच्या निकालातही राजकीय अर्थ शोधू लागलो.

अमेरिकेच्या निवडणुका : ट्रम्प यांची कसोटी

अमेरिकेतील मध्यावधी निवडणुकांच्या निकालाकडे जगाचे लक्ष लागले आहे, कारण अर्थातच डोनाल्ड ट्रम्प यांच्या मनमानी कारभाराचे संकट!



नितीन रोंघे
आंतरराष्ट्रीय विषयांचे अभ्यासक

अमेरिकेत मंगळवार, ३ नोव्हेंबर २०२६ रोजी होणाऱ्या मध्यावधी निवडणुका राष्ट्राध्यक्ष डोनाल्ड ट्रम्प यांच्या नेतृत्वाची महत्त्वपूर्ण परीक्षा ठरणार आहेत. राष्ट्राध्यक्षांच्या चार वर्षांच्या कार्यकाळाच्या मध्यावर होणाऱ्या या निवडणुका म्हणजे सरकारच्या कामगिरीवरील जनमताचा कौल मानला जातो. या निवडणुकांत राष्ट्राध्यक्ष पदासाठी मतदान होणार नसले, तरी निकालांमुळे ट्रम्प यांच्या उर्वरित दोन वर्षांच्या कारभाराची दिशा निश्चित होऊ शकते.

भारतीय परिप्रेक्षात पाहता अमेरिकेच्या प्रतिनिधी मंडळाची रचना बरीच वेगळी आहे. हाऊस ऑफ रिप्रेझेंटेटिव्ह (प्रतिनिधीगृह) म्हणजे साधारण आपली लोकसभा व सिनेट म्हणजे राज्यसभा असे म्हणता येऊ शकेल. अमेरिकेत प्रतिनिधीगृह सदस्यांचा कार्यकाळ दोन वर्षांचा असतो आणि दर सम वर्षांनी त्यांची निवडणूक होते. सिनेट सदस्यांचा कार्यकाळ हा सहा वर्षांचा असतो आणि दर दोन वर्षांनी एक तृतीयांश सदस्य निवृत्त होऊन निवडणुकीद्वारे पुन्हा निवडून येतात. प्रतिनिधीगृह आणि सिनेटला मिळून काँग्रेस म्हटले जाते. काँग्रेसचे मुख्य कार्य संघीय (फेडरल) कायदे करणे, खर्चावर नियंत्रण ठेवणे आणि कार्यकारी शाखेच्या अधिकारांवर अंकुश ठेवणे आहे. म्हणजे जवळपास आपल्या संसदेसारखे, असे म्हणता येईल. अमेरिकेच्या संसदेतील काँग्रेसच्या दोन्ही सभागृहांवर सध्या डोनाल्ड ट्रम्प यांच्या रिपब्लिकन पक्षाचे नियंत्रण आहे. प्रतिनिधीगृहात ४३५ सदस्यांपैकी रिपब्लिकन पक्षाचे २१८, तर डेमोक्रॅटिक पक्षाचे २१४ सदस्य आहेत. एक अपक्ष सदस्य असून, दोन जागा रिक्त आहेत. सिनेटमध्ये १०० सदस्यांपैकी रिपब्लिकन पक्षाचे ५३, डेमोक्रॅटिक पक्षाचे ४७ सदस्य असून, दोन अपक्ष सदस्यांचा डेमोक्रॅट्सना पाठिंबा आहे.

मंगळवार, ३ नोव्हेंबर २०२६ रोजी होणाऱ्या मध्यावधी निवडणुकीत प्रतिनिधीगृहाच्या सर्व ४३५ जागांसाठी आणि सिनेटच्या १०० जागांपैकी ३५ जागांसाठी मतदान होणार आहे. जनमत चाचणीनुसार सध्या डेमोक्रॅटिक पक्षाला प्रतिनिधी गृहात बहुमत मिळवण्याची संधी दिसत असून, सिनेटवरील नियंत्रण मिळवणे डेमोक्रॅट्ससाठी तुलनेने अधिक आव्हानात्मक ठरू शकते.

डेमोक्रॅट्सनी कोणत्याही एका सभागृहावर नियंत्रण मिळवल्यास डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासनाच्या धोरणांची छाननी, चौकशी आणि संसदीय विरोध अधिक प्रभावी होऊ शकतो. या मध्यावधी निवडणुकीत दोन्ही सभागृहांवरील नियंत्रण कायम राखणे हे रिपब्लिकन पक्षासाठी प्रतिष्ठेचे आव्हान आहे. अमेरिकन मतदारांसाठी ढासळलेली



अर्थव्यवस्था, वाढता जीवनावश्यक खर्च, इंधनाच्या किमती, रोजगार आणि आरोग्य सेवा हे महत्त्वाचे प्रश्न आहेत. स्थलांतर धोरण, आयात शुल्क, राष्ट्रीय सुरक्षा आणि पराष्ट्र धोरण यांचाही प्रचाराचर प्रभाव पडत आहे. अर्थव्यवस्थेबाबत जनतेत असलेली नाराजी रिपब्लिकन पक्षासाठी अडचणीची ठरू शकते. दुसरीकडे, डेमोक्रॅट्सच्या समोर या नाराजीचे मतांमध्ये रूपांतर करण्याचे आव्हान आहे.

या मध्यावधी निवडणुकांत ३६ राज्यांमध्ये राज्यपाल पदासाठीही मतदान होणार आहे. देशभरात सध्या रिपब्लिकन पक्षाकडे २६, तर डेमोक्रॅटिक पक्षाकडे २४ राज्यांचे राज्यपालपद आहे. मात्र, यंदा निवडणूक होत असलेल्या राज्यांमध्ये दोन्ही पक्षांकडे प्रत्येकी ९८ राज्यपालपदे आहेत. राज्यपालांना शिक्षण, करव्यवस्था, राज्यांचे अर्थसंकल्प, सार्वजनिक सुरक्षा आणि निवडणूक प्रशासन यांसारख्या विषयांवर महत्त्वाचे अधिकार असतात. त्यामुळे या निवडणुकांचा परिणाम केवळ वॉशिंग्टनपुरता मर्यादित न राहता राज्यांच्या धोरणांवरही या निवडणुकीतील जनमताचा मोठा प्रभाव पडेल. अमेरिकेत दोन राज्ये वगळता राज्यपालांचा कार्यकाळ ४ वर्षांचा असतो. व्हरमाँट आणि न्यू हँपशायर या राज्यांत राज्यपालांचा कार्यकाळ हा केवळ दोन वर्षांचा असतो.

अमेरिकेच्या आजवरच्या इतिहासात अनेकदा राष्ट्राध्यक्षांच्या पक्षाला मध्यावधी निवडणुकांत जागा गमवाव्या लागल्या आहेत. या मध्यावधी निवडणुकीत रिपब्लिकन पक्षाने बहुमत कायम राखल्यास डोनाल्ड ट्रम्प यांना त्यांची धोरणे पुढे रेटत राहणे तुलनेने सोपे जाईल. डेमोक्रॅट्सनी विजय मिळवल्यास प्रशासनाला अधिक संसदीय विरोध आणि कठोर छाननीला सामोरे जावे लागू शकते.

या निवडणुका अमेरिकेतील लोकशाही, सत्तेवरील नियंत्रण आणि जनतेचा सरकारवरील विश्वास यांचीही परीक्षा घेतील. त्यांचे निकाल २०२८ च्या राष्ट्राध्यक्ष पदाच्या निवडणुकीसाठी दोन्ही पक्षांची रणनीती आणि राजकीय वातावरण घडवण्यात निर्णायक ठरू शकतात.

अमेरिकेतील मध्यावधी निवडणुकांच्या निकालाकडे केवळ त्या देशाचेच नव्हे, तर जगभरातील धोरणकर्त्यांचे लक्ष लागले आहे, कारण अर्थातच डोनाल्ड ट्रम्प यांच्या मनमानी कारभारामुळे जागतिक अर्थव्यवस्थेत आलेली अस्थिरता. युद्धखोरीने ग्रासलेल्या जगात हे अस्थैर्य जितके आर्थिक, तेवढेच ते राजकीय आणि सामाजिकही आहे. जगाच्या कारभाराला स्थिर राखण्यात महत्त्वाची भूमिका असलेल्या या महासत्तेच्या नशिबी या मध्यावधी निवडणुका काय लिहितात यावर केवळ अमेरिकेचेच नव्हे, तर जगभराचे स्वास्थ्य अवलंबून आहे, ते यामुळेच!

nitin.ronghe96@gmail.com

अन्वयार्थ

आंदोलनांचा अधिकार जगण्याच्या अधिकारापेक्षा वरचढ आहे का?

नागरिकांना सरकारवर टीका करता आली पाहिजे, धोरणांना विरोध आणि जनमत संघटित करता आले पाहिजे. मात्र, हे अधिकार निरंकुश नाहीत.



डॉ. खुशालचंद बाहेती
निवृत्त सहायक पोलिस आयुक्त व महाव्यवस्थापक- जनसंपर्क लोकमत

दिल्ली, मुंबई व अन्य महानगरांत नुकतीच आंदोलक आणि सामान्य नागरिकांत संघर्षाची परिस्थिती निर्माण झाली. आंदोलनांच्या पार्श्वभूमीवर दिल्लीत अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था तैनात करण्यात आली. रस्त्यांवर बॅरिकेड्स, मेट्रो स्थानके बंद, इंटरनेट सेवा स्थगित, आंदोलक ताब्यात आणि सुमारे २५ हजार पोलिसांचा बंदोबस्त.. यामुळे सुमारे २,००० कोटी रुपयांचा व्यापार बुडाल्याचा व्यापाऱ्यांचा दावा आहे.

या घटनांमुळे एक मूलभूत घटनात्मक प्रश्न निर्माण होतो : आंदोलन करण्याचा अधिकार हजारो नागरिकांच्या मुक्त संचाराच्या, उपजीविका कमावण्याच्या, रुग्णालयांपर्यंत पोहोचण्याच्या आणि आंदोलनाच्या कोंडीत न अडकता दैनंदिन जीवन जगण्याच्या अधिकारापेक्षा वरचढ ठरू शकतो का? भारतीय संविधानाच्या अनुच्छेद १९(१)(अ) नुसार अभिव्यक्ती स्वातंत्र्याचा व अनुच्छेद १९(१)(ब) नुसार शांततेने आणि विनाशस्त्र एकत्र जमण्याचा अधिकार संरक्षित आहे.

हे अधिकार लोकशाहीसाठी अत्यावश्यक आहेत. नागरिकांना सरकारवर टीका करता आली पाहिजे, धोरणांना विरोध करता आला पाहिजे, उत्तरदायित्वाची मागणी करता आली पाहिजे आणि जनमत संघटित करता आले पाहिजे.

मात्र, हे अधिकार निरंकुश नाहीत. अनुच्छेद १९(२) आणि १९(३) सार्वजनिक सुव्यवस्थेसह विशिष्ट कारणांवर वाजवी निर्बंध घालण्याची परवानगी देतात. आंदोलनाचा अधिकार म्हणजे कोणत्याही ठिकाणी, कितीही मोठ्या संख्येने आणि कितीही काळ एकत्र जमण्याचा अमर्याद अधिकार नव्हे. अनुच्छेद १९(१)(ड) नागरिकांना देशात मुक्तपणे संचार करण्याचा तर अनुच्छेद १९(१)(ग) व्यवसाय, व्यापार किंवा उपजीविकेचा व्यवसाय करण्याचे स्वातंत्र्य प्रदान करतो. अनुच्छेद २१ जीवन आणि व्यक्तिगत स्वातंत्र्याचे संरक्षण करतो.

सर्वोच्च न्यायालयाने काय सांगितले?

१. हिमतलाल के. शाह (१९७३) प्रकरणात सुप्रीम कोर्टाने सार्वजनिक रस्त्यांवर सभा घेण्याचे नियमन करण्याचा राज्याचा अधिकार मान्य केला. मात्र, नियमनाच्या नावाखाली शांततापूर्ण सभांवर मनमानी बंदी घालता येणार नाही, हेही स्पष्ट केले.

२. मजदूर किसान शक्ती संघटन (२०१८) या प्रकरणात न्यायालयाने आंदोलकांच्या अधिकारांचा आणि स्थानिक रहिवासी व प्रवाशांच्या अधिकारांचा समतोल राखण्याची गरज अधोरेखित केली. आंदोलनाचा अधिकार संपुष्टात आणणे हा उपाय नसून त्यासाठी वाजवी नियामक चौकट निर्माण करणे आवश्यक असल्याचे म्हटले.

३. अमित साहनी (२०२०) - शाहीनबाग आंदोलनाच्या प्रकरणात सुप्रीम कोर्टाने सार्वजनिक रस्ते आणि जागा अनिश्चित काळासाठी अशा प्रकारे व्यापून ठेवता येणार नाहीत की इतरांना त्यांचा वापरच करता येऊ नये असे स्पष्ट केले.

या निकालांमधून स्पष्ट होते की, सरकारने शांततापूर्ण विरोधासाठी सुविधा उपलब्ध करून द्याव्यात, योग्य ठिकाणे निश्चित करावीत, आवश्यकतेनुसार जमावाच्या संख्येवर नियंत्रण ठेवावे आणि अत्यावश्यक सेवांपर्यंत पोहोचण्याची व्यवस्था सुनिश्चित करावी. दुसरीकडे, एखाद्या आंदोलनाचा विषय राजकीय किंवा सामाजिकदृष्ट्या महत्त्वाचा आहे म्हणून आंदोलकांना सार्वजनिक रस्त्यावर एकाधिकार सांगता येणार नाही.

ऑक्टोबरमधील घटनांनी दाखवून दिले की, एका ठिकाणी नियोजित केलेल्या आंदोलनाचे परिणाम त्यापेक्षा कितीतरी मोठ्या परिसरावर होऊ शकतात.

आंदोलनांचा अधिकार नसलेली लोकशाही हुकूमशाहीकडे झुकण्याचा धोका असतो. परंतु, प्रत्येक संघटित गटाला रस्ते बंद करण्याची, व्यवसाय रोखण्याची किंवा नागरिकांना अत्यावश्यक सेवांपर्यंत पोहोचण्यापासून अडवण्याची मुभा असलेली लोकशाही घटनात्मक स्वातंत्र्याऐवजी सर्वांधिक मोठा जमाव जमवू शकणाऱ्यांची ताकद प्रस्थापित करण्याचा धोका निर्माण करते.

आंदोलनाचा अधिकार म्हणजे आपला आवाज ऐकवण्याचा अधिकार; इतर सर्वांचे आवाज बंद करण्याचा अधिकार नव्हे. त्याचप्रमाणे, सार्वजनिक सुव्यवस्था राखण्याचे कर्तव्य म्हणजे सरकारला टीका दडपण्याचा परवाना नव्हे. दोन्ही स्वातंत्र्यांचे रक्षण करणे ही प्रशासनाची घटनात्मक जबाबदारी आहे.

प्रगल्भ लोकशाहीची खरी कसोटी ही आहे की, ती सामान्य नागरिकांना वाऱ्यावर न सोडता आंदोलकाचे संरक्षण करू शकते का, कामगाराचे नुकसान न करता निदर्शकाच्या अधिकारांचे रक्षण करू शकते का आणि स्वातंत्र्याला बाधा न आणता सार्वजनिक सुव्यवस्था राखू शकते का? संविधानाकडून अपेक्षित असलेला समतोल हाच आहे.

जगभर

नोबेल विजेत्या मारिया अखेर मायदेशी परत!

व्हेनेझुएलातील विरोधी पक्षनेत्या मारिया मचाडो यांना गेल्यावर्षी म्हणजे २०२५मध्ये नोबेल शांतता पुरस्कार मिळाला होता. मात्र असं असतानाही त्यांना गेल्यावर्षी देश सोडावा लागला होता. कारण त्यांना अटकेची भीती होती. डिसेंबर २०२५ मध्ये नोबेल शांतता पुरस्कार स्वीकारण्यासाठी त्या गुप्तपणे व्हेनेझुएलातून नॉर्वेला गेल्या होत्या. मात्र, अटकेच्या भीतीमुळे त्यांना मायदेशी परतणं शक्य होत नव्हतं. मायदेशी परतण्याचा त्यांनी तब्बल सात वेळा प्रयत्न केला, पण तरीही त्यांना त्यात यश आलं नव्हतं. अमेरिकेच्या मध्यस्थीनंतर आठव्या प्रयत्नात मात्र मायदेशी परतण्याचा त्यांचा मार्ग खुला झाला आणि त्यांना परत व्हेनेझुएलात परत येता आलं.

या वर्षाच्या सुरुवातीला अमेरिकेनं व्हेनेझुएलात सत्तांतर घडवून आणलं. पण तरीही अटकेचा धोका कायम असल्यामुळे मारिया देशात परतू शकल्या नव्हत्या. काही काळ अमेरिकेत राहिल्यानंतर त्या पनामाला गेल्या.

सुरक्षेच्या कारणास्तव अमेरिकेनं त्यांना घाईनं मायदेशी न परतण्याचा सल्ला दिला होता. त्यानंतर अमेरिकेच्या अधिकाऱ्यांनी पनामा आणि कोलंबिया सरकारांमध्ये समन्वय साधला. या प्रयत्नांमुळे मारिया यांच्या सुरक्षित पुनरागमनाचा मार्ग मोकळा झाला.

राष्ट्राध्यक्षपदाची निवडणूक लढवण्याची त्यांची इच्छा होती, पण २०२४ च्या निवडणुकीत मारिया यांना स्वतः उमेदवार होता आलं नव्हतं. सरकारनं त्यांच्यावर १५ वर्षं निवडणूक लढवण्यास बंदी घातली होती. त्यामुळे त्यांनी आपल्या जागी एडमंडो गोंझालेझ यांना उमेदवारी दिली. विरोधकांच्या दाव्यानुसार, गोंझालेझ यांनी निवडणूक जिंकली होती.



मात्र, सरकारनं निकोलस मादुरो यांना विजयी घोषित केलं. आता मारिया यांची इच्छा आहे की व्हेनेझुएलात पुढील वर्षी जुलैपर्यंत निवडणुका घ्याव्यात. यावेळी त्यांना स्वतःला अध्यक्षपदाची निवडणूक लढवायची आहे.

अमेरिकेच्या सैन्यानं जानेवारीत व्हेनेझुएलाचे अध्यक्ष निकोलस मादुरो यांना ताब्यात घेतलं होतं. त्यानंतर अमेरिकेचे अध्यक्ष डोनाल्ड ट्रम्प यांनी डेल्सी रोड्रिगेज यांना अंतरिम नेत्या म्हणून पाठिंबा दिला.

मचाडो यांचे अमेरिकेतील अनेक नेत्यांशी जुने संबंध आहेत. तरीही ट्रम्प प्रशासनानं त्यांच्याकडे सत्ता सोपवण्याऐवजी रोड्रिगेज यांना साथ दिली. ट्रम्प यांनी अनेकदा रोड्रिगेज यांचं कौतुकही केलं आहे. व्हेनेझुएला अद्याप निवडणुका घेण्यासाठी तयार नसल्याचं त्यांचं म्हणणं आहे. दरम्यान, अमेरिका व्हेनेझुएलातील तेल आणि इतर नैसर्गिक साधनसंपत्तीशी संबंधित करार करत आहे. मचाडो यांनी या करारांना विरोध केला आहे.

मचाडो यांनी यापूर्वी आपला नोबेल शांतता पुरस्कार ट्रम्प यांना देण्याची तयारी दर्शवली होती. ट्रम्प यांना खूश करतानाच व्हेनेझुएलाच्या भविष्यातील राजकीय प्रक्रियेत स्वतःची भूमिका मजबूत करण्याचा हा त्यांचा प्रयत्न होता, अशी शक्यता तज्ज्ञांनी व्यक्त केली होती. मात्र, व्हेनेझुएलाची सत्ता कोणाच्या हातात असावी आणि निवडणुका कधी घ्याव्यात, या मुद्द्यांवर दोघांमध्ये मतभेद कायम आहेत.

जनमन

विकासाच्या नावाने ठेकेदारांची तळी!



कर्जत येथील टोरंट प्रकल्पासाठी वनजमिनीवरील तब्बल ३२ हजार झाडांवर कुऱ्हाड चालवली जाणारी आहे. अशा परिस्थितीत हा प्रकल्प पर्यावरणपूरक कसा ठरतो? तसेच कर्जत वन विभागाने या वृक्षतोडीस परवानगी दिली असल्याची माहिती समोर आली आहे. या 'तत्पर' परवानगीमागचे बोलविते धनी कोण असा प्रश्न यानिमित्ताने उपस्थित होतो. मध्यंतरी 'साधारण जंगल' असा शेरा मारून चंद्रपूर जिल्ह्यातील ब्रह्मपुरी वन क्षेत्रांतर्गत प्रस्तावित असलेल्या लोहारडोंगरी लोह खाणीस राज्य सरकारने दिलेली मंजुरी वादग्रस्त ठरली. तसेच राज्य वन्यजीव मंडळाच्या तज्ज्ञ सदस्यांचा विरोध डावलत आणि पर्यावरणाचे सर्व नियम धाब्यावर बसवत राज्य सरकारने ताडोबा-अंधारी व्याघ्र प्रकल्पाच्या अतिसंवेदनशील वन्यजीव कॉरिडॉरमधील लोहखनिज प्रकल्पाला दिलेली मंजुरी देखील वादग्रस्त ठरली. हा प्रकल्प तब्बल ३५ हेक्टर जंगल साफ करून उभा राहणार होता. त्या तुलनेत वार्षिक उत्पन्न अवघे १.१ दशलक्ष टन इतके मर्यादित होते. तसेच या खाणीतून केवळ १२० रोजगार निर्माण होणार होते, त्यातील फक्त ३२ नोकऱ्या कायमस्वरूपी होत्या, अशी माहिती समोर आली. गडचिरोली जिल्ह्यातील बहुचर्चित सुरजागड टेकडीवर सुरू असलेल्या लोह खनिज उत्खनन परिसरात 'बेनिफिसिअल प्लांट' सुरू करण्यासाठी ९३७ हेक्टर वनजमीन कंत्राटदार कंपनीला देण्यासाठी पर्यावरण मंत्रालयाने परवानगी दिली आहे. या जागेवर टप्प्याटप्प्याने मोठी वृक्षतोड करण्यात येणार आहे. कथित विकासाच्या भुताने झपाटलेल्या धोरणकर्त्यांना कंत्राटदार-ठेकेदारांची तळी भरायची आहे. **- बाळकृष्ण शिंदे,** पुणे

समकालीन महत्त्वाचे मुद्दे मांडणारी, नवी चर्चा सुरू करणारी वाचक-पत्रे या स्तंभामध्ये प्रसिद्ध केली जातील. आपली पत्रे येथे पाठवा : janman@lokmat.com

तिरकस आणि चौकस

गजानन घोंगडे



लोकमत दीपोत्सव २०२६ | पैसा पुरेल, उरेल की सरेल? | या वर्षीच्या अंकात १६

एका विशिष्ट टप्प्यावर पैसा कमावणे थांबवून,
खर्चाला लगाम घालून नवे सुख
शोधणारे लोक या जगात आहेत.
पैसे न वापरता जगता येते का?
पैशाचा वापर मर्यादित कसा करता येऊ शकेल?
-यासाठी जगभरात अनेक लोक विविध प्रयोग
करत आले आहेत. या धडपडीत त्यांना काय गवसले?

पैशाशिवाय माणसाचे खरेच किती अडते?

तीन खणखणीत लेखांची विशेष मालिका
'द मनीलेस मॅन'
पैसे न वापरता जगण्याचा प्रयोग करताना सापडलेल्या रहस्यांचा शोध
- मार्क बॉयल
पैशापल्याड काय असते?
पैशावाचून असे कितीसे अडते, हे शोधण्याच्या धडपडीची आणि असे प्रयोग करणाऱ्या माणसांची गोष्ट
- वंदना अत्रे
पैसा, प्रेम आणि प्रवास
खिशात फक्त ६२,००० रुपये घेऊन पृथ्वी प्रदक्षिणा करताना देशोदेशीच्या अनोळखी माणसांनी मला सांभाळले, पैशाशिवायचे कित्येक मार्ग सापडत गेले. त्याची कहाणी!
- विष्णुदास चापके

तीन लाख प्रतींचा खप ओलांडणारा अंक नव्हे, उत्सव!

पाने सुमारे : २५६ | मूल्य : ४९९ रुपये
प्रसिद्धी : दिवाळीआधी | फोन आणि 91120 50500
lokmatdeepotsav
अधिक माहिती, ऑनलाईन खरेदीसाठी स्कॅन करा
deepotsav.lokmat.com | स्थानिक वृत्तपत्र विक्रेत्यांकडे उपलब्ध

अंक लवकरच प्रसिद्ध होईल | आजच आपली प्रत निश्चित करा

हे पत्र लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेडच्या वतीने मुद्रक व प्रकाशक **बालाजी मुळे** यांनी प्लॉट नं. ए - ८५ इंडस्ट्रियल एरिया, एम.आय.डी.सी., महापे, नवी मुंबई येथे मुद्रित करून 'लोकमत', पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई कार्यालय - ४००७०५ येथून प्रसिद्ध केले. ● दूरध्वनी क्र : ०२२ ४६०४१७८४
● **मुंबई कार्यालय :** लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेड, तिसरा मजला, पारिजात हाउस, प्लॉट नं. १०७६, आपटे इंडस्ट्रियल इस्टेट, लक्ष्मीनरसिंग पपन मार्ग, डॉ. ई मोझेस रोडसमोर, गांधीनगर, वरळी, मुंबई, ४०००१८. ● दूरध्वनी क्र : ०२२- ४६०३५९३०, ०२२- ४७५०७९४६ ● **ठाणे कार्यालय :** वेस्टर्न वुड्स, श्री गजानन महाराज चौक, वारकरी भवनजवळ, ठाणे, फोन : २५४४५९०५, २५३८१७७४ ● **नवी मुंबई कार्यालय :** पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई ४००७०५. फोन : ०२२ ४६०४५७८४ ● संस्थापक संपादक : **स्व. जवाहरलाल दर्डा** ● मानद संपादिका : **श्रीमती उषाताई दर्डा** ● चेअरमन, एडिटोरियल बोर्ड : **डॉ. विजय दर्डा** ● एडिटर इन चिफ : **राजेंद्र दर्डा** ● समूह संपादक : **विजय बाविस्कर**
● संपादक : **अतुल कुलकर्णी*** (*पी. आर. बी. कायद्यानुसार संपादकीय जबाबदारी यांची आहे.) 'लोकमत'मधील लेखांचे हक्क राखून ठेवले आहेत. **लोकमत** ® हे चिन्ह लोकमत मीडिया प्रायव्हेट लि. चे. व्यापारचिन्ह आहे.

बेलगाम कीमतें

देश ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों में काफी प्रगति की है, मगर आज भी यहां आम नागरिकों को किफायती और बेहतर इलाज की सुविधाएं मिल पाना किसी चुनौती से कम नहीं है। बीमार हालत में अस्पताल में भर्ती होने और जांच कराने के शुल्क के साथ दवाओं की बढ़ती कीमतें मरीजों की जेब पर भारी पड़ रही हैं। चिंता की बात यह है कि कई दवाओं की निर्माण लागत तथा उनके अधिकतम और खुदरा मूल्यों के बीच इतना ज्यादा अंतर होता है कि उनकी कीमतें मरीजों की पहुंच से ही दूर हो जाती हैं। सवाल है कि जब दवाओं के निर्माण में अपेक्षाकृत कम खर्च आता है, तो बाजार में उनका अधिकतम मूल्य कई गुना ज्यादा क्यों तय किया जाता है? सर्वोच्च न्यायालय ने भी बीते मंगलवार को इसी चिंता को रेखांकित करते हुए सरकार से पूछा कि क्या दवा निर्माताओं को इस तरह की मनमानी करने की छूट दी जा सकती है! साथ ही यह सवाल भी किया कि पूरी व्यवस्था दवा निर्माताओं की मदद करने के लिए क्यों काम कर रही है?

गौरतलब है कि किसी भी दवा के निर्माण की लागत में कच्चे माल, अनुसंधान, परीक्षण, उत्पादन, गुणवत्ता नियंत्रण, पैकेजिंग और वितरण पर होने वाला खर्च तथा मुनाफा शामिल होता है। इसलिए उसकी वास्तविक निर्माण लागत और अंतिम बिक्री मूल्य में अंतर होता है। मगर जब यह अंतर असाधारण रूप से अधिक हो जाता है, तो दवा की कीमत तय करने की प्रक्रिया पर सवाल उठना स्वाभाविक है। कुछ दवाओं के मामले में एक ही औषधीय घटक विभिन्न निर्माताओं की ओर से अलग-अलग कीमतों पर बेचा जाता है। ऐसे में मरीजों और उनके तीमारदारों के लिए यह समझना मुश्किल हो जाता है कि महंगी दवा वास्तव में कितनी बेहतर है और उसकी अधिक कीमत के पीछे क्या कारण हैं। खासकर कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के इलाज से संबंधित दवाओं के अधिकतम और खुदरा मूल्यों में भारी अंतर की वजह से इनकी कीमतें बढ़ा दी जाती हैं। हालांकि, दवाओं की कीमतों पर नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण मौजूद है, लेकिन शीर्ष अदालत ने इसकी कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए कहा है कि यह पूरी तरह से निष्क्रिय संस्था प्रतीत होती है।

अहम सवाल यह है कि आम लोगों को सस्ते इलाज की सुविधा मुहैया कराने के दावों के अनुरूप सरकार को जो काम खुद करना चाहिए था, उसके लिए सर्वोच्च न्यायालय को निर्देश क्यों देना पड़ रहा है! यही नहीं, सरकार को इस मामले में उस वक्त अदालत की तीखी टिप्पणियों का सामना करना पड़ा, जब उसकी ओर से कहा गया कि पूरी व्यवस्था को नियंत्रित करना ठीक नहीं होगा। अदालत का यह सवाल वाजिब है कि जब दवाओं की अधिकतम और खुदरा कीमतों में चार सौ फीसद या उससे भी ज्यादा का अंतर होता है, तो इसके बीच का पैसा कहां जाता है? जाहिर है कि आम मरीज और उनके परिजन ज्यादा मोल-भाव करने की स्थिति में नहीं होते और उन्हें दवाओं के लिए अधिक मूल्य चुकाना पड़ता है। कई बार तो महंगी दवा नहीं खरीद पाने की वजह से मरीज की जान तक चली जाती है। ऐसे में जरूरी है कि बाजार में दवाओं के मूल्य निर्धारण के लिए संतुलित नीति और प्रभावी व्यवस्था की जाए। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए, क्योंकि स्वास्थ्य सेवा को केवल बाजार और मुनाफे के नजरिए से नहीं देखा जा सकता।

संरक्षण पर सवाल

मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान से निकलकर मुरैना पहुंचे उन्नीस माह के चीते की गोली लगने से मौत की घटना ने भारत में चीतों को फिर से बसाने की महत्त्वाकांक्षी परियोजना की निगरानी पर ही गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जांच का विषय सिर्फ यह नहीं है कि इस चीते को गोली किसने मारी, बल्कि इस बात की भी गहराई से तहकीकात की जानी चाहिए कि आखिर यह वन्य प्राणी राष्ट्रीय उद्यान के अपने आवास स्थल से बाहर कैसे निकला। जब विदेश से लाए गए इन चीतों को संरक्षित वन क्षेत्र में रखा गया है और नियमित तौर पर इनकी निगरानी करने की व्यवस्था है, तो फिर इनकी सुरक्षा में इस तरह की चूक कैसे हो सकती है! प्रदेश सरकार ने इस घटना की छानबीन के लिए विशेष जांच दल गठित किया है और केंद्र सरकार ने भी उच्चस्तरीय दल जांच के लिए भेजा है। मगर सवाल है कि शासन के स्तर पर जिस तरह की गंभीरता एवं सक्रियता अब दिखाई जा रही है, वह घटना से पहले जमीन पर क्यों नहीं दिखी?

गौरतलब है कि यह चीता बीते 25 अक्तूबर को संरक्षित वन क्षेत्र से बाहर मुरैना में घायल अवस्था में मिला था। उसे उपचार के लिए जबलपुर ले जाया गया, लेकिन दो दिन बाद उसकी मौत हो गई। इसके शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला है कि उसे गोली लगी थी। जांच दलों के सामने अब यह पता लगाने की चुनौती है कि इस चीते को गोली किसने और किन परिस्थितियों में मारी। क्या यह रिहायशी इलाके में घुस आया था या फिर शिकारियों की गोली का निशाना बना। साथ ही इसकी भी गहराई से छानबीन होनी चाहिए कि यह चीता कूनो राष्ट्रीय उद्यान से बाहर कैसे निकला और इसका पता निगरानी का जिम्मा संभाले अधिकारियों को क्यों नहीं चल पाया। अगर उन्हें इसकी जानकारी थी, तो चीते को खोजने के लिए क्या कदम उठाए गए? यह सवाल इसलिए अहम है कि जिस चीते की मौत हुई, उसके गले में रेडियो कालर लगा था, जिसकी मदद से उसकी हर गतिविधि पर नजर रखी जा सकती थी। ऐसे में विभागीय स्तर पर भी जवाबदेही तय की जानी चाहिए, ताकि इस तरह की घटना दोबारा न हो।

नशीले पदार्थों का बढ़ता जोखिम



देश में नशीले पदार्थों के बढ़ते सेवन से उपजी समस्या बड़ी चुनौती बन गई है। नशे के विरुद्ध अभियान तभी सफल होगा, जब व्यक्ति को इस ओर धकेलने वाली परिस्थितियों को बदला जाए।

ज्योति सिडाना

सरकार का दायित्व नागरिकों को केवल आर्थिक अवसर उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि उन्हें स्वस्थ, सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जीने के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करना भी है। नशीले पदार्थों से उपजी समस्या को भी इस कसौटी पर गंभीरता से देखने की जरूरत है। इनके वैध कारोबार से मिलने वाले राजस्व का तर्क अपनी जगह है, लेकिन सवाल है कि क्या यह कमाई समाज और अर्थव्यवस्था को नशे के कारण होने वाले नुकसान से ज्यादा महत्त्वपूर्ण है! जब किसी पदार्थ का सेवन व्यक्ति के स्वास्थ्य, विवेक, संबंधों और उत्पादकता को नष्ट करने लगे, तब उसे केवल व्यक्तिगत पसंद मानकर छोड़ देना सरकार और समाज, दोनों का जिम्मेदारी से मुंह मोड़ने जैसा है। यही नहीं, नशीले पदार्थों का अवैध कारोबार भी लगातार फैलता जा रहा है, जो खासकर युवाओं को अपनी गिरफ्त में ले रहा है।

नशे की समस्या को समझने के लिए सबसे पहले आदत और लत के बीच का अंतर जानना जरूरी है। आदत को बदला जा सकता है, लेकिन लत की व्यक्ति की इच्छाशक्ति, निर्णय क्षमता और दैनिक जीवन को इस हद तक प्रभावित कर सकती है कि उससे बाहर निकलना कठिन हो जाता है। यहां चर्चा मादक पदार्थों, शराब और तंबाकू के सेवन की हो रही है। आधुनिक तंत्रिका विज्ञान नशे की लत को मस्तिष्क की कार्यप्रणाली में होने वाले बदलावों से जोड़ता है। नशीले पदार्थों के सेवन से मस्तिष्क की प्रणाली प्रभावित होती है और निर्णय लेने तथा आवेगों पर नियंत्रण रखने की क्षमता कमजोर पड़ती है। इसीलिए नशे की लत को केवल चरित्र की कमजोरी या इच्छाशक्ति का अभाव मानना उचित नहीं है। यह ऐसी समस्या है, जिसके लिए उपचार और पुनर्वास की जरूरत होती है।

मनोवैज्ञानिक दृष्टि से देखें, तो नशा कई बार व्यक्ति के लिए तनाव, अकेलेपन, अवसाद या पुराने मानसिक आघात से अस्थायी राहत पाने का माध्यम बन जाता है। सवाल यह नहीं कि व्यक्ति नशे की ओर क्यों आकर्षित हुआ, बल्कि यह भी है कि वह किस पीड़ा से बचने की कोशिश कर रहा है। बचपन में हिंसा, उपेक्षा, पारिवारिक कलह और असुरक्षा के अनुभव आगे चलकर नशे के जोखिम को बढ़ा सकते हैं। इसका अर्थ यह नहीं कि ऐसे अनुभवों से गुजरने वाला हर व्यक्ति नशे का आदी हो जाएगा, बल्कि यह कि समय रहते भावनात्मक सहारा और उचित सहायता मिलने से जोखिम कम किया जा सकता है। समाजशास्त्रीय दृष्टि से नशे को व्यक्तिगत समस्या तक सीमित नहीं रखा जा सकता। परिवार, मित्र समूह, रोजगार, सामाजिक संबंध और आसपास का वातावरण उसके व्यवहार को प्रभावित करते हैं।

दूसरी ओर, यदि परिवार और मित्रों के बीच नशे को सामान्य व्यवहार या प्रतिष्ठा का प्रतीक माना जाता है, तो खासकर किशोर और युवा इसे अपनाने के लिए प्रेरित हो सकते हैं। कभी वे परिपक्व दिखने के लिए, कभी साथियों के दबाव में और कभी आत्मविश्वास या ऊर्जा बढ़ाने की गलत धारणा के कारण नशे की शुरुआत करते हैं। इस तरह व्यक्तिगत चुनाव के पीछे सामाजिक परिस्थितियों की भूमिका भी खास होती है। अमेरिकी मनोवैज्ञानिक ब्रूस अलेक्जेंडर के चर्चित 'रैट पार्क' प्रयोग ने इस संबंध में एक महत्त्वपूर्ण सवाल उठाया। प्रयोग में चूहों के अलगाव और समृद्ध सामाजिक वातावरण के बीच नशीले पदार्थों के सेवन के व्यवहार की तुलना की गई। इससे यह समझने में मदद मिली कि सामाजिक संपर्क और अनुकूल वातावरण नशे के व्यवहार को प्रभावित कर सकते हैं। इसी तरह वियतनाम युद्ध के दौरान हेरोइन का सेवन करने वाले अमेरिकी सैनिकों पर किए गए एक अध्ययन में उनमें से ज्यादातर का स्वदेश लौटने के बाद नशे से दूर हो जाना दर्ज किया गया। इन निष्कर्षों से यह संकेत मिलता है कि नशे की लत को समझने में वातावरण, तनाव और सामाजिक परिस्थितियों की अनदेखी नहीं की जा सकती। हालांकि, इससे यह निष्कर्ष निकालना सही नहीं होगा कि केवल माहौल बदलने से हर व्यक्ति की लत बिना उपचार के छूट सकती है। कई लोगों को चिकित्सकीय सहायता और लंबे समय तक सहयोग की जरूरत होती है।



विश्व स्वास्थ्य संगठन ने नशीले पदार्थों के सेवन को गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती माना है। इसके बावजूद नशे का आकर्षण कम नहीं हो रहा। फिल्मों, मनोरंजन और सामाजिक आयोजनों में शराब या धूम्रपान को आधुनिकता, सफलता और उत्सव से जोड़कर दिखाने का असर युवाओं पर पड़ सकता है। चेतावनी दिखा देना पर्याप्त नहीं, यदि प्रस्तुति का बाकी हिस्सा नशे को आकर्षक बनाता रहे। सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान न करने, शैक्षणिक संस्थानों के आसपास तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर नियंत्रण, नाबालिगों को नशीले पदार्थों से दूर रखना और इनके अवैध कारोबार पर कार्रवाई जैसे कदम तभी प्रभावी होंगे, जब निगरानी और जवाबदेही सुनिश्चित हो।

नशे के प्रसार के पीछे आर्थिक हितों का प्रश्न भी कम महत्त्वपूर्ण नहीं है। एक ओर सरकारें शराब और तंबाकू से राजस्व प्राप्त करती हैं, दूसरी ओर उन्हीं के दुष्परिणामों से निपटने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं, जागरूकता अभियानों और नशामुक्ति कार्यक्रमों पर खर्च करती हैं। यह विरोधाभास सार्वजनिक नीति की गंभीर चुनौती है। राजस्व को उपलब्ध मानने से पहले यह आकलन होना चाहिए कि नशे के कारण स्वास्थ्य पर पड़ने वाला बोझ, कार्यक्षमता में कमी, दुर्घटनाएं, पारिवारिक संकट और अपराध की आशंका समाज से कितनी बड़ी कीमत वसूलते हैं। किसी पदार्थ से होने वाली आय को उससे सामाजिक नुकसान से अलग करके नहीं देखा जा सकता। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने शराब और मन:प्रभावी पदार्थों के सेवन को गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती माना है। इसके बावजूद नशे का आकर्षण कम नहीं हो रहा। फिल्मों, मनोरंजन और सामाजिक आयोजनों में शराब या धूम्रपान को आधुनिकता, सफलता और उत्सव से जोड़कर दिखाने का असर युवाओं पर पड़ सकता है।

नशीले पदार्थों पर प्रतिबंध को लेकर कानूनी प्रावधान मौजूद हैं, लेकिन उनके प्रभावी क्रियान्वयन की जरूरत है। सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान न करने, शैक्षणिक संस्थानों के आसपास तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर नियंत्रण, नाबालिगों को नशीले पदार्थों से दूर रखना और इनके अवैध कारोबार पर कार्रवाई जैसे कदम तभी प्रभावी होंगे, जब निगरानी और जवाबदेही सुनिश्चित हो। इस संदर्भ में आइसलैंड का अनुभव उल्लेखनीय है। वहां किशोरों में नशे की प्रवृत्ति कम करने के लिए परिवारों की भागीदारी, खेलकूद, संगीत और अन्य रचनात्मक गतिविधियों के अवसर बढ़ाने तथा बच्चों के खाली समय को सकारात्मक दिशा देने पर जोर दिया गया। इस दृष्टिकोण का मूल विचार था कि किशोरों को केवल नशे से दूर रहने की सलाह देना पर्याप्त नहीं, उन्हें ऐसे विकल्प भी चाहिए, जो जीवन में आनंद, अपनापन और उद्देश्य की भावना पैदा करें। भारत में भी खेल के मैदान, पुस्तकालय, सांस्कृतिक केंद्र और परामर्श सेवाएं विशेषकर छोटे शहरों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सुलभ कराई जानी चाहिए।

नशामुक्त समाज के लिए तीन स्तरों पर काम करना होगा- रोकथाम, उपचार और पुनर्वास। रोकथाम के तहत परिवार, विद्यालय और समुदाय मिलकर ऐसा वातावरण बनाएं, जिसमें नशे को प्रतिष्ठा नहीं, जोखिम समझा जाए। उपचार के स्तर पर नशे की लत से जूझ रहे व्यक्ति को अपराधी या नैतिक रूप से कमजोर मानने के बजाय चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई जाए। पुनर्वास में रोजगार, सामाजिक स्वीकार्यता और पारिवारिक सहयोग की भूमिका सुनिश्चित हो, ताकि उपचार के बाद व्यक्ति सम्मानपूर्वक जीवन की ओर लौट सके। केवल नशा छोड़ने की सलाह देना पर्याप्त नहीं, उसे जीवन में लौटने का अवसर भी देना होगा। नशे के विरुद्ध लड़ाई का उद्देश्य केवल नशीले पदार्थों की खपत घटाना नहीं, बल्कि उन परिस्थितियों को बदलना भी होना चाहिए, जो व्यक्ति को उनकी ओर धकेलती हैं। सुरक्षित बचपन, सार्थक रोजगार, मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं और रचनात्मक गतिविधियां नशामुक्ति की मजबूत नींव बन सकती हैं।

ज्ञान की पिपासा

अमिताभ स.

जीवन में सबसे बड़ा बदलाव तब आने लगता है, जब कोई मान लेता है कि मैं नहीं जानता। जब तक कोई यह समझता है कि मैं सब जानता हूं, तब तक वह नया ज्ञान और नई जानकारियां हासिल करने की कोशिश नहीं करता। ऐसी स्थिति में नया ज्ञान या जानकारी उसे मिल ही नहीं सकती। बिल्कुल वैसे ही, जैसे भरे हुए गिलास में और पानी नहीं डाला जा सकता। जबकि खाली या आधे भरे गिलास में और पानी डालने की काफी गुंजाइश रहती है। यानी ऐसा दिल और दिमाग होना चाहिए, जिसमें जानने की जिज्ञासा हो, हर वक्त नया ग्रहण करने का खुलापन हो।

यही वजह है कि बच्चे बड़ों की अपेक्षा जल्दी और तेजी से सीखते हैं। उनमें जानने की इच्छा बड़ों के मुकाबले बहुत ज्यादा होती है, उनका दिमाग खाली प्लेट की तरह होता है। उसमें कुछ भी डाल सकते हैं। दूसरे शब्दों में, उनका मन हर नई चीज को सीखने के लिए खुला रहता है। इसीलिए उनमें प्रश्न पूछने की प्रवृत्ति अधिक होती है। बात-बेबात पर क्यों, कैसे और क्या जैसे सवाल पूछते रहते हैं। यही आदत उनके सीखने और मानसिक विकास की राह आसान करती है।

दरअसल, उनके पास पहले से अर्जित ज्ञान, समझ और जानकारियों का बोझ नहीं होता। इसलिए हमेशा कोशिश करनी चाहिए कि हर बात और हर परिस्थिति को पहली बार की तरह देखने-जानने की इच्छा पैदा की जाए। इससे जीवन नए ज्ञान और नए रंगों से सराबोर हो उठता है। यह भी सच है कि अगर कोई जानकार है, काबिल है, किसी काम में निपुण है और तमाम जानकारियों का ज्ञाता है, तो भी उसके सीखने-जानने की गुंजाइश समाप्त नहीं हो जाती। बशर्ते कि उसके भीतर जानने और सीखने की प्रवृत्ति हो और इसके लिए अनिवार्य विनम्रता मौजूद हो।

दुनिया मेरे आगे

अगर कोई जानकार है, काबिल है, किसी काम में निपुण है और तमाम जानकारियों का ज्ञाता है, तो भी उसके सीखने-जानने की गुंजाइश समाप्त नहीं हो जाती। बशर्ते कि उसके भीतर जानने और सीखने की प्रवृत्ति हो और इसके लिए अनिवार्य विनम्रता मौजूद हो। इससे जीवन नए रंगों से सराबोर हो उठता है।

मिसाल के तौर पर, गुरु नानक देव का एक प्रसिद्ध दृष्टांत है। वे एक बार मुल्तान पहुंचे। वहां पहले ही कई संत-महात्मा धर्म प्रचार में रत थे। उनमें से एक संत ने गुरु नानक देव को अपने शिष्य के हाथ दूध से लबालब एक कटोरा भेजा। गुरु नानक देव उठे, बगीचे से चमेली का एक फूल तोड़ा और दूध पर टिका दिया। फिर शिष्य को कहा कि 'जाओ, अपने संत को मेरी ओर से सप्रेम भेंट कर दो।' शिष्य मन ही मन तिलमिलाया, क्योंकि उसे लगा कि गुरु नानक देव ने उसके संत की भेंट को अस्वीकार किया है। शिष्य ने रोष में कटोरा लाकर अपने संत को थमा दिया। संत ने उसे शांत किया और बोले, 'तुम समझे नहीं, इसीलिए परेशान हो रहे हो। बात इतनी-सी है कि मैंने गुरु देव से एक प्रश्न पूछा था और उन्होंने उसका बखूबी उत्तर दे दिया।' उन्होंने आगे बताया 'मेरा प्रश्न था कि यहां पहले से दूध जैसे पवित्र चरित्रवान महात्मा-संत विद्यमान हैं, तो आप यहां क्या करने आए हैं।' मेरे इस प्रश्न का उन्होंने उत्तर भेजा है कि जैसे चमेली के फूल ने दूध की शोभा बढ़ाई है, उसी तरह मैं भी यहां रह कर समाज को और सच्चा ज्ञान बांटने का काम करूंगा।'

अमेरिकी विचारक जिम रान का मानना है कि हरेक के जीवन में बदलाव इससे आते हैं कि वे किन लोगों से मिलते हैं, क्या सबक सीखते हैं और कौन-सी किताबें पढ़ते हैं। इसीलिए कहा जाता है कि मौका मिले, तो जीवन के विभिन्न चरणों की अपनी मनपसंद किताबों को एक बार फिर से पढ़ें। ऐसा करने वाले महसूस करने लगेंगे कि अर्जित ज्ञान से इनका कथानक तो नहीं बदला, लेकिन नजरिया जरूर बदल गया है। हालांकि यह अत्यंत महत्त्वपूर्ण हो जाता है कि ज्ञान, धन और शक्ति का प्रयोग कोई कैसे करता है। यह सीख लेने वाला अपने भीतर सुगंध, सौरभ और गरिमा पैदा कर लेता है, जिसके लिए वह जन्मा है।

यह भी सच है कि सिर्फ जानकारी हासिल कर लेना बड़ी बात नहीं, उसे सही काम में लाना सीखना भी जरूरी है। पहले अपनी ताकत का ज्ञान होना चाहिए, फिर साहस होना चाहिए और उसके बाद करने का यकीन होना चाहिए। फिर अगर इसमें विफलता मिलती है, तो कुछ न हासिल कर पाने की परिस्थिति में घबराने की कतई जरूरत नहीं है, क्योंकि इतना तय है कि उसके हिस्से ऐसा काम नहीं आएगा, जो उसके जीवन के दायरे में नहीं रहा है। इसके समांतर सत्य यह भी है कि इस क्रम में जो काम उसके हिस्से आएगा, उसे पूरा कर पाने की सलाहियत और क्षमता उसके भीतर मौजूद होगी। अगर इस क्रम में उसके रास्ते में कोई अड़चन आती है, तो निश्चित तौर पर वह उससे पार पा लेगा, क्योंकि अपने सामने खड़ी उलझनों को सुलझाने का हुनर उसके भीतर होता है। सवाल के होने का मतलब है कि उसका जवाब भी जरूर होगा।

ज्ञान के भंडार से कुछ हासिल करने की समझ संस्कार से मिलती है। इसके और भी बहुत फायदे हैं। यह वाणी के अनियंत्रित प्रवाह को मिटा देता है। सयाने कहते हैं कि वाणी पर नियंत्रण के लिए व्यावहारिक ज्ञान की जरूरत होती है। वाणी का सदुपयोग करके ही अपने व्यक्तित्व को निखारा जा सकता है। इसी प्रकार, ज्यादातर बुद्धिमान चालबाज नहीं होते। यह भी तय है कि जितनी प्रतिभा होती है, उतना ईमान साफ- सुथरा होता है। भीतर से सत्य को अनुभव करने वाले का सारा जीवन सौंदर्य, शांति और सद्भाव से भर जाता है। यही नहीं, जीवन उन प्रतिध्वनियों और तरंगों को प्रवाहित करने लगता है, जो समाज के लिए अमन, शांति और शीतलता की छाया बन सकती है। ज्ञान वृद्धि, सहिष्णुता, शिष्टाचार और सहजता से जीना ही ईसान के जीवन को खूबसूरत बनाता है।

संवाद की दरकार



मणिपुर में शांति बहाली केंद्र और राज्य सरकार के लिए गंभीर चुनौती बनी हुई है। कामजोंग जिले के खाली पड़े ख्वाडकाई गांव में 21 अक्तूबर को संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा मकानों में आग लगाए जाने की घटना पूर्वोत्तर की सुरक्षा के लिए चिंताजनक है। सीमावर्ती इलाकों में गोलीबारी, नागरिकों की हत्या और घरों को जलाने की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं। यह संकट अब केवल दो समुदायों के आपसी अविश्वास तक सीमित नहीं रहा। इसमें कानून-व्यवस्था, नागरिक सुरक्षा और भारत-म्यांमार सीमा की निगरानी भी जुड़ गई है। गांवों का खाली होना और विस्थापित परिवारों का असुरक्षा में जीना प्रशासनिक प्रभावशीलता पर सवाल खड़े करता है। केंद्र सरकार को संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की स्थायी तैनाती करनी चाहिए। सीमा पार की संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी, हथियारों की बरामदगी और निष्पक्ष जांच भी जरूरी है। राज्य सरकार, जनजातीय संगठनों और नागरिक प्रतिनिधियों के बीच निरंतर संवाद होना चाहिए। शांति केवल हिंसा रोकने से नहीं, भयमुक्त जीवन, न्याय और आपसी विश्वास की बहाली से आएगी।

- इशरत अली कादरी, भोपाल, मप्र

व्यवस्था की विफलता

'सुरक्षा में लापरवाही' (संपादकीय, 22 अक्तूबर) पढ़ा। कोलकाता के चोरबागान पंडाल की भगदड़, सीवान की आग और ग्वालियर की सड़क दुर्घटना बताती हैं कि धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों में होने वाले हादसे प्राकृतिक आपदा नहीं हैं। ये प्रशासनिक संवेदनहीनता, ढांचागत अनदेखी और समय पर भीड़ नियंत्रण में विफलता का नतीजा है। विडंबना यह है कि सरकारें धार्मिक पर्यटन के लिए भव्य गलियारे और नई योजनाएं बना रही हैं, जबकि श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मानक जमीन पर लचर और महज औपचारिक हैं। संकरे रास्ते, प्रवेश-निकास का एक ही द्वार, अव्यवस्थित भीड़ प्रबंधन और आपात इंतजामों का अभाव हादसों के प्रमुख कारण हैं। हर घटना के बाद जांच और मुआवजे की घोषणा होती है, पर सुधार नहीं होता। सरकार और प्रशासन सारी जिम्मेदारी आयोजकों पर डालकर अपने कर्तव्य से मुंह नहीं मोड़ सकते।

- मनोज वशिष्ठ, रेवाड़ी, हरियाणा

डेटा सुरक्षा का संकट

डिजिटल भारत की बढ़ती ताकत के बीच साइबर सुरक्षा की घटनाएं चिंता बढ़ा रही हैं। एसबीआइ के तीन हजार से ज्यादा ग्राहकों की निजी जानकारियों के डार्क वेब पर पहुंचने की खबर, पीएचपी भाषा में सामने आई दो गंभीर कमजोरियां और डिजिटल प्रमाणपत्र कंपनी ई-मुद्रा से जुड़े क्रिप्टोग्राफिक कुंजी संबंधी जोखिम इंटरनेट पर भरोसे की बुनियाद को कमजोर करते हैं। स्पष्ट है कि डिजिटल सेवाओं का विस्तार जितना जरूरी है, उनकी सुरक्षा उतनी ही अनिवार्य है। रिपोर्ट के मुताबिक प्रभावित रिकार्ड में नाम, मोबाइल नंबर, जन्मतिथि, ई-मेल, पते और ऋण संबंधी ब्योरे शामिल थे। इसका अर्थ यह नहीं कि खातों से धन निकला है, पर ऐसी जानकारी से पहचान की चोरी, फर्जी संदेश और ठगी का खतरा बढ़ जाता है। आज अपराधी केवल पासवर्ड नहीं चुराते, वे अलग-अलग स्रोतों से सूचनाएं जोड़कर लोगों से ठगी को अंजाम देते हैं।

- युगल किशोर राही, छपरा, बिहार

ई-कचरे की चुनौती

मोबाइल, लैपटाप और कंप्यूटर जैसे उपकरण जीवन को आसान बना रहे हैं, पर बढ़ता ई-कचरा पर्यावरण के लिए खतरा बन गया है। नई तकनीक आते ही पुराने उपकरण अप्रचलित लगने लगते हैं, हल्की खराबी पर भी लोग नया खरीद लेते हैं और महंगी मरम्मत एवं पुर्जों की कमी उनकी उम्र और घटा देती है। ई-कचरे में कुछ खतरनाक पदार्थ भी होते हैं। इनका वैज्ञानिक निस्तारण न हो तो मिट्टी, पानी और हवा प्रदूषित होते हैं। सही पुनर्चक्रण से आयातित कच्चे माल पर निर्भरता भी घट सकती है। कंपनियों को मरम्मत की सुविधा, उचित दाम पर पुर्जे और टिकाऊ डिजाइन के लिए आगे आना चाहिए। नगर निकायों, दुकानों और कंपनियों के सहयोग से ई-कचरे के लिए संग्रह केंद्रों का विस्तार जरूरी है। उत्पादन से लेकर पुनर्चक्रण तक की पूरी व्यवस्था में सुधार होना चाहिए।

- महेश कुमार, सिद्धमुख, राजस्थान

चिंतन

कांग्रेस के लिए अब आत्ममंथन का समय

लोकतंत्र में चुनाव जीतने के लिए केवल सत्ता पक्ष की कमियां गिनाना पर्याप्त नहीं होता, बल्कि जनता के सामने भरोसेमंद विकल्प पेश करना भी जरूरी है। दुर्भाग्य से कांग्रेस की राजनीति में इन दिनों चुनावी पारदर्शिता और वोट चोरी के आरोप प्रमुखता से छाए हुए हैं। राहुल गांधी विशेष रूप से निर्वाचन प्रक्रिया और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर लगातार सवाल उठा रहे हैं। चुनाव सुधारों पर सवाल उठाना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन इन सवालों के बीच जनता की वास्तविक समस्याएं और अपनी राजनीतिक कमजोरियां नजरअंदाज नहीं होनी चाहिए। चार राज्यों की 28 विधान परिषद सीटों के चुनाव में कांग्रेस का खाता तक नहीं खुलना पार्टी के लिए आत्ममंथन का गंभीर अवसर है। खास बात यह है कि ये चुनाव ईवीएम के बजाय बैलेट पेपर से हुए थे। ऐसे में कांग्रेस के चुनावी प्रदर्शन पर सवाल उठना स्वाभाविक है। कांग्रेस लंबे समय से ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाती रही है और लोकसभा तथा विधानसभा चुनाव बैलेट पेपर से कराने की मांग करती रही है। ऐसे में बैलेट पेपर से हुए एमएलसी चुनावों में पार्टी की निराशाजनक स्थिति उसके राजनीतिक तर्कों की परीक्षा भी है। जिन चार सीटों पर कांग्रेस का कब्जा था, वहां भी पार्टी अपनी बढ़त कायम नहीं रख सकी। खासकर कर्नाटक में सरकार होते हुए भी चारों सीटों पर हार का सामना करना पड़ा। इन नतीजों से यह निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा कि चुनाव प्रक्रिया को लेकर उठाए गए सभी सवाल निराधार हैं, लेकिन इतना जरूर है कि चुनावी हार का ठीकरा केवल व्यवस्था पर फोड़कर राजनीतिक जिम्मेदारी से बचा नहीं जा सकता। यदि बैलेट पेपर से चुनाव होने के बावजूद जनता का समर्थन नहीं मिल रहा, तो पार्टी को अपने संगठन, नेतृत्व, रणनीति, आत्ममंथन और जनसंपर्क की समीक्षा करनी चाहिए। एसआईआर को लेकर कांग्रेस के विरोध का भी निष्पक्ष आकलन जरूरी है। मतदाता सूची में गलत नामों को हटाना, मृत मतदाताओं और स्थान बदल चुके लोगों के रिकॉर्ड दुरुस्त करना तथा पात्र नागरिकों का नाम सूची में सुनिश्चित करना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है। लेकिन इस प्रक्रिया में किसी वास्तविक मतदता का नाम अनुचित तरीके से कटता है, तो उसका विरोध भी उतना ही आवश्यक है। इसलिए बहस का केंद्र यह होना चाहिए कि मतदाता सूची कितनी शुद्ध हुई और कहीं पात्र मतदाताओं के अधिकार तो प्रभावित नहीं हुए। केवल नाम कटने की कुल संख्या के आधार पर न तो पूरी प्रक्रिया को गलत ठहराया जा सकता है और न ही उसे पूरी तरह निर्दोष घोषित किया जा सकता है। कांग्रेस को आरोपों के साथ ठोस प्रमाण और सुधार के व्यावहारिक सुझाव भी सामने रखने चाहिए। बता दें कि एसआईआर के तहत 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की प्रारूप मतदता सूचियों से करीब 13.37 करोड़ नाम हटाए गए, जो पूर्व मतदाता सूचियों के कुल मतदाताओं का लगभग 14.1 प्रतिशत है। कांग्रेस देश का प्रमुख विपक्षी दल है। लोकतंत्र में उसकी मजबूती केवल उसके अपने राजनीतिक भविष्य के लिए नहीं, बल्कि स्वस्थ लोकतांत्रिक प्रतिस्पर्धा के लिए जरूरी है। इसके लिए उसे चुनावी हार के कारणों का ईमानदारी से विश्लेषण करना होगा। संगठन को मजबूत करने, स्थानीय नेतृत्व को अवसर देने, जनता के बीच निरंतर मौजूद रहने और ठोस नीतिगत विकल्प पेश करने पर ध्यान देना होगा। कांग्रेस को यह समझना होगा कि चुनावी सफलता का रास्ता केवल विरोध से नहीं, बल्कि विकल्प बनने से निकलता है।



प्रदूषण
रोहित कौशिक

जहरीली हवा की गिरफ्त में जिंदगी

दिल्ली और एनसीआर की वायु गुणवत्ता एक बार फिर खराब श्रेणी में पहुंच गई है। हर साल अक्टूबर-नवम्बर में दिल्ली-एनसीआर तथा देश के कई भागों में प्रदूषण के कारण हवा की गुणवत्ता काफी खराब हो जाती है। इस साल भी यही हाल है और विशेषज्ञों ने अगले कुछ दिनों में हवा में विषाक्तता बढ़ने का अनुमान लगाया है। इस प्रदूषण के लिए किसानों द्वारा पराली जलाने को एक बड़ा कारण माना जाता है, लेकिन वास्तविकता यह है कि पराली जलाना इस समस्या का एक कारण है। कुछ लोग और बुद्धिजीवी किसानों द्वारा पराली जलाने की प्रक्रिया को ऐसे प्रचारित करते हैं जैसे इस प्रदूषण का केवल यही एक कारण है। केवल पराली जलाने की प्रक्रिया को ही इस प्रदूषण के लिए जिम्मेदार नहीं माना जा सकता। इसके साथ ऐसे अनेक कारण है जो इन दिनों प्रदूषण बढ़ाकर हवा की गुणवत्ता खराब करते हैं। सवाल यह भी है सरकार अभी तक पराली निस्तारण का कोई ठोस विकल्प क्यों प्रस्तुत नहीं कर पाई है ?

हर साल देश की राजधानी दिल्ली और आस-पास के क्षेत्रों में वायु प्रदूषण कम करने के लिए कई उपाय किए जाते हैं लेकिन ये उपाय पूरी तरह कारगत साबित नहीं हो पा रहे हैं। ऊर्जा एवं स्वच्छ वायु अनुसंधान केन्द्र (सीआरईए) द्वारा हाल ही में जारी एक रिपोर्ट में बताया गया है कि दिल्ली वर्ष 2022 में चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्ययोजना (ग्रैप) में संशोधन के बाद पिछले चार साल में सर्दी के दौरान वायु गुणवत्ता में सतत सुधार नहीं हुआ है। दरअसल वायु प्रदूषण बढ़ने से सांस के रोगियों की समस्या बढ़ जाती है और स्वस्थ व्यक्ति को भी सांस सम्बन्धी बीमारियां होने की संभावना बढ़ जाती है। वायु प्रदूषण बढ़ने पर सरकारें जरूर सक्रिय होती हैं, लेकिन जैसे ही प्रदूषण कम होता है, सरकारें पुनः सो जाती हैं। जबकि वायु प्रदूषण कम करने वाले उपायों पर पूरे साल सक्रियता के साथ काम होते रहना चाहिए। हमें यह समझना होगा कि कोई भी तकनीक प्रदूषण को कम करने में सहायता तो कर सकती है, लेकिन इसे पूरी तरह से खत्म नहीं कर सकती। कई बार मौसम में परिवर्तन भी इस प्रदूषण के लिए जिम्मेदार होता है। रही-सही कसर हमारी नासमझी और मानवीय गतिविधियां पूरी कर देती हैं। यही कारण है कि हर साल अक्टूबर-नवम्बर में होने वाले इस प्रदूषण कम करने के लिए नीतियां तो बनती हैं लेकिन उनका सही ढंग से क्रियान्वयन न होने के कारण नतीजा ढाक के तीन पात रहता है। सरकारी नीतियों के सही ढंग से क्रियान्वयन के साथ जब तक जनता पूर्ण रूप से जागरूक नहीं होगी, वायु प्रदूषण को पूरी तरह से कम नहीं किया जा सकता।

इस समय तापमान में गिरावट, हवा की धीमी गति और वातावरण में नमी बढ़ने से प्रदूषक लंबे समय तक जमीन के करीब रहते हैं। इससे हवा में धूल, धुआं और हानिकारण गैसों की मात्रा बढ़ जाती है। दरअसल धूल, धुएं और कुहासे से बना स्मॉग हमारे लिए कई समस्याएं पैदा करता है। जब ईंधन जलता है, वायुमंडलीय प्रदूषण या गैसें हवा में मौजूद सूरज की रोशनी और वातावरण में



पराली जलाने की प्रक्रिया को ऐसे प्रचारित करते हैं जैसे इस प्रदूषण का केवल यही एक कारण है। केवल पराली जलाने की प्रक्रिया को ही इस प्रदूषण के लिए जिम्मेदार नहीं माना जा सकता। इसके साथ ऐसे अनेक कारण है जो इन दिनों प्रदूषण बढ़ाकर हवा की गुणवत्ता खराब करते हैं। सवाल यह भी है सरकार अभी तक पराली निस्तारण का कोई ठोस विकल्प क्यों प्रस्तुत नहीं कर पाई है ?

हर साल देश की राजधानी दिल्ली और आस-पास के क्षेत्रों में वायु प्रदूषण कम करने के लिए कई उपाय किए जाते हैं लेकिन ये उपाय पूरी तरह कारगत साबित नहीं हो पा रहे हैं। ऊर्जा एवं स्वच्छ वायु अनुसंधान केन्द्र (सीआरईए) द्वारा हाल ही में जारी एक रिपोर्ट में बताया गया है कि दिल्ली वर्ष 2022 में चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्ययोजना (ग्रैप) में संशोधन के बाद पिछले चार साल में सर्दी के दौरान वायु गुणवत्ता में सतत सुधार नहीं हुआ है। दरअसल वायु प्रदूषण बढ़ने से सांस के रोगियों की समस्या बढ़ जाती है और स्वस्थ व्यक्ति को भी सांस सम्बन्धी बीमारियां होने की संभावना बढ़ जाती है। वायु प्रदूषण बढ़ने पर सरकारें जरूर सक्रिय होती हैं, लेकिन जैसे ही प्रदूषण कम होता है, सरकारें पुनः सो जाती हैं। जबकि वायु प्रदूषण कम करने वाले उपायों पर पूरे साल सक्रियता के साथ काम होते रहना चाहिए। हमें यह समझना होगा कि कोई भी तकनीक प्रदूषण को कम करने में सहायता तो कर सकती है, लेकिन इसे पूरी तरह से खत्म नहीं कर सकती। कई बार मौसम में परिवर्तन भी इस प्रदूषण के लिए जिम्मेदार होता है। रही-सही कसर हमारी नासमझी और मानवीय गतिविधियां पूरी कर देती हैं। यही कारण है कि हर साल अक्टूबर-नवम्बर में होने वाले इस प्रदूषण कम करने के लिए नीतियां तो बनती हैं लेकिन उनका सही ढंग से क्रियान्वयन न होने के कारण इसकी गर्मी के साथ प्रतिक्रिया करती हैं, जिससे स्मॉग बनता है। इस मौसम में हर साल इस स्मॉग के कारण प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ जाता है। निर्माण कार्य भी इस प्रदूषण के लिए जिम्मेदार होते हैं। इसके साथ ही वाहनों का प्रदूषण भी इस स्मॉग को बढ़ाता है। गौरतलब है कि काफी वायु प्रदूषण वाहनों के माध्यम से होता है। वाहनों से निकलने वाले धुएं में कार्बन मोनोऑक्साइड ,नाइट्रोजन के ऑक्साइड, हाइड्रोकार्बन तथा सस्पेन्डेड परटिकुलेट मैटर जैसे खतरनाक तत्व एवं गैसे होती हैं जो स्वास्थ्य के लिए बहुत ही हानिकारक हैं। कार्बन मोनोऑक्साइड जब सांस के माध्यम से शरीर के अन्दर पहुंचता है तो वहां हीमोग्लोबिन के साथ मिलकर कार्बोक्सीहीमोग्लोबिन नामक तत्व बनाता है। इस तत्व के कारण शरीर में आक्सीजन का परिवहन सुचारू रूप से नहीं हो पाता है।

नाइट्रोजन मोनोऑक्साइड एवं नाइट्रोजन डाइऑक्साइड भी कम खतरनाक नहीं हैं। नाइट्रोजन मानोऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड की तरह ही हीमोग्लोबिन के साथ मिलकर शरीर में आक्सीजन की मात्रा घटाता है। इसी तरह नाइट्रोजन डाइऑक्साइड फेफड़ों के लिए बहुत ही खतरनाक है। इसकी अधिकता से दमा और ब्रोकाइटिस जैसे रोग होने की संभावना बढ़ जाती है। वातावरण में हाइड्रोकार्बन की अधिकता कैंसर जैसे रोगों के लिए जिम्मेदार है। वाहनों से निकलने वाला इथाईलीन जैसा हाइड्रोकार्बन थोड़ी मात्रा में भी पौधों के लिए हानिकारक है। सस्पेन्डेड परटिकुलेट मैटर बहुत छोटे-छोटे कणों के रूप में विभिन्न स्वास्थ्यगत समस्याएं पैदा करते हैं। ऐसे तत्व हमारे फेफड़ों को नुकसान पहुंचाकर सांस संबंधी रोग उत्पन्न करते हैं। वास्तविकता यह है कि आज पर्यावरण के अनुकूल तकनीक के बारे में सोचने की फुर्सत किसी को नहीं है। पुराने जमाने में पर्यावरण के हर अवयव को भगवान का दर्जा दिया जाता था। इसीलिए हम पर्यावरण के हर अवयव की इज्जत करना जानते थे। नए जमाने में पर्यावरण के अवयव वस्तु के तौर पर देखे जाने लगे और हम इन्हें मात्र भोग की वस्तु मानने लगे। उदारीकरण की आंधी ने तो हमारे समस्त ताने-बाने को ही नष्ट कर दिया। इस प्रक्रिया ने पर्यावरण के अनुकूल समझ विकसित करने में बाधा पहुंचाई। यह समझ विकसित करने के लिए एक बार फिर हमें नए सिरे से सोचना होगा। हमें यह मानना होगा कि प्रदूषण की यह समस्या किसी एक शहर ,राज्य या देश के सुधारने से हल होने वाली नहीं है। पर्यावरण की कोई ऐसी परिधि नहीं होती है कि एक जगह प्राकृतिक संसाधनों का दोहन या प्रदूषण होने से उसका प्रभाव दूसरी जगह न पड़े। इसीलिए इस समय सम्पूर्ण विश्व में पर्यावरण के प्रति चिन्ता देखी जा रही है। सवाल यह है कि क्या खोखले आदर्शवाद से वायु प्रदूषण का मुद्दा हल हो सकता है ?

दरअसल जब हम प्रकृति का सम्मान नहीं करते हैं तो वह प्रत्यक्ष रूप से तो हमें हानि पहुंचाती ही है, परोक्ष रूप से भी हमारे सामने कई समस्याएं खड़ी करती है। दरअसल हर साल अक्टूबर-नवम्बर होने वाले इस वायु प्रदूषण के लिए सरकारी नीतियां अपनी जगह जिम्मेदार हैं लेकिन इस सम्बन्ध में जब तक जनता जागरूक नहीं होगी, तब तक कोई सार्थक और ठोस हल नहीं निकल पाएगा। अब समय आ गया है कि हम इस वायु प्रदूषण को रोकने के लिए गम्भीरता के साथ काम करें।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं। ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर आपकी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

आस्था
महेन्द्र तिवारी



दांपत्य जीवन की मधुर परंपरा है करवा चौथ पर्व

भारतीय संस्कृति में त्योहारों और व्रतों का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। यह केवल कर्मकांड नहीं हैं बल्कि मानवीय भावनाओं, रिश्तों और प्रकृति के साथ गहरे जुड़ाव के प्रतीक हैं। इन्हीं में से एक अत्यंत पावन और महत्वपूर्ण पर्व करवा चौथ है, जिसे विशेष रूप से उत्तर भारत में पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह पर्व कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को पड़ता है। दांपत्य जीवन में प्रेम, त्याग, समर्पण और अटूट विश्वास का प्रतीक यह व्रत मुख्य रूप से सुहागिन महिलाओं द्वारा अपने पति की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना के लिए रखा जाता है। यह व्रत सूर्योदय से पूर्व प्रारंभ होता है और रात्रि में चंद्रमा के दर्शन के पश्चात ही पूर्ण माना जाता है। यह कठोर निर्जला व्रत स्त्री की मानसिक और शारीरिक दृढ़ता के साथ ही उसके असीम प्रेम को भी दर्शाता है। इस व्रत की शुरुआत अत्यंत पवित्रता के साथ भोर के समय होती है। सूर्योदय से पूर्व तारे निकलते समय महिलाएं उठकर स्नान आदि से निवृत्त होती हैं। इस समय सास अपनी बहू को सरगी देती है। सरगी एक प्रकार का आशीर्वाद और प्रेम का प्रतीक है जिसमें फल, मिठाइयां, सूखे मेवे और सुहाग की सामग्री शामिल होती है। सरगी ग्रहण करने के पश्चात निर्जला व्रत आरंभ हो जाता है। दिनभर महिलाएं घर के कार्यों में व्यस्त रहती हैं लेकिन उनके मन में निरंतर अपने पति के कल्याण और ईश्वर की भक्ति का भाव रहता है। यह समय आत्म संयम का होता है। शारीरिक भूख और प्यास पर विजय प्राप्त कर मन को एकाग्र करना इस व्रत का मुख्य उद्देश्य है। यह केवल एक शारीरिक तप नहीं है बल्कि मानसिक शुद्धता का भी एक बहुत बड़ा माध्यम है। भारत की विविधता इसके त्योहारों में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। यद्यपि करवा चौथ मुख्य रूप से उत्तर भारतीय राज्यों जैसे पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश का पर्व है परंतु अब इसका विस्तार संपूर्ण भारत में हो चुका है। प्रत्येक क्षेत्र में इस व्रत को मनाने के कुछ अपने स्थानीय रीति रिवाज हैं। पंजाब में भोर के समय सरगी का अत्यधिक महत्व है और वहां की महिलाएं पूरे दिन लोकगीतों के माध्यम से इस उत्सव को मनाती हैं। राजस्थान में सुहागिनें अपनी पारंपरिक वेशभूषा पहनकर मिट्टी के करवे को सजाती हैं और समूह में बैठकर कथा वाचन करती हैं। स्थानों और परंपराओं की इस भिन्नता के बीच जो एक बात समान रहती है वह है पति पत्नी के बीच का निस्वार्थ प्रेम और पारिवारिक कल्याण की असीम कामना। यह क्षेत्रीय विविधता इस पर्व की सुंदरता को और भी अधिक बढ़ा देती है जिससे यह संपूर्ण राष्ट्र के लिए एक सांस्कृतिक सूत्र बन जाता है। जैसे जैसे रात्रि होती है चंद्रमा की प्रतीक्षा बढ़ने लगती है। हर किसी की दृष्टि आकाश की ओर टिकी होती है। चंद्रमा के उदय होने का क्षण इस व्रत का सबसे भावुक और अलौकिक पल होता है।

चंद्रमा को शीतलता, शांति और दीर्घायु का प्रतीक माना जाता है। इस पर्व में छलनी से चंद्रमा को देखने के पीछे भी एक अत्यंत गहरा दार्शनिक और आध्यात्मिक अर्थ छिपा हुआ है। ऐसा माना जाता है कि छलनी के माध्यम से चंद्रमा की किरणें छनकर आती हैं जिससे उनकी शीतलता और पवित्रता और अधिक बढ़ जाती है। छलनी का उपयोग इस बात का भी प्रतीक है कि दांपत्य जीवन में जो भी दोष या बुराइयां हों वे सब छनकर बाहर निकल जाएं और केवल प्रेम, विश्वास और शुद्धता ही शेष रहे। इसके पश्चात पति अपनी पत्नी को अपने हाथों से जल पिलाकर और कोई मिठाई खिलाकर उसका व्रत पूर्ण करवाते हैं। यह पर्व कृषि और प्रकृति से भी बहुत गहराई से जुड़ा हुआ है। कार्तिक मास में गेहूं की बुवाई का समय होता है। पूजा में उपयोग होने वाले मिट्टी के करवे में गेहूं के दाने रखे जाते हैं जो अच्छी फसल और घर में समृद्धि की कामना का प्रतीक हैं। प्रकृति के पंचतत्वों में से एक जल का संरक्षण और उसका सम्मान भी इस व्रत में देखा जा सकता है। मिट्टी का पात्र, जल, चंद्रमा और अन्न, ये सभी प्राकृतिक तत्व इस पर्व को प्रकृति के अत्यंत समीप ले जाते हैं। वर्तमान समय में इस व्रत का स्वरूप थोड़ा विस्तृत हुआ है। यह केवल एक धार्मिक अनुष्ठान न रहकर दो लोगों के बीच के गहरे भावनात्मक रिश्ते का उत्सव बन गया है। यह पर्व यह संदेश देता है कि वैवाहिक जीवन केवल कर्तव्यों का निर्वाह नहीं है, बल्कि यह एक दूसरे की भलाई के लिए किए गए निरंतर प्रयासों, सम्मान और निस्वार्थ प्रेम की एक यात्रा है। करवा चौथ का यह पावन पर्व सदियों से भारतीय समाज में पारिवारिक मूल्यों और दांपत्य जीवन की पवित्रता को सींचता आ रहा है और भविष्य में भी यह अपनी इसी गरिमा के साथ हमारी संस्कृतिक धरोहर का एक अभिन्न अंग बना रहेगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार है, ये उनके अपने विचार हैं।)

गुणों के विकास से आध्यात्मिक स्वास्थ्य संभव



संकलित
दर्शन

हमारे पास एक शरीर है, हमें उसका पोषण करना है और जब वह रोगग्रस्त हो जाता है, तब हमें उसकी देखभाल करनी है। हमें उसके आरोग्य का उपाय ढूंढना है और जीवन के भौतिक पक्ष से जुड़े सभी विषयों पर ध्यान देना है, परंतु बात यह है कि प्रायः मानव जाति केवल यहीं पर रुक जाती है। उससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि हमारे अस्तित्व का एक मनोवैज्ञानिक, भावनात्मक और उच्चतर आध्यात्मिक आयाम भी है। इसलिए सफलता का उनका (परमहंसजी का) मार्ग था उचित संतुलन को प्राप्त करना। वहां, जहां आप भौतिक सफलता और समृद्धि प्राप्त करते हैं। जहां आपके पास भावनात्मक संतुलन और आंतरिक शांति होती है। आध्यात्मिक रूप से आपके पास एक उच्चतर उद्देश्य के लिए अपने जीवन को संचालित करने का ज्ञान होता है, न केवल धन एकत्र करना और परिवार व संतानों की उपलब्धि, अपितु यह अनुभव करने का एक उच्चतर उद्देश्य कि मैं ईश्वर का एक स्फुलिंग हूं, मैं इस भौतिक शरीर में निवास करने वाला आत्मा हूं और अपने जीवन के सभी पक्षों में ईश्वर के पूर्ण साक्षात्कार और अभिव्यक्ति की प्राप्ति ही मेरा अंतिम उद्देश्य है। एक बार जब आप यह धारणा बना लेते हैं, तो जीवन अत्यंत रोमांचक हो जाता है, क्योंकि सब प्रकार के कौशल, क्षमताएं और योग्यताएं आपके लिए उपलब्ध हैं। ये प्रत्येक मनुष्य की अक्षय निधि का अंग हैं, परंतु वे तब तक पूर्ण रूप से निष्क्रिय रहती हैं, जब तक उन्हें सचेतन एकाग्रता और सचेतन प्रयास के द्वारा जाग्रत नहीं किया जाता है।

बहरूपियों से हमेशा सतर्क व सावधान रहें



संकलित
प्रेरणा

एक कबूतर और एक कबूतरी एक पेड़ की डाल पर बैठे थे। उन्हें बहुत दूर से एक आदमी आता दिखाई दिया। कबूतरी के मन में कुछ शंका हुई और उसने कबूतर से कहा कि चलो जल्दी उड़ चले नहीं तो ये आदमी हमें मार डालेगा। कबूतरने लंबी सांस लेते हुए आराम के साथ कबूतरी से कहाः भला उसे ध्यान से देखो तो सही, उसके कपड़े देखो, चेहरे से भोलापन टपक रहा है, ये हमें क्या मारेगा, बिलकुल सज्जन पुरुष लग रहा है। कबूतर की बात सुनकर कबूतरी चुप हो गई। जब वह आदमी उनके पास आया तो अचानक उसने अपने वस्त्र के अंदर से तीर कमान निकाला और झट से कबूतर को मार दिया। और बेचारे उस कबूतरके वहीं प्राण पखेरू उड़ गए। असहाय कबूतरी ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई और बिलखने लगी। उसके बाद वह कबूतरी रोती हुई अपनी फरियाद लेकर राजा के पास गई और राजा को उसने पूरी घटना बताई। तुरंत शिकारी को पकड़ कर दरबार में लाया गया। शिकारी ने डर के कारण अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। उसके बाद राजा ने कबूतरी को ही उस शिकारी को सजा देने का अधिकार दे दिया। कबूतरी ने बहुत दुःखी मन से कहा कि: मेरे विचार से इस क्रूर शिकारी को बस इतनी ही सजा दी जानी चाहिए कि अगर वो शिकारी है तो उसे हर समय शिकारी वाले कपड़े पहनना चाहिए। ये अच्छे व्यक्ति वाले कपड़े उतार दे क्योंकि अच्छे व्यक्ति वेल कपड़े पहन कर धोखे से घिनौने कर्म करने वाले सबसे बड़े नीच होते हैं।

अंतर्मन



- दिलीप साहू, गरियाबंद

आज की पाती

गलत खान-पान का शिकार होता दिल

स्वास्थ्य ही सच्चा धन होता है, लेकिन अफसोस आज हमने आधुनिकता और भौतिकतावाद की अंधी दौड़ में इस सच्चे धन की परवाह करना ही छोड़ दिया है, इस कारण आज दुनिया में जानलेवा बीमारियों का दायरा बढ़ता जा रहा है, विशेषज्ञ बताते हैं कि दुनियाभर में बहुत से लोगों की मौत हार्ट अटैक से होती है। आज दुनियाभर में दिल की बीमारी के मरीजों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है और इसका शिकार अब उम्रदराज लोग ही नहीं, बल्कि युवा और बच्चे भी हो रहे हैं। अगर दिल को बीमारियों से बचना है तो इसके लिए सबसे पहले अपने खान-पान और जीवनशैली पर ध्यान देना होगा, चिंता और तनाव से बचना होगा, प्रकृति के साथ जुड़ना होगा और साफ सफाई का भी ख्याल रखना होगा।

ट्रेंड

भारत-लिकटेंस्टीन संबंध

लिकटेंस्टीन के हेरेडिटरी प्रिंस एलोइस के साथ एक बेहतरीन मुलाकात हुई। हमारी बातचीत काफी व्यापक रही और इसमें कई क्षेत्रों में भारत-लिकटेंस्टीन संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



कैप्टन मच्छार को बधाई

कैप्टन प्रिंस मच्छार को यूएई के प्रतिष्ठित सम्मान 'फर्स्ट एलाउ ऑर्डर ऑफ लाइट II' से नवाजे जाने पर हार्दिक बधाई। उन्होंने असाधारण साहस दिखाते हुए 170 से अधिक यात्रियों की सुरक्षा की और एक संभावित विमान हादसे को टाल दिया।
-डॉ. मोहन यादव, सीएम, मध्यप्रदेश



पंजाब में गठबंधन

जिस व्यक्ति ने पंजाब में 736 करोड़ रुपये की ड्रग्स बेची और वह पैसा अपने बैंक खातों में जमा किया, अमित शाह अब उसी के साथ गठबंधन करके पंजाब को फिर से ड्रग्स में डुबोने की तैयारी कर रहे हैं। पंजाब के लोग ऐसा बिल्कुल नहीं होने देंगे।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली



आरोप-प्रत्यारोप का स्तर

भारतीय राजनीति में आपसी अविश्वास, दुश्मनी, कड़वाहट, और एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का स्तर इतना गिर गया है कि अब यह व्यक्तिगत स्तर पर भी पूरी तरह बेलगाम हो गया है। यह व्यवहार अब असहनीय, अशोभनीय, आपत्तिजनक और संवैधानिक सीमा लांघ चुका है।
- मायावती, पूर्व सीएम, यूपी

करंट अफेयर

बुद्ध की शिक्षाएं अमेरिकी और भारत के समाज को जोड़ती है

अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा ने कहा कि भगवान बुद्ध की सदियों पुरानी शिक्षाएं भारत और अमेरिका के समाजों को जोड़ती हैं और दोनों देशों के बीच सहयोग एवं साझेदारी का बुनियादी आधार हैं।

न्यूयॉर्क स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास द्वारा आयोजित 'भारत का शाश्वत संदेश : प्राचीन काल से समकालीन समय तक बौद्ध धर्म' विषयक सम्मेलन में मंगलवार को विशेष संबोधन देते हुए क्वात्रा ने कहा कि बुद्ध की शिक्षाएं करीब 2,500 साल पुरानी होने के बावजूद आज भी प्रासंगिक हैं और दोनों देशों के समाजों को जोड़ती हैं। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक परंपराएं और बुद्ध की शिक्षाओं को बौद्धिक रूप से आत्मसात करना दोनों देशों के मजबूत संबंधों का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने अमेरिका को बौद्ध विचारों के अकादमिक अध्ययन और उनकी गहरी समझ का प्रमुख केंद्र बताया। क्वात्रा ने कहा कि बुद्ध की शिक्षाओं को समझने का प्रयास करना ही किसी व्यक्ति के लिए प्रेरणादायक यात्रा है। उन्होंने कहा कि इन शिक्षाओं का मूल स्वरूप नहीं बदला है, बल्कि समय के साथ उनकी व्याख्याएं बदली हैं। उन्होंने बताया कि भारत अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय के रूप में नालंदा को पुनर्जीवित करने के लिए प्रयास कर रहा है।



ऑफ बीट

ह्यूमन कंपोस्टिंग अर्थात मृत शरीर से खाद बनाना

अब न्यू साउथ वेल्स मानव शरीर के अंतिम संस्कार के एक अन्य तरीके को कानूनी अनुमति देने वाला ऑस्ट्रेलिया का पहला राज्य बन गया है। इसे 'ह्यूमन कंपोस्टिंग'' कहा जाता है। तकनीकी रूप से इसे 'नेचुरल ऑर्गेनिक रिडक्शन' और कानूनी तौर पर 'टेरामेशन' नाम दिया गया है। इस प्रक्रिया में सूक्ष्मजीवों की मदद से मानव अवशेषों को खाद जैसे पदार्थ में बदला जाता है। मानव शरीर को खाद में बदलने का विचार असामान्य या असहज लग सकता है। लेकिन यह प्रक्रिया वास्तव में कैसे काम करती है? क्या यह मौजूदा तरीकों से बेहतर विकल्प है? इन सवालों के जवाब के लिए पहले यह समझना जरूरी है कि अधिकतर कैसे होता है और प्रकृति में इसकी क्या भूमिका है। इतिहास में मनुष्यों ने मृतकों के शरीर को सुरक्षित रखने, संरक्षित करने और उन्हें वस्त्र पहनाने के लिए अलग-अलग परंपराएं विकसित की हैं। कुछ लोग चाहते हैं कि शरीर जल्दी मिट्टी में मिल जाए, जबकि दूसरे उसे लंबे समय तक सुरक्षित रखने को प्राथमिकता देते हैं। प्राचीन दफन पात्रों और भव्य कब्रों से लेकर ताबूतों, ममी और शव को रासायनिक पदार्थों से संरक्षित करने की परंपराओं तक, इन तौर-तरीकों में सांस्कृतिक और धार्मिक मान्यताएं झलकती हैं।



अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

रिलायंस और विकास

लंबे समय से देश में सबसे अव्वल रहे टाटा समूह का 28 अक्तूबर, 2026 को रिलायंस समूह से पिछड़ जाना एक निर्णायक घटना है। रिलायंस समूह को यह बादशाहत अपनी कंपनी जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड के शेयर के सूचीबद्ध होते ही हासिल हुई है। यह भारत में अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ या शेयर सौदा है और इससे रिलायंस की डिजिटल और दूरसंचार इकाई का कुल बाजार पूंजीकरण बढ़कर 12.50 ट्रिलियन रुपये हो गया है। एकल कंपनी के रूप में देखें, तो जियो प्लेटफॉर्म्स देश की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी हो गई है और पहले स्थान पर भी रिलायंस इंडस्ट्रीज ही है। बड़ा बदलाव यह हुआ है कि एयरटेल को पछाड़कर जियो देश की सबसे बड़ी सूचीबद्ध दूरसंचार ऑपरेटर बन गई है। ध्यान रहे, जियो को देश में नंबर वन दूरसंचार कंपनी बनने में महज दो दशक लगे हैं। इसमें कोई दोराय नहीं कि रिलायंस समूह ने बहुत सुनियोजित ढंग से दूरसंचार क्षेत्र में अपने पांव पसारे हैं और यह अपने आप में विशेष अध्ययन का विषय है।

रिलायंस समूह ने बहुत तैयारी से कदम आगे बढ़ाए हैं और इस अवसर पर अंबानी परिवार की मौजूदगी भी यादगार मानी जाएगी। विशेष रूप से रिलायंस समूह के मुखिया मुकेश अंबानी के लिए यह अवसर ऐतिहासिक है। साल 1977 में पहली बार उनके पिता धीरूभाई अंबानी के नेतृत्व में रिलायंस ने अपने शेयर 10-10 रुपये में बेचे थे।

भारत का आर्थिक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। टाटा समूह अब रिलायंस समूह से पीछे हो गया है और दूरसंचार क्षेत्र में जियो ने एयरटेल को पछाड़ दिया है।

तब मुकेश अंबानी 20 साल के थे और रिलायंस की शेयर आधारित उद्यमशीलता को उन्होंने बेहतरीन ढंग से आगे बढ़ाया। साल 1977 में रिलायंस का मूल्य 70 करोड़ रुपये के आसपास हुआ करता था और आज मुकेश अंबानी के नेतृत्व में यह समूह 12 लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा छूने की ओर बढ़ रहा है। रिलायंस आज दावा करता है कि उसने भारत में डाटा का लोकतंत्रीकरण किया है, तो इसमें आश्चर्य की कोई बात नहीं है। ग्राहक तो यही उम्मीद करेंगे कि रिलायंस समूह एआई, क्लाउड सेवा, अंतरिक्ष से सीधी सेवा और अन्य डिजिटल सेवाएं देने में दुनिया के किसी भी समूह से पीछे नहीं रहे। दूसरी ओर, टाटा समूह, एयरटेल और अन्य तमाम भारतीय कंपनियों को अपनी बेहतर सेवा के सहारे तेजी से आगे बढ़ना होगा।

अब आंकड़े बता रहे हैं कि रिलायंस समूह का संयुक्त बाजार मूल्य 30 ट्रिलियन रुपये से अधिक हो गया और इसने टाटा समूह को 25 ट्रिलियन रुपये पर पीछे छोड़ दिया है। हालांकि, समग्रता में रिलायंस के शेयरों में इस साल 25.4 प्रतिशत की गिरावट आई है, अतः चुनौतियां उसके सामने भी बहुत हैं। शेयर बाजार में गिरावट से आज लगभग हर भारतीय कंपनी चिंतित है। इन कंपनियों को मुश्किल समय में भी लोगों और निवेशकों का जो भी समर्थन मिल रहा है, वह व्यर्थ नहीं जाना चाहिए। बेशक, कंपनियों की पूंजी में वृद्धि हो, पर बुनियादी अपील यही है कि आम लोगों के विकास को सीधे बल मिले। बीते समय में भारतीय अर्थव्यवस्था चौथे से छठे स्थान पर पहुंच गई है, पर प्रेरक तथ्य यह है कि 25 साल पहले हमारी अर्थव्यवस्था 13वें स्थान पर थी। देश का सकल घरेलू उत्पाद बीते 25 साल में 21 लाख करोड़ रुपये से 345 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जबकि भारतीयों की सालाना आय 17,789 रुपये से बढ़कर दो लाख रुपये से ऊपर पहुंच गई है। अर्थव्यवस्था में यह एक शृंखला है, जिसे और मजबूत व संतुलित बनाने की जरूरत है। कंपनियों को तेजी से आगे बढ़ने के साथ ही आय वितरण का औसत भी सुधारते चलना होगा।

हिन्दुस्तान 75 साल पहले 29 अक्तूबर, 1951

ब्रिटिश चुनाव

ब्रिटिश आम चुनाव में मजदूर दल की हार और अनुदार दल की जीत एक ऐसी घटना है जिस पर पूरी दुनिया का ध्यानाकर्षण होना स्वाभाविक है। ब्रिटेन वर्तमान युग में एक शक्तिशाली राज्य रहा है और साम्राज्य का अन्त हो जाने पर भी उसका महत्व बहुत कुछ बना हुआ है। खासकर हमारे देश का, राष्ट्रवादी दल के एक सदस्य के रूप में, उससे अब भी घनिष्ठ संबंध है तथा हमारी अर्थ-व्यवस्था किसी हद तक आज भी ब्रिटेन के साथ जुड़ी हुई है। इसलिए हमारे यहां ब्रिटिश चुनाव का परिणाम विशेष ध्यान के साथ देखा जाना अनिवार्य है।

मजदूर दल के साथ हमारी कुछ अनकूल भावना रही है। हमारे देश के स्वतंत्रता-संग्राम के साथ उसकी सहानुभूति के कुछ स्मरण जुड़े हुए हैं तथा श्रीलंका और पाकिस्तान के अलावा हमारे देश को ब्रिटिश प्रभुत्व से जो मुक्ति मिली वह भी मजदूर शासन में एवं मजदूर सरकार की पहल से ही संभव हुई है, इसलिए मजदूर दल की हार का बुरा असर हमारे यहां पड़ना बिल्कुल स्वाभाविक है। अनुदार दल साम्राज्य का खुला समर्थक और हमारी स्वातंत्र्य-भावनाओं का विरोधी रहा है, इसलिए उसकी जीत से हमारे लोगों का कुछ सशंक होना अस्वाभाविक नहीं है। लेकिन हमारी भावनाएं हमारे लिए हैं, ब्रिटेन के लोग अपनी परिस्थितियों के अनुसार ही निर्णय कर सकते हैं।

उन्होंने जो फैसला किया है उसका कारण यही हो सकता है कि मजदूर दल के छः वर्षीय शासन ने उन्हें संतुष्ट नहीं किया और वे दूसरे पक्ष को मौका देना चाहते हैं। अनुदार दल के नेता चर्चिल उनके लिए नए नहीं और द्वितीय महासमर के संकट को दूर करने में उन्होंने ब्रिटेन का सफल नेतृत्व किया है, उनकी उस सफलता के स्वीकृतिस्वरूप राष्ट्र ने शांति के इस संकटकाल में भी रास्ता निकालने को उनका आवाहन किया है। वह सफल होंगे या नहीं, यह भविष्य ही बताएगा।

मजदूर सरकार का जहां तक प्रश्न है, द्वितीय महासमर के बाद वह अस्तित्व में आई थी और गत वर्ष (1950) ही पुनः चुनाव में विजयी हुई थी। अपने इस काल में उसने कल्याणकारक राज्य के सिद्धांत को अपनाया और भारत, पाकिस्तान तथा श्रीलंका को स्वतंत्र कर ब्रिटिश साम्राज्य को राष्ट्रमंडल में परिणत करने के अलावा देश में भी साहसी कार्यक्रम अपनाए।

विधान परिषद चुनावों ने हमें क्या बताया



आशुतोष | वरिष्ठ पत्रकार

कांग्रेस से बड़ी उम्मीद लगाए लोगों को जहां निराशा हुई है, वहीं भाजपा का मनोबल बढ़ा होगा। वैसे, इन चुनावों के आधार पर किसी अंतिम निष्कर्ष पर पहुंचना गलत होगा।

कांग्रेस जनता पार्टी के आंदोलन और विपक्ष के जमीनी संघर्ष की वजह से क्या राजनीति की हवा बदलती हुई दिख रही है? क्या यह कहना सही होगा कि केंद्र सरकार के लिए आगे के दिन मुश्किल भरे होंगे? क्या उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव भारतीय जनता पार्टी के लिए संकट का सबब होगा? ये वे सवाल हैं, जिनका जवाब आज लोग खोज रहे हैं। ऐसे में, कई लोगों को यह उम्मीद थी कि चार राज्यों की विधान परिषद की 28 सीटों के लिए हुए चुनाव के नतीजे शायद हवा का रुख बताएं। ऐसे तमाम लोगों को निराशा हाथ लगेगी। हकीकत में कांग्रेस से बड़ी उम्मीद लगाए लोगों को खासी निराशा होगी। कांग्रेस इस विधान परिषद चुनाव में सबसे ज्यादा घाटे में दिखाई पड़ रही है। कर्नाटक और बिहार में उसका खाता तक नहीं खुला। महाराष्ट्र में भी उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं रहा।



कर्नाटक में, जहां कांग्रेस की सरकार है और अभी हाल ही में पार्टी ने अपना मुख्यमंत्री बदला है, उसे जोर का झटका लगा है। पार्टी ने सिद्धारमैया को हटाकर डी के शिवकुमार की कुर्सी सौंपी। शिवकुमार की शोहरत एक आक्रामक नेता और बड़े संगठनकर्ता की है, पर उनके नेतृत्व में पार्टी चारों सीट हार गई। भाजपा-जेडीएस गठबंधन ने सभी सीटों पर बाजी मार ली है। तीन पर भाजपा और एक पर जेडीएस को जीत मिली है। यह तब हुआ, जब राज्य में भारतीय जनता पार्टी संगठन की हालत ठीक नहीं है और पार्टी अध्यक्ष विजयेंद्र को लेकर भारी बड़बेढ़ी है। क्या कांग्रेस ने सिद्धारमैया को हटाकर राजनीतिक गलती की है? यह सवाल अब शिद्दत से पूछा जाएगा।

इसी तरह, बिहार में भी बड़ा सवाल है कि क्या नीतीश कुमार की जगह सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री बनाना सही फैसला था? बिहार से भाजपा के लिए अच्छी खबर नहीं है। प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी एक नए विकल्प के तौर पर उभर सकती है। प्रशांत ने पहले बांकीपुर में भाजपा की जमीन छिटकाई और अब विधान परिषद चुनाव में एक सीट जीतकर उन्होंने भविष्य के संकेत दे दिए हैं। राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस को अपने आपसी झगड़े से ही फुरसत नहीं है। कांग्रेस को यहां भी निराशा हाथ लगी है। एनडीए को बिहार में अब नई रणनीति तलाशनी पड़ेगी, नहीं तो उसकी चुनौतियां यहां से बढ़ती जाएंगी। गौरतलब है, राज्य की आठ सीटों के परिणाम बराबरी के मुकाबले की मुनादी कर रहे हैं। भाजपा के लिए चिंता की बात यह है कि पटना और दरभंगा जैसी जगहों में शहरती वोटर उससे छिटकते दिख रहे हैं।

मौजूदा राजनीतिक कोलाहल में उत्तर प्रदेश पर सबकी नजर है कि आने वाले विधानसभा चुनाव में क्या होगा? क्या भाजपा को लगातार तीसरा कार्यकाल मिलेगा या अखिलेश यादव भाग्यशाली साबित होंगे? केंद्र में भारतीय जनता पार्टी के भविष्य के लिए यूपी का चुनाव बेहद अहम है, क्योंकि पार्टी इस वक्त एक बड़े मंथन के दौर से गुजर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद की राजनीति में नए चेहरों और नेताओं पर अटकलों का दौर जारी है। बहरहाल उत्तर प्रदेश में विधान परिषद की 11 सीटों पर वोट पड़े हैं और भारतीय जनता पार्टी ने समाजवादी पार्टी पर अपनी बढ़त बरकरार रखी है। भाजपा नेता यहां यह तर्क दे रहे हैं कि पार्टी को अधिक परेशान होने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन यह भी नहीं भूलना चाहिए कि वाराणसी में पार्टी को हार मिली है।

साल 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को उत्तर प्रदेश में अप्रत्याशित रूप से नुकसान उठाना पड़ा था। जिस प्रदेश में उसे 70 से अधिक सीट जीतने की उम्मीद थी, वहां वह महज 33 पर सिमट गई, जबकि समाजवादी पार्टी को 37 सीटें पर कामयाबी मिली। और उसकी सहयोगी कांग्रेस ने भी छह सीटें हासिल कर लीं। भाजपा के लिए कचोटने वाली बात यह रही कि पार्टी अयोध्या में हार गई। ऐसे में, विधान परिषद चुनाव में वाराणसी में भाजपा का हारना उसके लिए किसी भी कोण से शुभ संकेत नहीं है। इसी के साथ गोरखपुर के चुनाव नतीजों की भी चीर-फाड़ होगी और इन दोनों ही क्षेत्रों में जीत-हार की विवेचना अलग ढंग से की जाएगी।

महाराष्ट्र में अब भी महायुति का दबदबा है। हालांकि, भारतीय जनता पार्टी, एनसीपी और शिव सेना (शिंदे गुट) में आपसी खींचतान की खबरें आती रहती हैं, लेकिन उसके सामने विपक्ष बुरी तरह पस्त पड़ा है। उद्धव ठाकरे की शिवसेना हो या फिर शरद पवार, कहीं कोई राजनीतिक पहल दिखाई नहीं पड़ रही है। इसका असर विधान परिषद की पांच सीटों पर हुए चुनाव में साफ देखा जा सकता है। नतीजे बताते हैं कि महाअघाड़ी के दल बेहतर तालमेल से लड़ते तो बहुत अच्छा कर सकते थे। महाराष्ट्र में जहां एनसीपी (शरद पवार) का प्रदर्शन बेहतर है, तो वहीं कांग्रेस कमजोर नजर आ रही है। संकेत साफ है कि महाराष्ट्र विकास अघाड़ी को नए सिरे से खुद को खड़ा करना पड़ेगा। कांग्रेस को महाराष्ट्र में बढ़त लेनी पड़ेगी और खुद की मजबूती से खड़ा करना होगा। शरद पवार की उम्र काफी हो गई है और उद्धव ठाकरे की निष्क्रियता भी महाविकास अघाड़ी का नुकसान बढ़ा रही है।

वैसे, विधान परिषद के इन चुनावों के आधार पर किसी अंतिम निष्कर्ष पर पहुंचना गलत होगा। इन चुनावों का दायरा बहुत सीमित होता है। आम तौर पर शहरी और पढ़े-लिखे मतदाता ही इसमें हिस्सा लेते हैं। इसलिए इन नतीजों के मंतव्य गांव और सुदूर इलाकों के मतदाताओं के रुख का अंदाजा लगाना या कोई आखिरी टिप्पणी करना उचित नहीं होगा। फिर विधान परिषद के चुनाव वैसे भी बेहद स्थानीय होते हैं और इनमें तात्कालिक समीकरण काफी मायने रखते हैं। इन चुनावों के जरिये ने तो मुख्यमंत्री का चयन होता है और न ही प्रधानमंत्री का, जिससे वोटर इन चुनावों को गंभीरता से लें और अपनी खुशी-नाराजगी का इजहार सत्ता के खिलाफ या पक्ष में करें।

कुल मिलाकर, कांग्रेस के लिए बुरी खबर है। राहुल गांधी की तमाम आक्रामकता के बावजूद पार्टी को इन चुनावों में कोई फायदा क्यों नहीं हुआ? इस सवाल पर उसे अवश्य मंथन करना चाहिए, अन्यथा राहुल की सारी मेहनत बेकार हो जाएगी। यह सच है, इन चुनावों से भाजपा का मनोबल जरूर बढ़ा होगा। बहरहाल, अभी दिल्ली दूर है। उसके पहले लखनऊ की जंग है। अभी तो पार्टी शुरू हुई है और पूरी फिल्म बाकी है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

दिल्ली को दस वर्षीय स्वच्छ वायु योजना चाहिए



ब्रजेश कुमार तिवारी | प्रोफेसर, जेएनयू

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में हवा की गुणवत्ता अक्तूबर का अंतिम सप्ताह आते ही एक बार फिर चिंता बढ़ाने लगी है। गत 21 अक्तूबर को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 245 पहुंच गया, जिसके बाद वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को पूरे एनसीआर में ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रेप) का पहला चरण लागू करना पड़ा। यह कोई अप्रत्याशित संकट नहीं है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सरकारी आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में पीएम 2.5 की वार्षिक औसत सांद्रता 2018 में 114 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर थी। यह 2019 में 109, 2021 में 105, 2022 में 98, 2023 में 100, 2024 में 105 और 2025 में 97 रही। कोविड प्रभावित 2020 में यह 95 दर्ज हुई थी। इस प्रकार 2018 से 2025 के बीच प्रदूषण में लगभग 15 प्रतिशत की कमी आई। यह सुधार महत्वपूर्ण है, लेकिन पर्याप्त नहीं। भारत में पीएम 2.5 का वार्षिक मानक 40 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर है, जबकि विश्व स्वास्थ्य संगठन का दिशा-निर्देश केवल 5 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर का है। वायु प्रदूषण को सामान्यतः अस्थालों में बढ़ती भीड़ और सांस संबंधी बीमारियों से जोड़कर देखा जाता है। लेकिन इसका आर्थिक नुकसान कहीं व्यापक है। विश्व बैंक ने जून 2026 में प्रकाशित अपने विश्लेषण में बताया है कि वर्ष 2019 में वायु प्रदूषण के कारण पूरे भारत में समय से पहले हुई मौतों और बीमारियों के कारण लगभग 36.8 अरबडॉलर के उत्पादन का नुकसान हुआ था।

विश्वस्तरीय राजधानी के लिए केवल सड़कें, मेट्रो और इमारतें पर्याप्त नहीं होती हैं। उसकी हवा भी रहने और काम करने योग्य होनी चाहिए।

किसी उद्योग को दिल्ली से हटाकर गाजियाबाद, बहादुरगढ़ या सोनीपत भेज देने से पूरे क्षेत्र का प्रदूषण समाप्त नहीं होगा। हवा प्रशासनिक सीमाएं नहीं मानती। इसलिए नए औद्योगिक क्षेत्रों का चयन क्षेत्र में हवा के प्रवाह, आबादी, जल, परिवहन और पर्यावरणीय क्षमता को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए। सरकार ने इसी साल फरवरी में चिह्नित प्रदूषणकारी औद्योगिक इकाइयों के लिए पार्टिकुलेट मैटर उत्सर्जन का अधिकतम मानक 50 मिलीग्राम प्रति घनमीटर निर्धारित किया और 1 अक्तूबर से इसे संबंधित इकाइयों पर लागू कर दिया। यह अहम निर्णय है। अब जरूरत वास्तविक अनुपालन की है। प्रत्येक बड़े प्रदूषणकारी उद्योग के उत्सर्जन आंकड़े सार्वजनिक पोर्टल पर उपलब्ध होने चाहिए। स्वतंत्र जांच, अचानक निरीक्षण और बार-बार उल्लंघन करने वाली इकाइयों पर कठोर आर्थिक दंड जरूरी है। अच्छी औद्योगिक नीति वही है, जिसमें उत्पादन और रोजगार बढ़ें, लेकिन प्रदूषण की सामाजिक लागत घटे।

सरकार ने वाहनों के लिए बीएस छह मानक, मेट्रो विस्तार, इलेक्ट्रिक बसों, निर्माण स्थलों पर धूल नियंत्रण और ग्रेप जैसी व्यवस्थाएं विकसित की हैं। इस साल सितंबर में उपलब्ध सरकारी जानकारी के अनुसार, दिल्ली के 6,840 बसों के बेड़े में 5,088 इलेक्ट्रिक बसें थीं। केंद्र सरकार ने पुराने ट्रकों और बसों की जगह अपेक्षाकृत स्वच्छ वाहन लाने के लिए इस साल जून में 9,585 करोड़ रुपये की परिवर्तन योजना को मंजूरी दी। स्वच्छ हवा केवल आर्थिक विकास रोकने से नहीं, बल्कि तकनीकी सुधार, सही आर्थिक प्रोत्साहन और लगातार नियम लागू करने से प्राप्त होती है।

इसलिए, जरूरी है कि दिल्ली में अगले दस वर्षों के लिए एक स्पष्ट और बाध्यकारी स्वच्छ वायु योजना बनानी चाहिए। दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के एनसीआर क्षेत्रों के लिए साझा औद्योगिक उत्सर्जन मानचित्र, संयुक्त निगरानी व्यवस्था और परिणाम आधारित बजट बनाया जाए। स्थानीय निकायों के प्रदर्शन का आकलन सड़क की धूल, कचरा जलाने की घटनाओं और प्रदूषणकारी गतिविधियों में वास्तविक कमी से हो। इसी तरह सार्वजनिक परिवहन को सुविधाजनक और निजी वाहन की तुलना में आर्थिक रूप से आकर्षक बनाना होगा।

इसमें नागरिकों की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। कचरा जलाना, अनावश्यक निजी वाहन चलाना, निर्माण सामग्री खुले में रखना और प्रदूषण संबंधी नियमों की अनदेखी करना सामूहिक नुकसान पहुंचाता है। इसीलिए, दिल्ली को विश्वस्तरीय राजधानी बनाने के लिए केवल नई सड़कें, मेट्रो और इमारतें पर्याप्त नहीं हैं। उसकी हवा भी रहने और काम करने योग्य होनी चाहिए।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

कबीर को समझिए

संत तो हजारों हुए हैं, पर कबीर ऐसे हैं, जैसे पूर्णिमा का चांद- अतुलनीय, अद्वितीय। जैसे अंधेरे में कोई अचानक दीया जला दे, ऐसा यह नाम है। मैं कबीर के शब्दों का अर्थ नहीं करूंगा। शब्द तो सीधे-सादे हैं। कबीर को तो पुनरुज्जीवित करना होगा। व्याख्या नहीं हो सकती उनकी, उन्हें पुनरुज्जीवन दिया जा सकता है। उन्हें अवसर दिया जा सकता है कि वे मुझसे बोल सकें।

तुम ऐसे ही सुनना, जैसे यह कोई व्याख्या नहीं है, जैसे कबीर का फिर से आगमन है। कबीर तो दीवाने हैं। दीवाने ही केवल उन्हें समझ पाए और दीवाने ही केवल समझ सकते हैं। कबीर मस्तिष्क से नहीं बोलते हैं। यह तो हृदय की वीणा की अनुगूंज है। तुम्हारे हृदय के तार भी छू जाएं, तुम भी बज उठो, तो ही कबीर समझे जा सकते हैं। यह कोई शास्त्रीय, बौद्धिक आयोजन नहीं है। कबीर को पीना होता है- चुस्की-चुस्की और डूबना होता है। भूलना होता है अपने को, मदमस्त होना होता है।

भाषा पर अटकोगे, तो चूकोगे, भाव पर जाओगे, तो पहुंच जाओगे। भाषा तो कबीर की टूटी-फूटी है, लेकिन भाव अनूठे हैं। इतने कि उपनिषद फीके पड़ जाएं। भाषा पर अटकोगे, तो कबीर साधारण मालूम होंगे। कबीर ने कहा भी- *लिखा-लिखी की है नहीं, देखा-देखी बात।* पढ़कर नहीं कह रहे हैं। देखा है आंखों से। जो नहीं देखा जा सकता, उसे देखा है और जो नहीं कहा जा सकता, उसे कहने की कोशिश की है।

बहुत श्रद्धा से ही कबीर समझे जा सकते हैं। शंकराचार्य को समझना हो, श्रद्धा की ऐसी कोई जरूरत नहीं। शंकराचार्य का तर्क प्रबल है। नागार्जुन को समझना हो, तो श्रद्धा की क्या आवश्यकता? उनके प्रमाण, उनके विचार, उनके विचार की अद्भुत तर्कसरणी, वहप्रभावित करेगी। कबीर के पास न तर्क है, न विचार है और न दर्शनशास्त्र है। शास्त्र से कबीर का क्या लेना-देना? कबीर ने कहा भी- *मसि कागद छुओ नहीं।* कभी छुआ ही नहीं जीवन में कागज, स्याही से कोई नाता ही नहीं बनाया। सीधी-सीधी अनुभूति है, आंगर है, राख नहीं। राख को तो तुम सम्हालकर रख सकते हो। अंगार को सम्हालना हो, तो श्रद्धा चाहिए, तभी पी सकोगे यह आग।

कबीर आग हैं और एक घूंट भी पी लो, तो तुम्हारे भीतर भी अग्नि भभक उठे-सोई अग्नि जन्मों-जन्मों की। तुम भी दीये बनो। तुम्हारे भीतर भी सूरज उगे। और ऐसा हो, तब ही समझना कि कबीर को समझा। ऐसा न हो, तो समझना कि कबीर के शब्द पकड़े, शब्दों की व्याख्या की, शब्दों के अर्थ जाने- पर वह सब ऊपर-ऊपर का काम है। जैसे कोई जमीन को खोद, दो-इंच खोदे और सोचे कि कुआं हो गया। गहरा खोदना होगा। खुदादें तो कंकड़-पत्थर आएंगे। कूड़ा-कचरा आएगा। मिट्टी हटानी होगी। तभी धीरे-धीरे जलस्रोत के निकट पहुंच सकोगे।

ओशो

भाषा पर अटकोगे, तो चूकोगे, भाव पर जाओगे, तो पहुंच जाओगे। भाषा तो कबीर की टूटी-फूटी है, लेकिन भाव अनूठे हैं। इतने कि उपनिषद, तमाम ग्रंथ फीके पड़ जाएं।

निर्मला सीतारमण | केंद्रीय वित्त मंत्री



आर्थिक बदलाव के संकल्प के साथ हम एक ऐसा वित्तीय क्षेत्र तैयार कर रहे हैं, जो भविष्य के लिए पूरी तरह तैयार हो। इसका उद्देश्य ग्राहकों को सशक्त बनाना, उद्यमियों को समर्थन देना और विकसित भारत के सपने को साकार करने में योगदान देना है।

एथेनॉल से आत्मनिर्भरता की नई उम्मीद


भारत में शत-प्रतिशत एथेनॉल, यानी ई-100 ईंधन के इस्तेमाल की दिशा में बढ़ा कदम ऊर्जा आत्मनिर्भरता और स्वच्छ परिवहन की नजर से महत्वपूर्ण है। ई-100 ईंधन के इस्तेमाल का रास्ता साफ होने से हमें कई तरह के लाभ मिल सकते हैं। सबसे बड़ा लाभ तो यही होगा कि कच्चे तेल के आयात में कमी आ सकती है। भारत अपनी तेल जरूरतों का करीब 85 फीसदी हिस्सा अन्य देशों से खरीदता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उछाल या युद्ध जैसी परिस्थितियां देश के आयात बिल, महंगाई और चालू खाते के संतुलन को प्रभावित करती हैं। ऐसे में, घरेलू स्तर पर तैयार एथेनॉल पेट्रोल का विकल्प बन सकता है। सरकार के अनुसार, पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने के कार्यक्रम से अब तक 1.4 लाख करोड़ रुपये से अधिक की विदेशी मुद्रा बचाने में मदद मिली है। हालांकि, यह बचत एथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम से संबंधित है, इसे ई-100 से हुई बचत नहीं समझना चाहिए।

इसका दूसरा बड़ा लाभ कृषि क्षेत्र को मिल सकता है। एथेनॉल का उत्पादन गन्ने के रस, शीरे, मक्का और कुछ अन्य कृषि उत्पादों से किया जाता है। इससे किसानों को अपनी उपज के लिए अतिरिक्त बाजार मिल सकता है। चीनी मिलों को भी आय का नया स्रोत मिलेगा। यदि उत्पादन, खरीद और भुगतान की व्यवस्था पारदर्शी हो, तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था में निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ सकते हैं। पर्यावरण की दृष्टि से भी ई-100 एक उपयोगी विकल्प हो सकता है। एथेनॉल में ऑक्सीजन की मात्रा अधिक होने के कारण उपयुक्त इंजन से कुछ प्रदूषकों का उत्सर्जन घट सकता है। फ्लेक्स-फ्यूल वाहन ईंधन में एथेनॉल की मात्रा के अनुसार इंजन तैयार कर सकते हैं। इससे पारंपरिक पेट्रोल पर निर्भरता कम करने और परिवहन क्षेत्र में वैकल्पिक ईंधन अपनाने में मदद मिलेगी। हालांकि, एथेनॉल को पूरी तरह प्रदूषण-मुक्त ईंधन कहना उचित नहीं होगा, क्योंकि इसके उत्पादन, परिवहन और कृषि में इस्तेमाल होने वाली ऊर्जा का भी पर्यावरण पर असर पड़ता है।

यहां ब्राजील का उदाहरण स्वाभाविक ही दिया जा रहा है। वहां लंबे समय से एथेनॉल और पेट्रोल के विभिन्न मिश्रणों का इस्तेमाल हो रहा है। भारत भी अपनी कृषि क्षमता और वाहन उद्योग की तकनीकी दक्षता के सहारे इस दिशा में आगे बढ़ सकता है। इसके लिए सरकार, वाहन निर्माताओं, तेल कंपनियों और किसानों को मिलकर काम करना होगा। अगर ऐसा हो सका, तो यकीनन ई-100 ईंधन भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने वाला विकल्प बन सकता है। यह पहल भविष्य में आयात-निर्भरता भी घटा सकती है।

सुजीत कुमार, टिप्पणीकार

अनुलोम-विलोम
ई-100 ईंधन



ई-100 ईंधन की राह में कई चुनौतियां

सौ फीसद एथेनॉल, यानी ई-100 ईंधन के इस्तेमाल को मंजूरी मिलना वैकल्पिक ऊर्जा की दिशा में अहम है, लेकिन इसके पेट्रोल का विकल्प बनना आसान नहीं है। सरकार का हालिया फैसला केवल उन फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों के लिए है, जिन्हें वाहन-निर्माता इसके अनुकूल मानते हैं। इसलिए सभी पेट्रोल वाहनों में ई-100 के इस्तेमाल की मंजूरी या उपलब्धता की शुरुआत मानना जल्दबाजी होगी।

इस ईंधन की राह में सबसे बड़ी चुनौती इसकी कीमत और वाहन की लागत है। पेट्रोल की तुलना में एथेनॉल में प्रति लीटर ऊर्जा कम होती है। ऐसे में, समान दूरी तय करने के लिए अधिक मात्रा में ईंधन की जरूरत पड़ सकती है। यदि एथेनॉल की कीमत पेट्रोल के मुकाबले पर्याप्त कम नहीं हुई, तो उपभोक्ता को अपेक्षित लाभ नहीं मिल सकेगा। इसी तरह, नीति आयोग और पेट्रोलियम मंत्रालय के 2021 के रोडमैप में फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों की अतिरिक्त लागत और ई-100 की देशव्यापी उपलब्धता को इनके प्रसार की प्रमुख चुनौतियों में गिना गया था। वाहन तकनीक निश्चय ही एक बड़ी चुनौती है। सामान्य पेट्रोल वाहनों के इंजन, ईंधन आपूर्ति प्रणाली और कुछ रबर-प्लास्टिक घटकों को शत-प्रतिशत एथेनॉल के अनुरूप तैयार नहीं किया जाता। एथेनॉल की रासायनिक विशेषताओं और नमी सोखने की क्षमता के कारण ईंधन प्रणाली की अनुकूलता, जंग से बचाव, टंडम में इंजन चालू करने और दीर्घकालीन टिकाऊपन जैसे पहलुओं पर विशेष ध्यान देना पड़ता है। इसके लिए अलग तकनीक, परीक्षण व गुणवत्ता मानकों की जरूरत होगी। ई-100 को सामान्य पेट्रोल वाहनों में इस्तेमाल करने की सलाह देना जोखिम भरा होगा। उपभोक्ताओं को वाहन निर्माता के निर्देशों का ही पालन करना चाहिए।

इस ईंधन से कृषि और जल संसाधनों पर पड़ने वाला दबाव भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। यदि एथेनॉल उत्पादन बढ़ाने के लिए गन्ने और धान जैसी फसलों की मांग तेजी से बढ़ती है, तो खेती की जमीन, सिंचाई के पानी और खाद्यान्न उत्पादन के बीच प्रतिस्पर्द्धा पैदा हो सकती है। खाद्यान्न से ईंधन बनाने की नीति का असर बाजार में कृषि उपज की कीमतों पर पड़ सकता है। इसलिए एथेनॉल उत्पादन में कृषि अवशेषों और गैर-खाद्य जैविक पदार्थों को बढ़ावा देना जरूरी है। इसके अतिरिक्त, ई-100 के लिए भंडारण, परिवहन और वितरण व्यवस्था अलग से विकसित करनी होगी। साफ है, ई-100 के लिए पर्याप्त बिक्री केंद्र, ईंधन की गुणवत्ता और उसकी नियमित आपूर्ति चुनौती होगी। इसलिए, अभी इसको लेकर बहुत उम्मीद पालने की जरूरत नहीं है।

मोहित, टिप्पणीकार

यूजीसी नेट में सफल होने की पूरी तैयारी



सहायक प्रोफेसर की पात्रता से लेकर शोध फेलोशिप तक, यूजीसी नेट कई अवसरों का रास्ता खोलती है। दिसंबर में यह परीक्षा आयोजित होनी है। यानी अब तैयारी को अंतिम रूप देने का समय है। स्मार्ट रिवीजन, मॉक टेस्ट एवं जरूरी सावधानियों से तैयारी को बेहतर कैसे बनाएं, बता रही हैं तृप्ति मिश्रा

असिस्टेंट प्रोफेसर, जूनियर रिसर्च फेलोशिप और पीएचडी के लिए पात्रता परीक्षा के तौर पर यूजीसी नेट का आयोजन साल में दो बार होता है। इतना ही नहीं, इस परीक्षा के स्कोर से सार्वजनिक उपक्रमों के मानव संसाधन, प्रबंधन, जनसंपर्क और कानून सहित विभिन्न विभागों में अधिकारियों की भर्ती में उम्मीदवार को बढ़त भी मिल सकती है। इस बार दिसंबर सत्र के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 अक्तूबर 2026 है।

इस परीक्षा की लोकप्रियता का अंदाजा इस बात से लगा सकते हैं कि अब तक इसके लिए 5.5 लाख से अधिक आवेदन आ चुके हैं। वहीं, दिसंबर 2025 में 7.36 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए थे, जिनमें से करीब 1.77 लाख सफल हुए। यानी सफलता दर लगभग 24 फीसदी रही, जो परीक्षा में कड़ी प्रतिस्पर्धा को दर्शाता है।

पहले तय करें, नेट क्यों देना है

यूजीसी नेट का आयोजन राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) करती है। इसके जरिए तीन तरह की पात्रताएं मिलती हैं।

- अगर अंक जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) की कटऑफ तक पहुंचते हैं, तो वह अभ्यर्थी जेआरएफ सहित सहायक प्रोफेसर और पीएचडी के लिए पात्र हो सकता है।
- अगर अंक जेआरएफ की कटऑफ तक नहीं पहुंचते, लेकिन सहायक प्रोफेसर की कटऑफ पूरी करते हैं, तो वह सहायक प्रोफेसर और पीएचडी के लिए पात्र हो सकता है।
- अगर केवल पीएचडी की निर्धारित कटऑफ पूरी करता है, तो सिर्फ पीएचडी में प्रवेश के लिए पात्रता मिलती है।

कुछ जरूरी बातें : अपनी शैक्षणिक योग्यता के अनुसार पात्रता की शर्तें जांचें। आधिकारिक पाठ्यक्रम के अनुसार तैयारी करें। दोनों पेपरों के अंकों पर नजर रखें। एनटीए की वेबसाइट से परीक्षा संबंधी सूचनाएं लेते रहें।

ऐसा होगा परीक्षा का प्रारूप

दिसंबर 2026 की परीक्षा 14 से 18 और 21 दिसंबर को प्रस्तावित है। यह कंप्यूटर आधारित परीक्षा होगी। दोनों पेपर के लिए तीन घंटे मिलेंगे और बीच में ब्रेक नहीं होगा। पेपर-1 में 50 प्रश्न (100 अंक) होंगे, जो शिक्षण, शोध, तर्कशक्ति, गणित, सामान्य ज्ञान आदि से जुड़े होते हैं। पेपर-2 में चुने गए विषय से 100 सवाल (200 अंक) आते हैं। कुल 150 सवाल और 300 अंक होते हैं। हर सही उत्तर के दो अंक मिलेंगे। गलत उत्तर पर अंक नहीं कटते।

ऑनलाइन संसाधनों से मदद

कंप्यूटर आधारित परीक्षा यानी सीबीटी के प्रारूप से परिचित होने के लिए एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट **nta.ac.in/quiz** पर भी अभ्यास कर सकते हैं। ध्यान दें कि यह सुविधा परीक्षा के इंटरफेस की जानकारी देती है। इसे हर साल के यूजीसी नेट का पूर्ण मॉक टेस्ट न माना जाए। इसके अलावा ऑनलाइन कक्षाओं, वीडियो लेक्चर, डिजिटल नोट्स की मदद ले सकते हैं। **swayam.gov.in** पर मुफ्त कोर्स व वीडियो लेक्चर उपलब्ध हैं।

5.5 लाख से अधिक आवेदन आए यूजीसी-नेट 2026 दिसंबर सत्र के लिए 26 अक्तूबर तक। जून सत्र में इस परीक्षा में करीब 75% अभ्यर्थी शामिल हुए थे।

अनुभव से जानें तैयारी की रणनीति

यूजीसी नेट उत्तीर्ण कर चुके डॉ. बृजराज सिंह (शोध विशेषज्ञ एवं शैक्षणिक परामर्शदाता) के अनुसार पेपर-2 के साथ पेपर-1 पर भी ध्यान दें, क्योंकि इसके 100 अंक कुल स्कोर बढ़ा सकते हैं। तर्कशक्ति में स्वव्यवर ऑफ अपोजिशन, हेत्वाभास और प्रमाण जैसे विषयों की समझ विकसित करें।

- एक साथ कई किताबें पढ़ने के बजाय सीमित व भरोसेमंद सामग्री चुनें। पेपर-1 के लिए ट्रूमैन या पियर्सन और पेपर-2 के लिए विषय की मानक किताबों से तैयारी करें।
- सूचना एवं संचार तकनीक में स्वयं, स्वयं प्रभा, **MOOCs**, इंटरनेट और मालवेयर से जुड़े विषय तैयार करें। पर्यावरण में प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण समझौतों पर ध्यान दें।
- पेपर-2 का पूरा पाठ्यक्रम पढ़ें और पुराने प्रश्नपत्र हल करें। कठिन विषयों को समझने के लिए वीडियो लेक्चर्स और ऑई-ट्यूल्स की मदद ले सकते हैं। जानकारी भरोसेमंद स्रोतों से जांचें।
- परीक्षा के आखिरी दिनों में नियमित अभ्यास करना और नए विषय शुरू करने के बजाय पढ़े हुए पाठ को मजबूत करना बेहतर रहेगा।

वीडियो लेक्चर से समझें विषय : भारत सरकार की पहल **epgp.inflibnet.ac.in** (ई-पीजी पाठशाला) पर 70 से अधिक विषयों की अध्ययन सामग्री निशुल्क है। टेस्टबुक, अड्डा 247 और इन्कल्केट लर्निंग जैसे मंच पर भी कक्षाएं उपलब्ध हैं। ध्यान दें कि आखिरी महीने में इनका उपयोग समय प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए करें।

मॉक टेस्ट से साधें समय प्रबंधन

कंप्यूटर आधारित परीक्षा यानी सीबीटी का अभ्यास करने के लिए सप्ताह में कम से कम दो बार तीन घंटे का मॉक टेस्ट दें। परीक्षा जैसा माहौल बनाए रखें। इससे समय प्रबंधन, स्क्रीन पर सवाल हल करने की गति और परीक्षा के दबाव से निपटने की क्षमता बेहतर होगी। सीबीटी के प्रारूप से परिचित होने के लिए एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट पर दिए मॉक टेस्ट का अभ्यास काम आएगा। आखिरी 15 दिनों में रोज मॉक टेस्ट का अभ्यास महत्वपूर्ण हो जाता है।

विशेषज्ञ की राय



यूजीसी नेट में सफलता के लिए लक्ष्य तय कर विषय की अवधारणाओं को समझकर पढ़ें, ताकि सवालों के पीछे का तर्क स्पष्ट हो और नए तरीके से पूछे गए सवाल भी हल कर सकें। पिछले वर्षों के कट-ऑफ से लक्ष्य निर्धारण में मदद लें, लेकिन उन्हें इस साल के अंकों की गारंटी न मानें। कमजोर विषयों की पहचान करें और समझें कि कठिनाई कहां आ रही है। मॉक टेस्ट के बाद सिर्फ अंक न देखें, गलती की वजह समझें। भरोसेमंद अध्ययन सामग्री चुनें।

–डॉ. आकांक्षा मिश्रा, असि. प्रोफेसर, एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन, एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा

अर्थशास्त्र में गणित की पढ़ाई जरूरी

एक्सपर्ट टिप्स



डॉ संजीव कुमार आचार्य
सीनियर करियर काउंसलर

■ मैं इकोनॉमिक्स बीए सेकंड इयर का छात्र हूं और अर्थशास्त्री बनना चाहता हूं। मैंने 12वीं और स्नातक में गणित नहीं पढ़ा है, तो क्या बिना गणित के आईआईटी, दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स या मद्रास स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से एमए कर सकता हूं या गणित की अलग डिग्री जरूरी है?
–जिनेश सेठिया

अर्थशास्त्री बनने के लिए उच्च शिक्षा में गणित का महत्व समझना जरूरी है। हालांकि, 12वीं या ग्रेजुएशन में गणित न पढ़ने वाले भी कुछ संस्थानों से पोस्टग्रेजुएशन कर सकते हैं। इसकी पात्रता संस्थान के अनुसार अलग-अलग होती है।

आईआईटी दिल्ली में एमए नहीं, बल्कि अर्थशास्त्र में एमएससी कोर्स है। इसमें कला, वाणिज्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग सहित कई विषयों के स्नातक निर्धारित अंकों और पात्रता शर्तों के आधार पर प्रवेश ले सकते हैं। दाखिला जॉइंट एडमिशन टेस्ट के जरिए होता है। इसकी तैयारी और कोर्स, दोनों में गणित की मजबूत समझ जरूरी है। दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में दाखिले के लिए आमतौर पर 12वीं में गणित या ग्रेजुएशन में गणित का एक पेपर पढ़ना जरूरी है। मद्रास स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में दाखिले के लिए 12वीं में गणित या समकक्ष योग्यता जरूरी है। हालांकि, मैथेमेटिकल



इकोनॉमिक्स में ग्रेजुएशन के कुछ कोर्स भी मान्य हैं, बशर्ते उनमें निर्धारित गणितीय विषय पढ़ाए गए हों।

भारत में इकोनॉमिक्स पोस्टग्रेजुएशन में एडवांस्ड स्टैटिस्टिक्स, इकोनोमेट्रिक्स और गणितीय मॉडल पर जोर दिया जाता है। इसलिए अभी से फंक्शन्स, ग्राफ्स, डिफरेंशिएशन, इंटीग्रेशन और मैट्रिक्सेस सीखें और बुनियादी गणितीय विषयों की तैयारी शुरू करें। इसके लिए अल्फा च्यांग की किताब फंडामेंटल मेथड्स ऑफ मैथमेटिकल इकोनॉमिक्स उपयोगी किताब है। इन विषयों पर अच्छी पकड़ प्रवेश परीक्षा ओं की तैयारी और अर्थशास्त्री बनने में मदद करेगी।

■ कृपया मुझे भारत में मान्यता प्राप्त विदेशी कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों की जानकारी दें।
– मनोज कुमार सिंघानिया

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2023 के तहत, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) अब दुनिया की शीर्ष 500 रैंकिंग वाली विदेशी यूनिवर्सिटियों को भारत में अपने स्वतंत्र परिसर स्थापित करने की अनुमति देते हैं। जीआईएफटी सिटी (गुजरात) इस बदलाव का अग्रणी केंद्र है। ऑस्ट्रेलिया की डीकिन यूनिवर्सिटी भारत में अपना परिसर शुरू करने वाली पहली विदेशी यूनिवर्सिटी बनी, जहां साइबर सिक्योरिटी और बिजनेस एनालिटिक्स में मास्टर डिग्री के कोर्स उपलब्ध हैं। इसी तरह, ऑस्ट्रेलिया की यूनिवर्सिटी ऑफ वोलोंगोंग ने फिनटेक और एप्लाइड एआई में कोर्स शुरू किए हैं, जबकि ब्रिटेन की कोवेंट्री यूनिवर्सिटी और क्वींस यूनिवर्सिटी बेलफास्ट को भारत में अपने परिसर खोलने की मंजूरी मिल चुकी है।

ब्रिटेन की यूनिवर्सिटी ऑफ साउथैम्पटन ने गुरुग्राम (दिल्ली-एनसीआर) में अपना केंद्र स्थापित किया है। यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन के बिर्कबेक संस्थान ने बेंगलुरु में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है, जबकि अमेरिका का इलिनॉय इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मुंबई में अपना परिसर शुरू कर रहा है।


इन विदेशी परिसरों में छात्रों को मूल यूनिवर्सिटी जैसा पाठ्यक्रम और डिग्री मिलती है। इसके लिए अलग से समकक्षता प्रमाणपत्र की जरूरत नहीं होती। ऑनलाइन पढ़ाई 10 फीसदी तक सीमित होगी और ज्यादातर पढ़ाई कक्षा में होगी। इससे भारतीय छात्र कम खर्च में विदेशी डिग्री पा सकते हैं और विदेश में रहने व आने-जाने का खर्च बचा सकते हैं।

(www.sanjibacharya.com)

हिन्दुस्तान क्विज-29

हिन्दुस्तान अर्थात भारत की विकास यात्रा बहुआयामी रही है। इसी महायात्रा से हम पाठकों के लिए कुछ प्रश्न लेकर आए हैं, जो सामान्य ज्ञान के लिए उपयोगी हैं। पेश हैं भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी पार्थ सारथी सेन शर्मा के दस सवाल और उनके जवाब...

1. हिन्दुस्तान की प्रथम प्रधानमंत्री की लोकसभा सीट कौन सी थी?
2. बक्सर के युद्ध में अंग्रेजों की सेना का सेनापति कौन था?
3. गोल्डन फाइबर क्रांति का संबंध किस चीज से है?
4. हिन्दुस्तान का सबसे बड़ा मंदिर परिसर कौन सा है?
5. हिन्दुस्तान के पहले बैंक का क्या नाम था?
6. महात्मा गांधी ने हिन्दुस्तान में अपना पहला सार्वजनिक भाषण कहां दिया था?
7. हिन्दुस्तान के किस शासक के मंत्रिमंडल को 'अष्टप्रधान' कहते थे?
8. गायत्री मंत्र हिन्दुस्तान के किस धार्मिक ग्रंथ में है?
9. किस हिन्दुस्तानी क्रांतिकारी को 'मास्टर दा' के नाम से भी बुलाया जाता था?
10. अकबर के शासन काल में महाभारत का अनुवाद फारसी भाषा में किया गया था। फारसी में उस महाकाव्य का क्या नाम था?



बक्सर युद्ध पर बनी एक पेंटिंग

उत्तर : 1. फूलपुर, इलाहाबाद 2. हेक्टर मुनरो 3. जूट उत्पादन से 4. श्री रंगनाथस्वामी मंदिर, श्रीरंगम 5. बैंक ऑफ हिन्दुस्तान 6. बांकीपुर हिंदू विद्यार्थी सभा 7. छत्रपति शिवाजी 8. ऋग्वेद 9. सूर्य सेन 10. रज्मनामा

भेजें अपना सवाल

करियर या शैक्षिक कोर्स संबंधी आपके मन में कोई उलझन है या कोई जानकारी चाहते हैं, तो आप हमें अपने सवाल नीचे दी गई ईमेल पर भेज सकते हैं। हमारे विशेषज्ञ उसके जवाब देंगे। इस ईमेल आईडी का उपयोग करें **nayiraheincareer@gmail.com**

जॉब/करियर

■ रेलवे भर्ती बोर्ड ने जूनियर वरिष्ठ कम टाइपिस्ट समेत अन्य गैर-तकनीकी पदों पर भर्तियां निकाली है। बारहवीं पास या समकक्ष अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया जारी है।
कुल पद : 1688, **अंतिम तिथि :** 13 नवंबर 2026
आवेदन प्रक्रिया : ऑनलाइन। वेबसाइट है- **rrbapply.gov.in**

■ उत्तर प्रदेश एजुकेशन सर्विस सिलेक्शन कमीशन द्वारा ट्रेड ग्रेजुएट असिस्टेंट टीचर के पदों पर ऑनलाइन आवेदन मांगे गए है।
कुल पद : 17735
अंतिम तिथि : 23 नवंबर 2026
आवेदन प्रक्रिया : वेबसाइट है - **upessc.up.gov.in**

■ दिल्ली विश्वविद्यालय में असिस्टेंट एवं सीनियर असिस्टेंट के पद रिक्त हैं। योग्य अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।
कुल पद : 126, **अंतिम तिथि :** 09 नवंबर 2026
आवेदन प्रक्रिया : देखें वेबसाइट- **du.ac.in**

■ रेलवे भर्ती बोर्ड की ओर से स्टेशन मास्टर के पदों के लिए अधिसूचना जारी की गई है। स्नातक अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।
कुल पद : 1215, **अंतिम तिथि :** 25 नवंबर 2026
आवेदन प्रक्रिया : आरआरबी की वेबसाइट **rrbapply.gov.in** पर लॉगइन करें।

■ आयकर विभाग, दिल्ली में खेल कोटा के तहत मल्टी टास्किंग स्टाफ समेत अन्य पद भरे जाएंगे।
कुल पद : 119, **अंतिम तिथि :** 10 नवंबर 2026
आवेदन प्रक्रिया : ऑनलाइन। वेबसाइट है- **incometaxdelhi.gov.in**



■ उत्तर प्रदेश लोक सेवा चयन आयोग द्वारा समीक्षा अधिकारी समेत अन्य पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।
कुल पद : 501, **अंतिम तिथि :** 26 नवंबर 2026
आवेदन प्रक्रिया : ऑनलाइन। वेबसाइट है- **uppsc.up.nic.in**

■ सेट्रल वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन में असिस्टेंट मैनेजर एवं जूनियर एजीवयूटिव के विभिन्न पदों पर आवेदन का अवसर है।
कुल पद : 327, **अंतिम तिथि :** 15 नवंबर 2026
आवेदन प्रक्रिया : वेबसाइट- **cewacor.nic.in**

■ डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी शिवहर, बिहार में पारा लीगल वॉल्यूनटियर के पदों पर आवेदन का मौका है।
कुल पद : 100, **अंतिम तिथि :** 30 नवंबर 2026
आवेदन प्रक्रिया : पंजीकृत डाक से। वेबसाइट- **sheohar.dcourts.gov.in**

■ भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड में आर्टिसन की भर्ती के लिए आवेदन मांगे गए हैं। इसके तहत टर्नर, मशीनिस्ट आदि पदों पर भर्ती की जाएगी। आवेदन का माध्यम ऑनलाइन है।
कुल पद : 660, **अंतिम तिथि :** 18 नवंबर 2026
आवेदन प्रक्रिया : वेबसाइट है- **bhel.com**

■ सेट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स में स्पोर्ट्स कोटा के तहत कॉन्स्टेबल एवं हेड कॉन्स्टेबल के पदों पर भर्तियां की जाएंगी। आवेदन ऑनलाइन करना होगा।
कुल पद : 521, **अंतिम तिथि :** 11 नवंबर 2026
आवेदन प्रक्रिया : वेबसाइट है- **rect.crpf.gov.in**
(नोट : आवेदन करने से पहले आधिकारिक वेबसाइट से अपने स्तर पर जांच कर लें)

रोजनामचा



पं. राधवेन्द्र शर्मा
ज्योतिषाचार्य

स्कैन करें
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

मेष : आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी, परंतु फिर भी कारोबार में सुस्ती ही देखने को मिल सकती है।

वृष : मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। कारोबार में कठिनाई आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा लाभप्रद रहेगी।

मिथुन : आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परंतु धैर्यशीलता बनाए रखने के प्रयास करें। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

कर्क : मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में व्यस्तता रहेगी। परिवार एवं मित्रों का साथ मिलेगा। कारोबार के लिए यात्रा से कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ में वृद्धि होगी।

सिंह : मन परेशान रहेगा। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। सर्पों में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। सचेत रहें। कारोबार में लाभ के अवसर भी मिलेंगे।

कन्या : आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखें। बातचीत में संतुलित रहें। कारोबार में कठिनाई आ सकती है। माता-पिता से कारोबार हेतु धन मिल सकता है।

तुला : आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परंतु मन अशांत रहेगा। धैर्यशीलता बनाए रखें। माता-पिता की सेहत का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

वृश्चिक : आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न रहेगा। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। परिवार से दूर किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

धनु : आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। धैर्यशीलता बनाए रखें। शैक्षिक कार्यों में कठिनाई आ सकती है। माता-पिता की सेहत का ध्यान रखें।

मकर : आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में संतुलित रहें। परिवार का साथ मिलेगा। लेखनादि बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। आय के साधन भी बनेंगे।

कुंभ : संयत रहें। धैर्य बनाए रखें। वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के प्रति सचेत रहें। कठिनाई आ सकती है। पिता की सेहत का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा।

मीन : आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परंतु मन परेशान भी हो सकता है। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। खर्चों की अधिकता हो सकती है।

वर्गपहेली : 8496



बाएं से दाएं
1. सुरक्षा करने वाला; पहरेदार (5)
4. बड़ा पत्थर; शिलाखंड (3)
6. देह; शरीर (2)
7. झेलना; बर्दाश्त करना; सहना (3,3)
9. वंश; कुल; खानदान (3)
10. संगीत लहरी के साथ सिर का बार-बार हिलना; झोंके खाना; लहराना (3)
14. अपयश होना; दाग लगना; लांछन लगना (3,3)
15. घनिष्ठता; निकटता; संग; संलग्नता; सहित (2)
17. कीमती पत्थर; रत्न; मणि; नग (3)
18. नक्षत्र का परिक्रमा पथ; नक्षत्रों के घूमने का मार्ग (5)

ऊपर से नीचे
1. अंतिम समय; आखिरी वक्त (4)
2. लिप्त; लीन; मग्न; आसक्त (2)
3. दर्द के कारण चिल्लाना; पीड़ा के कारण मुंह से शब्द निकालना; कांखना (4)
4. चटक-मटक; तड़क-भड़क; शान (3,3)
5. आदमी- औरत; नर-नारी; महिला-पुरुष (2,2)
8. कटु आलोचना करना; किसी के बारे में बुरी बातें कहना; निंदा करना (3,3)
11. संभावित व्यय का पहले से ही लगाया गया अनुमान; अनुसंधान (4)
12. कहीं से आने का भाव; पहुंचने की क्रिया; आमद; प्राप्ति (4)
13. बहुत अधिक तर; पूरी तरह भीगा हुआ; सना हुआ (4)
16. खास तरीके से निकाला गया फूलों का सुगंधित रस; अतर; खुशबू; सत्त (2)

हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली
(उत्तर अगले अंक में)

वर्गपहेली : 8495



सुडोकू : 8450

*मध्यम

		2		7		1		
1								7
	9		5		1		8	
3		6				2		1
		4				8		
2		9				5		3
	3		1		4		6	
9								5
		8		9		3		

खेलने का तरीका : दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3×3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

सुडोकू : 8449

1	3	8	9	4	2	5	6	7
7	6	4	5	8	1	9	2	3
9	5	2	7	3	6	8	1	4
8	2	9	1	6	3	4	7	5
3	1	7	4	5	9	6	8	2
6	4	5	2	7	8	3	9	1
4	9	6	3	1	7	2	5	8
2	7	3	8	9	5	1	4	6
5	8	1	6	2	4	7	3	9

व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋषुकांत गोस्वामी

29 अक्तूबर, गुरुवार, **शक संवत्:** 07, कार्तिक (सौर) 1948, **पंजाब पंचांग :** 13, कार्तिक मास प्रविष्टे 2083, **इस्लाम :** 17, जमादि उल्लावल, 1448, **विक्रमी संवत्:** कार्तिक कृष्ण चतुर्थी तिथि रात्रि 10.11 मिनट तक पश्चात पंचमी तिथि, रोहिणी नक्षत्र प्रात: 11.12 मिनट तक पश्चात मृगशीर्ष नक्षत्र, परिघ योग रात्रि 12.06 मिनट तक पश्चात शिव योग, चन्द्रमा वृष राशि में रात्रि 10.07 मिनट तक उपरांत मिथुन राशि।

सूर्य दक्षिणायन। शरद ऋतु। दोपहर 01.30 मिनट से अपराह्न 03 बजे तक राहुकालम्। व्रत करवा-चौथ (करक चतुर्थी)।

वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

विवाह में स्थायित्व चाहिए या अच्छे रिश्ते आएं, ऐसी कामना हो, तो करें ये उपाय:

- शयन कक्ष दक्षिण दिशा में होना ठीक है, किंतु उसका आंतरिक इंटीरियर भी देखें। जैसे, बेड के ऊपर लटके हुए डिजाइन की फाल्स सीलिंग स्वास्थ्य एवं संबंध दोनों को प्रभावित कर सकती है।
- बेडरूम में नीले और ग्रे कलर कॉम्बिनेशन, इस दिशा के बेडरूम के अनुसार नहीं होते। ये आपसी संबंध एवं व्यापार दोनों को नुकसान पहुंचाएगा। अपने वैवाहिक चित्र डिस्प्लेज की जोन में लगाने पर आपसी संबंध भी बिगड़ जाएंगे।
- कमरे का कलर क्रीम-लाइट गोल्डन करवाएं। फाल्स सीलिंग को बदलवाएं।

प्रेरणा

अपनी कामयाबी की इससे नापी कि उसे पाने के लिए तुमने क्या खोया है! - दलाई लामा

संपादकीय

नेताओं व अफसरों की निजता देशहित से ऊपर नहीं होती

डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम (डीपीडीपी एक्ट) के खिलाफ मीडिया संस्थाओं के संगठनों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका देते हुए कहा है कि इससे तो न्यूजरूम में ताला लग जाएगा। खबरें नागरिकों तक न पहुंचें तो प्रजातंत्र निष्प्रभावी हो जाता है। इस कानून का सेक्शन 44(3) लोकसेवकों के बारे में उन व्यक्तिगत सूचनाओं को भी हासिल करने से रोकता है, जो उनकी सार्वजनिक भूमिकाओं से सम्बंधित हैं। लोकसेवकों का निजता का अधिकार आम जनता से कम होता है, क्योंकि उन्हीं सोच-समझ कर लोकसेवा का कार्य चुना होता है। इस मुद्दे पर अमेरिका और भारत की शीर्ष अदालतों के दो फैसले एक नजीर हैं- सुलिवान बनाम न्यूयॉर्क टाइम्स (1964) और पुत्तास्वामी केस (2017)। दोनों ही नौ-सदस्यीय बेंचों द्वारा सर्वसम्मति से दिए गए हैं। फैसलों के अनुसार लोकसेवक स्वेच्छा से यह जीवन चुनता है, लिहाजा उसकी सभी गतिविधियों पर पैनी दृष्टि होना प्रजातंत्र के हित में है। सुलिवन केस ने तो जनता को लोकसेवकों के निजी जीवन की आलोचना का निर्बाध अधिकार दिया और कहा कि लोकसेवक को इसके खिलाफ कानूनी सुरक्षा नहीं है, जब तक कि ऐसी आलोचना किसी निहित स्वार्थ के लिए न की गई हो। भारत में भी सरकारों को लोकसेवकों के आचरण के खिलाफ ज्यादा सख्त रवैया अपनाना चाहिए, न कि उन्हें बचाने के कानून बनाने चाहिए। आखिर नेताओं और अफसरों की निजता देशहित के ऊपर तो नहीं हो सकती।

जीने की राह



पं. विजयशंकर मेहता
humarehanuman@gmail.com

पुरुषों को चाहिए यदि हक चाहते हैं तो हाथ भी बंटाएं

पति-पत्नी के संबंधों को सबसे अच्छा वे दोनों ही समझ सकते हैं। लेकिन कभी-कभी अन्य रिश्तेदारों, मित्रों, कानून और सरकार को भी हस्तक्षेप करना पड़ता है। पत्नी कहती है तुम मुझे रानी बनाकर रखो तो मैं तुम्हें राजा बना दूंगी। इस संवाद के बड़े गहरे अर्थ हैं। पति कहता है पूरे गुलिस्तां को भी हैरानी होती है कि गुलशन का सबसे अच्छा गुल हम चुनकर ले आए। अब इस संवाद में भी गहराई है। शादी के कुछ साल बाद तक तो ऐसे संवाद अपना स्वाद, सुगंध रखते हैं। फिर सब कुछ धीरे-धीरे बोझिल होने लगता है। दरअसल, सह-जिम्मेदारी के जीवन का नाम ही दाम्पत्य है। दोनों को विश्वास व जिम्मेदारी साथ निभानी पड़ेगी। चूक यहीं हो रही है। विदेशों में तो सरकार एप ला रही है, जो निर्णय करेगा कि पुरुष गृहकार्य में पत्नी का कितना सहयोग करते हैं। स्पेन ने इस पर काम भी शुरू कर दिया। आज भी दुनिया में 15% पुरुष ही घरेलू काम करते हैं, बाकी जिम्मेदारी स्त्रियों को उठानी पड़ती है। उनका आधा जीवन अवैतनिक घरेलू श्रम में निकल जाता है। इसलिए पुरुषों को चाहिए कि यदि हक चाहते हैं तो हाथ भी बंटाएं।

• Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

शब्दों का जादू

पेड़ की छांव

इस जमीन के अंदर
जड़ों का महजाल है

लेकिन इसके ऊपर
पीपल है न नीम
महुआ न रसाल है।

नदी को निहारती
इस निचाट जमीन के ऊपर
अब कंक्रीट के वन का
रोपण होगा

गजब हाल है!

गांव का हिस्सा रही यह जमीन
अब गांव नहीं है

हम एक मोटी जड़ पर बैठे हैं
मगर हमारे ऊपर
किसी पेड़ की
छांव नहीं है!

-केशव शरण, वाराणसी (उत्तरप्रदेश)
(मूल कविता के सम्पादित अंश)

पूरी कविता को पढ़ने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

भास्कर कविता उत्सव की शीर्ष 100 कविताओं में चयनित

पाठकों के पत्र

धार्मिक स्थलों पर हमले रुकें

दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में धार्मिक स्थलों और समुदायों को निशाना बनाए जाने की खबरें झकझोरने वाली हैं। यह न केवल लोगों के अधिकारों का हनन है, बल्कि समाज में भय भी पैदा करता है। दुनिया के देशों को धार्मिक कट्टरता के विरुद्ध एकजुट होना चाहिए। -वरुण कुमार, जमशेदपुर, झारखंड

गंगा में प्रदूषण पर सख्ती हो

हरिद्वार में हर की पौड़ी पर गंगा की सफाई के लिए पानी रोका गया तो भारी मात्रा में प्लास्टिक, बोतलें जैसा कचरा दिखा। लोग गंगा किनारे पुण्य कमाने जाते हैं, फिर उसे ही प्रदूषित करते हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।
-राजेश कुमार चौहान, जालंधर, पंजाब

आप अपने पत्र editpage@dbcorp.in पर भेज सकते हैं

मन की प्रयोगशाला

पसंदीदा काम तनाव घटाता है

जर्नल ऑफ हैप्पीनेस स्टडीज में प्रकाशित एक शोध दिमाग पर पसंदीदा गतिविधियों के असर को बताता है। शोध के अनुसार, पसंद की गतिविधियों का लोगों में खुशी बढ़ने और तनाव व नकारात्मक भावनाएं घटने से सीधा संबंध है। कुछ सार्थक करना भी सकारात्मक भावनाएं पैदा करने से जुड़ा है। इससे पता चलता है कि रोजमर्रा की छोटी और अर्थपूर्ण गतिविधियां हमारे खुश रहने में अहम भूमिका निभा सकती हैं।

दूरदृष्टि • रिफाइनिंग के क्षेत्र में हम बड़ी ताकत बनकर उभरे, इसका खासा रणनीतिक महत्व है...

हम 'एनर्जी-डिप्लोमेसी' के एक नए दौर में हैं

कूटनीति



सैयद अता हसनैन
बिहार के राज्यपाल और कश्मीर कोर के पूर्व कमांडर

एनर्जी का वैश्विक भूगोल बदल रहा है और उसके साथ ही औद्योगिक क्षमता तथा राष्ट्रीय शक्ति के बीच गहराते संबंध भी। दशकों तक हमने एनर्जी की राजनीति में खुद को कमजोर उपभोक्ता के रूप में देखा था। हमारी बढ़ती अर्थव्यवस्था को आयातित कच्चे तेल की जरूरत थी, लेकिन पश्चिम एशिया में होने वाले संघर्ष तेल की कीमतें बढ़ने और आपूर्ति बाधित होने का खतरा पैदा करते थे। यह कमजोरी आज भी बनी हुई है। लेकिन इस बीच भारत तेल की रिफाइनिंग और पेट्रोलियम उत्पादों के क्षेत्र में बड़ी ताकत बनकर उभरा है। इस उपलब्धि को रणनीतिक चर्चाओं में पर्याप्त महत्व नहीं दिया जाता।

रिलायंस जामनगर में प्रतिदिन 14 लाख बैरल क्रूड की रिफाइनिंग में सक्षम है। यह एक ही स्थान पर स्थित दुनिया का सबसे बड़ा रिफाइनिंग परिसर है। लेकिन इसका महत्व वहीं तक सीमित नहीं है। उन्नत तकनीक की बदौलत यहां विभिन्न किस्मों के क्रूड का शोधन किया जा सकता है। इनमें भारी और अधिक सल्फर वाला क्रूड भी शामिल है, जिसे उपयोगी और मूल्यवान ईंधन में बदलना कई रिफाइनरियों के लिए मुश्किल होता है।

जब युद्ध और प्रतिबंधों के कारण आपूर्ति के स्थापित मार्ग बाधित हो जाते हैं, तब अलग-अलग किस्म के कच्चे तेल को शोधित करने की यह क्षमता बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। यही वजह है कि तेल शोधन क्षमता को भी रणनीतिक बुनियादी ढांचे का हिस्सा माना जाना चाहिए।

कच्चे तेल और डीजल का एक बैरल समान नहीं होते। कच्चे तेल को पहले परिवहन के जरिये रिफाइनरी तक पहुंचाना पड़ता है और फिर उसका शोधन करके पेट्रोलियम उत्पाद तैयार किए जाते हैं। अलग-अलग रिफाइनरियां इन ईंधनों का उत्पादन अलग-अलग अनुपात में करती हैं। कच्चे तेल के भंडार होने का यह मतलब नहीं कि डीजल भी उपलब्ध होगा। तेल उत्पादन जारी रहने के बावजूद शोधन प्रक्रिया या आपूर्ति के परिवहन में बाधा आने से ईंधन की किल्लत पैदा हो सकती है।

अब हम समझ सकते हैं कि अमेरिका की दिलचस्पी जामनगर में क्यों है। यह ईरान युद्ध से उपजी स्थितियों और वेनेजुएला के तेल भंडारों में भारी मात्रा में मौजूद कच्चे तेल का मिला-जुला समीकरण है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इस बात में दिलचस्पी दिखाई है कि रिलायंस वेनेजुएला के कच्चे तेल की एक मात्रा में रिफाइनिंग करे। उन्होंने वेनेजुएला के तेल उत्पादन में रिलायंस की संभावित भागीदारी पर भी चर्चा की है। वेनेजुएला में तेल उत्पादन बढ़ने से अमेरिका के आपूर्ति स्रोतों में विविधता आ सकती है। वहीं रिलायंस को प्रतिस्पर्धी कीमतों पर अपनी रिफाइनरी के अनुकूल क्रूड मिलने से उसके कामकाज में भी लचीलापन आ सकता है। वैसे इन संभावनाओं का साकार होना व्यावसायिक शर्तों और राजनीतिक परिस्थितियों पर निर्भर है।

जामनगर में उत्पादन को अनिश्चितकाल तक नहीं बढ़ाया जा सकता। रिफाइनरियों के संचालन की अपनी तकनीकी सीमाएं होती हैं। वहीं कच्चे तेल की खरीद उसकी कीमतों, ढुलाई के खर्च, अनुबंधों और भुगतान संबंधी व्यवस्थाओं पर निर्भर करती है। भारत ईंधन की उपलब्धता बनाए रखने और बाजार पर पड़ने वाले दबाव को कम करने में मदद कर सकता है, लेकिन वह दुनिया में तेल की कीमतें तय नहीं कर सकता। तेल उत्पादन, मांग, परिवहन और भू-राजनीतिक घटनाक्रम इस मामले में निर्णायक हैं।

रूस से जुड़ा पहलू अमेरिकी नीति के अंतर्विरोधों को उजागर करता है। यूक्रेन युद्ध के बाद भारत ने रियायती दरों पर रूसी तेल खरीदा, क्योंकि उससे लिए किफायती कीमतों पर तेल की उपलब्धता और आपूर्ति की सुरक्षा जरूरी थी। अमेरिका ने प्रतिबंधों का दबाव बनाकर और टैरिफ लगाने की धमकियां देकर इस पर आपत्ति जताई।



हमारे सामने बड़े अवसर हैं...

भारत में जामनगर के अलावा वाडीनार, कोच्चि, पारादीप, पानीपत और मंगलुरु में भी तेल रिफाइनरियां हैं, जिनकी क्षमताओं का विस्तार किया जा रहा है। ये सब मिलकर अंतरराष्ट्रीय ईंधन आपूर्ति शृंखलाओं में भारत की स्थिति को मजबूत बना सकती हैं। केवल जामनगर ही नहीं, बल्कि भारत के समूचे तेल रिफाइनिंग उद्योग के सामने बड़े अवसर हैं।

लेकिन अब वही अमेरिका भारत की तेल शोधन क्षमता के रणनीतिक महत्व को स्वीकार रहा है। यह अमेरिकी नीति की परस्पर प्रतिस्पर्धी प्राथमिकताओं को दर्शाता है- विरोधियों पर दबाव बनाना और व्यावसायिक अवसरों का लाभ उठाते हुए घरेलू बाजार में कीमतें स्थिर रखना।

हमें इन तमाम अंतर्विरोधों के बीच ही अपनी राह बनानी होगी। न तो हर बात का बिना सोचे-समझे विरोध करना हमारे हित में होगा और न ही बिना सवाल किए हर मांग मान लेना। जरूरत है रणनीतिक धैर्य के साथ व्यावहारिक स्तर पर लचीलापन अपनाने की। रणनीतिक स्वायत्तता का मतलब यह नहीं है कि भारत अपने रुख में किसी भी तरह के बदलाव से इनकार कर दे। इसका अर्थ है यह स्वतंत्रता बनाए रखना कि हमें कब, कहां और किस तरह अपने रुख में बदलाव करना है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रभाव अब तेजी से उन क्षमताओं पर निर्भर करेगा, जिनका विकल्प तलाशना दूसरे देशों के लिए मुश्किल हो। चीन ने मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में अपनी ताकत बढ़ाकर ऐसा ही किया था। एनर्जी-डिप्लोमेसी का दायरा अब केवल कच्चे तेल की खरीद तक सीमित नहीं है। इसमें निवेश, टेक्नोलॉजी और मैन्युफैक्चरिंग भी शामिल हैं। भारत में जामनगर के अलावा वाडीनार, कोच्चि, पारादीप, पानीपत और मंगलुरु में भी तेल रिफाइनरियां हैं। ये अंतरराष्ट्रीय ईंधन आपूर्ति शृंखलाओं में हमारी स्थिति को मजबूत बना सकती हैं। जामनगर ही नहीं, हमारे समूचे तेल रिफाइनिंग उद्योग के सामने बड़े अवसर हैं।


(ये लेखक के अपने विचार हैं)

इस लेख को मोबाइल पर सुनने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

विश्लेषण • अंतर्विरोधों से उबर नहीं पाते क्षेत्रीय दल

वोटरों का भरोसा कायम, पर अंदरूनी लड़ाइयां भारी पड़ीं

सियासत



संजय कुमार
प्रोफेसर और चुनाव विश्लेषक
sanjay@csds.in

हाल के वर्षों में राजनीति पर नजर डालें तो पता चलता है कई स्थापित क्षेत्रीय पार्टियां न केवल सत्ता से बाहर हो गईं, बल्कि उनमें से कुछ अस्तित्व का संकट भी झेल रही हैं। इसका प्रमुख कारण यह नहीं है कि ये जनाधार खो चुकी हैं। इनके पतन का कारण पारिवारिक कलह और पार्टी सुप्रीमो के असमर्थ होने के बाद नेतृत्व परिवर्तन को सही तरीके से न संभाल पाना है।

देखें तो इन तमाम दलों का जनाधार तो अब भी कायम है और उन्हें मिले वोट इसका प्रमाण हैं। 2009 के लोकसभा चुनाव में सभी क्षेत्रीय पार्टियों को 31.2% वोट मिले थे। 2014 के लोकसभा चुनाव में यह आंकड़ा 35.8%, 2019 में 28.1% और 2024 में 33.5% रहा। हाल ही में दिल्ली में 'आप' और पश्चिम बंगाल में टीएमसी ने सत्ता गंवाई। इसके बावजूद 'आप' को 43.6% और टीएमसी को 40.8% वोट मिले। बहुदलीय लोकतंत्र में यह वोट प्रतिशत अच्छे-खासे जनसमर्थन का संकेत है। लेकिन ये दल घटते जनसमर्थन के कारण नहीं, बल्कि अंदरूनी और बाहरी मसलों के चलते संकट झेल रहे हैं।

भारत की क्षेत्रीय पार्टियों ने ऐसे समय में राज्यों, जातियों और समुदायों को अपनी आवाज दी थी, जब राष्ट्रीय दल उन तक पहुंच बनाने में मशक्कत ही कर रहे थे। लेकिन इनमें से ज्यादातर पार्टियों की एक कमजोरी समान तौर पर सामने आई है। ये पार्टियां फैमिली बिजनेस की तरह चलाई जाती हैं और जब परिवार में झगड़ा होता है तो वे टूट भी जाती हैं।

देश में इसका लंबा इतिहास रहा है। 2010 में पंजाब के तत्कालीन वित्त मंत्री और मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल के भतीजे मनप्रीत सिंह बादल ने सार्वजनिक तौर पर अकाली दल की नीतियों से असहमति जताई और 'पीपुल्स पार्टी ऑफ पंजाब' के नाम से अलग पार्टी बना ली। 2016 में इस पार्टी का कांग्रेस में विलय हो गया। 2005 में शिवसेना में भी फूट पड़ी और उद्धव ठाकरे चचेरे भाई उद्धव ठाकरे से अलग हो गए थे। 2017 के विधानसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी दो गुटों में बंट गई थी। दोनों गुटों ने पार्टी सिंबल पर दावा कर दिया। आखिरकार अखिलेश यादव ने पार्टी की कमान संभाली, जबकि उनके चाचा शिवपाल यादव ने अलग पार्टी बना ली। हरियाणा में देवी लाल द्वारा स्थापित इंडियन नेशनल लोकदल भी 2018 में टूट गया। उनके पुत्र ओमप्रकाश चौटाला के बड़े बेटे अजय सिंह ने अलग जननायक जनता पार्टी बना ली।

समय के साथ ये पारिवारिक झगड़े और खुलकर सामने आए हैं। 2020 में रामविलास पासवान के निधन के बाद उनकी लोक जनशक्ति पार्टी को भी ऐसा ही झटका लगा था। 2021 में पासवान के छोटे भाई पशुपति कुमार पारस उनके बेटे चिराग पासवान की जगह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए। उसी साल पारस ने अपना विरोधी धड़ा बनाने के लिए पार्टी के छह में से पांच सांसदों को तोड़ लिया और चिराग अपने ही पिता की बनाई पार्टी में लगभग अकेले पड़ गए।

महाराष्ट्र में इससे भी बड़े टकराव दिखे। शिवसेना के नाम, सिंबल और झंडे के लिए 2022 में एकनाथ शिंदे गुट ने उद्धव ठाकरे के गुट से संघर्ष किया और जीत भी हासिल की। 2023 में अजित पवार एनसीपी और

बहुतेरे क्षेत्रीय दलों का अस्तित्व एक चीज पर टिका होता है- किसी एक नेता या परिवार के प्रति वोटरों का भरोसा। जब वही परिवार सार्वजनिक रूप से झगड़ता दिखता है तो यह भरोसा टूट जाता है। इस नुकसान की भरपाई मुश्किल होती है।

पवार परिवार से अलग हुए और उनका गुट भी पार्टी का सिंबल और झंडा हासिल करने में सफल रहा। 2026 में बंगाल चुनाव में टीएमसी की हार के महीने भर में ही पार्टी ममता बनर्जी और ऋतब्रत बनर्जी के इर्द-गिर्द दो गुटों में बंट गई। पार्टी कामकाज में अभिषेक बनर्जी की भूमिका को लेकर पनपा असंतोष इसकी वजह बना। सबसे ताजा मामला बसपा का है, जिसमें मायावती अपने भतीजे आकाश को पार्टी में अहम जिम्मेदारी देती हैं और फिर पद से हटा भी देती हैं।


इन सभी घटनाओं की वजहों को समझना मुश्किल नहीं है। इन दलों में नेतृत्व चुनने की शायद ही कोई स्पष्ट व्यवस्था होती है। ऐसे में बेटे, भतीजे या भाई को शीर्ष पद पर बैठा दिया जाता है। जब पार्टी का संस्थापक कमजोर पड़ता है या उसकी मृत्यु हो जाती है तो परिवार के कई सदस्यों को लगता है कि कुर्सी पर उनका भी अधिकार है। वफादारी पार्टी के प्रति नहीं, बल्कि एक व्यक्ति के प्रति होती है। इसलिए जब परिवार बंटता है तो कार्यकर्ता भी बंट जाते हैं।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)


नजरिया • इसकी जिम्मेदारी सरकारों की ही है

इंटरनेट मौलिक अधिकार तो बना पर उसे सुरक्षित भी बनाएं

अधिकार



अर्घ्य सेनगुप्ता



स्वप्निल त्रिपाठी
विधि सेंटर फॉर लीगल पॉलिसी में पदाधिकारी

पिछले सप्ताह सुप्रीम कोर्ट ने इंटरनेट और उसके इस्तेमाल के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता दी। न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और के. विनोद चंद्रन की पीठ ने यह फैसला बच्चों को इंटरनेट पर होने वाले शोषण और दुर्व्यवहार से बचाने से जुड़े एक मामले में सुनाया। कोर्ट ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा के लिए उन्हें इंटरनेट से वंचित करना आवश्यक नहीं है। इसके बजाय, इंटरनेट को उनके लिए अधिक सुरक्षित बनाने के प्रयास किए जाने चाहिए।

हालांकि यह फैसला बच्चों से जुड़े मामले में दिया गया है, लेकिन इसके परिणाम सभी नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण हैं। 2020 में सुप्रीम कोर्ट ने माना था कि इंटरनेट के जरिये अभिव्यक्ति और व्यवसाय की स्वतंत्रता को संवैधानिक संरक्षण प्राप्त है। हालांकि उस समय न्यायालय ने इंटरनेट तक पहुंच को मौलिक अधिकार घोषित नहीं किया था। लेकिन अब इसे स्पष्ट रूप से मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता दी गई है।

अब नागरिकों के पास इंटरनेट तक उनकी पहुंच सीमित करने वाले सरकारी कदमों को न्यायालय में चुनौती देने का स्पष्ट संवैधानिक आधार है। इनमें सार्वजनिक व्यवस्था के नाम पर बार-बार इंटरनेट बंद करना शामिल है। ऐसे प्रतिबंध पहले भी न्यायिक समीक्षा के अधीन थे, अब उन्हें चुनौती देने का आधार मजबूत हुआ है। लेकिन मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता देने का महत्व केवल सरकारी हस्तक्षेप को रोकने तक ही सीमित नहीं है। इससे नागरिकों को उस अधिकार का वास्तविक लाभ उठाने के लिए सरकार से अधिक सुविधाओं और आवश्यक कदमों की मांग करने का आधार भी मिलता है। साथ ही सरकारों की जिम्मेदारी भी बढ़ती है, क्योंकि सार्वजनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक प्रशासनिक तंत्र और वित्तीय संसाधन मुख्यतः उन्हीं के पास होते हैं।

इस संदर्भ में सूचना व शिक्षा के अधिकारों के उदाहरण महत्वपूर्ण हैं। वे बताते हैं कि न्यायालय द्वारा किसी अधिकार को मान्यता मिलने से नागरिकों की मांगों को बल मिलता है और आगे चलकर कानून, सार्वजनिक निवेश तथा ऐसी संस्थाओं का निर्माण हो सकता है, जो इन अधिकारों को सार्थक बनाती हैं।

1975 में इंदिरा गांधी के चुनाव को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के सामने प्रश्न उठा कि क्या सरकार प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े आधिकारिक दस्तावेजों को सार्वजनिक करने से इनकार कर सकती है। इस मामले में न्यायमूर्ति के.के. मैथ्यू ने कहा कि सरकार के कामकाज के बारे में जानने का नागरिकों का अधिकार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हिस्सा है। यह मान्यता सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम थी, लेकिन नागरिकों तक सरकारी जानकारी पहुंचने का सफर अभी लंबा था। इसके बाद नागरिक संगठनों ने इस अधिकार को व्यवहार में लागू करने की मांग उठानी शुरू की, जिससे कई जनांदोलनों को बल मिला। अंततः वर्ष 2005 में संसद ने सूचना का अधिकार अधिनियम पारित किया। आज इस कानून के अंतर्गत नागरिक हर वर्ष लाखों आवेदन दाखिल करते हैं।

दूसरा उदाहरण शिक्षा के अधिकार का है। वर्ष 1993 में सुप्रीम कोर्ट ने उन्नीकृष्णन बनाम आंध्र प्रदेश राज्य

अब नागरिकों के पास इंटरनेट तक उनकी पहुंच सीमित करने वाले सरकारी कदमों को न्यायालय में चुनौती देने का अधिक स्पष्ट संवैधानिक आधार है। इनमें सार्वजनिक व्यवस्था के नाम पर बार-बार इंटरनेट बंद करना भी शामिल है।

मामले में शिक्षा को मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता दी। लेकिन केवल इस मान्यता से सभी बच्चों के लिए विद्यालयों, शिक्षकों और आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं हो सकती थी। इन सुविधाओं की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी सरकारों पर ही थी। इसी दिशा में वर्ष 2002 में संसद ने संविधान में संशोधन कर छह से चौदह वर्ष के बच्चों के लिए निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा को स्पष्ट रूप से मौलिक अधिकार बनाया। इसके बाद वर्ष 2009 में शिक्षा का अधिकार अधिनियम पारित हुआ।

इंटरनेट तक पहुंच का अधिकार भी ऐसी ही संभावनाएं प्रस्तुत करता है। सुप्रीम कोर्ट ने इंटरनेट तक पहुंच के अधिकार की नींव रख दी है। लेकिन न्यायालयों के पास न तो आवश्यक वित्तीय संसाधन होते हैं और न ही प्रशासनिक तंत्र कि वे केवल अपने आदेशों से इस अधिकार को वास्तविकता में बदल सकें। इसकी प्राथमिक जिम्मेदारी सरकारों की ही है, जिन्हें आवश्यक संसाधन व बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराना होगा। **(ये लेखकों के अपने विचार हैं)**

डिफ्रेंट एंगल • डूम-स्क्रॉलिंग करते हुए बिताया हर मिनट किसी किताब के पन्ने पलटने में लगाया जा सकता है

किताबें पढ़ना हमारे दिमाग को एकाग्र करने का सबसे अच्छा तरीका है

रीडिंग



रीता राममूर्ति गुप्ता
लेखिका और रीडिंग कोच
info@reetaramamurthygupta.in

अगर बचपन से ही किताबें पढ़ने की आदत बच्चों में विकसित की जाए तो वे बड़े होकर ज्यादा एकाग्र, स्थिरचित्त और चिंतनशील होते हैं। यह शोध-अध्ययनों से भी प्रमाणित हो चुका है। पढ़ने वाले बच्चों का शैक्षणिक प्रदर्शन बेहतर पाया जाता है। उनमें अवसाद के लक्षण कम दिखते हैं। तनाव और एकाग्रता संबंधी समस्याएं कम होती हैं। वे स्क्रीन पर कम समय बिताते हैं। बचपन में पढ़ने की आदत आगे चलकर अधिक शांत और एकाग्र व्यक्तित्व के विकास से जुड़ी होती है।

जब बच्चा किसी कहानी के साथ बैठकर समय बिताता है, तब वह दरअसल एकाग्रता, सहानुभूति और धैर्य का अभ्यास कर रहा होता है। यही गुण किशोरावस्था में उसे अपनी और दूसरों की भावनाओं को समझने तथा किसी परिस्थिति पर तुरंत प्रतिक्रिया देने के बजाय ठहरकर सोचने में मदद करते हैं।

लंबे समय तक ध्यान लगाकर पढ़ना अपने आप में एकाग्रता का अभ्यास है। पढ़ने से हम परिस्थितियों का बेहतर पूर्वानुमान लगाने की क्षमता भी विकसित कर पाते हैं। हमारा मस्तिष्क लगातार यह अंदाजा लगाता रहता है कि आगे क्या होने वाला है और जब उसका अनुमान गलत साबित होता है, तो वह उसके अनुसार अपनी समझ में बदलाव करता है। किसी बच्चे का जितनी अधिक परिस्थितियों से परिचय होता है- भले ही वह किताबों के माध्यम से ही क्यों न हुआ हो- उसकी पूर्वानुमान लगाने की क्षमता उतनी बेहतर होती जाती है।

मस्तिष्क पढ़ी हुई घटनाओं और परिस्थितियों का मानसिक अनुभव करता है। इस तरह किताब में पढ़ी गई कोई कहानी वास्तविक जोखिम के बिना जीवन की परिस्थितियों का पूर्वाभ्यास करने का अवसर देती है। जिस बच्चे ने किताबों के जरिये दोस्ती टूटने, नए स्कूल जाने या डरावनी रात का अनुभव किया है, वह वास्तविक जीवन में ऐसी परिस्थिति का सामना करते समय उससे पूरी तरह अनजान नहीं होता।

पढ़ने की प्रक्रिया मस्तिष्क में देखने और भाषा को समझने से जुड़े न्यूरल नेटवर्कों को नए सिरे से व्यवस्थित करती है। इससे हम जो देखते हैं और जो समझते हैं, उनके बीच संबंध मजबूत होता है। पढ़ने वाले बच्चे शब्दों में वर्णित चीजों की अपने मन में बेहतर तस्वीर बना पाते हैं। यह क्षमता शिक्षक के निर्देशों को समझने, दोस्त के बोलने के लहजे का अर्थ निकालने या किसी अनजान जगह को समझने में उपयोगी साबित होती है।

किताबें पढ़ने से परिचय बच्चों की भाषाई क्षमता को भी मजबूत बनाता है और यह प्रक्रिया स्कूल जाने से पहले की उम्र से ही शुरू हो जाती है। समृद्ध भाषा किशोरों को अपनी भावनाओं को अधिक सटीक ढंग से पहचानने और उन्हें नाम देने के बेहतर साधन भी उपलब्ध कराती है। जिस भावना को हम पहचानकर उसका नाम दे सकते हैं, उस पर तुरंत प्रतिक्रिया दिए बिना उसे हैंडल कर पाना अकसर आसान हो जाता है।

बचपन में पढ़ने की अच्छी क्षमता इस बात का भी संकेत देती है कि दस साल बाद भी बच्चे की रीडिंग स्किल बेहतर हो सकती है। जो बच्चे शुरुआत से अच्छी तरह पढ़ पाते हैं, वे अधिक पढ़ते हैं और इस अभ्यास से उनकी क्षमता लगातार बेहतर होती जाती है। इसे 'मैथ्यू इफेक्ट' कहा जाता है। शुरुआती बढ़त आगे चलकर और अधिक बढ़त हासिल करने में मदद करती है।

जब कोई बच्चा किसी कहानी को समझता है या किसी सामाजिक परिस्थिति को अच्छी तरह से हैंडल करता है, तो मस्तिष्क का रिवॉर्ड सिस्टम उस प्रयास को सार्थक अनुभव के रूप में दर्ज करता है। इससे बच्चे के दोबारा वैसा प्रयास करने की संभावना बढ़ जाती है।

शुरुआत बचपन से ही करें। जीवन के शुरुआती वर्षों में बच्चों के साथ बैठकर किताबें पढ़ना सबसे महत्वपूर्ण साबित होता है। पढ़ने के आनंद को प्राथमिकता दें। जब बच्चे अपनी पसंद की किताबें खुद चुनते हैं, तो इससे उनके भीतर पढ़ने की स्वाभाविक प्रेरणा विकसित होती है। याद रखें कि डूम-स्क्रॉलिंग करते हुए बिताया गया हर मिनट किसी किताब के पन्ने पलटने, किसी कहानी के साथ आगे बढ़ने या किसी वाक्य पर देर तक ठहरने में लगाया जा सकता था। **(ये लेखिका के अपने विचार हैं)**

तिमाही नतीजे • रोजमर्रा की खरीद से लेकर मनोरंजन तक बेहतर विकल्पों पर ज्यादा खर्च कर रहे हैं ग्राहक

पीवीआर: दर्शक सिर्फ 4% बढ़े, पर लाभ 149% बढ़ा

भास्कर न्यूज | मुंबई

पीवीआर आईनॉक्स की रिकॉर्ड कमाई के पीछे दर्शकों की संख्या से ज्यादा हर दर्शक से होने वाली कमाई की भूमिका रही। जुलाई-सितंबर तिमाही में 4.63 करोड़ लोग सिनेमाघर पहुंचे, जो पिछले साल से सिर्फ 4% ज्यादा है। लेकिन औसत टिकट की कीमत बढ़कर 298 और हर दर्शक पर खानपान का खर्च 153 हो गया। दोनों से होने वाली आय 14% बढ़ी। कंपनी का रिपोर्टेड शुद्ध मुनाफा 149% बढ़कर 263 करोड़ रहा। लीज के हिसाब-किताब का असर हटा दें, तो कुल आय 17% बढ़कर करीब 2,132.7 करोड़ रही। खर्च आय के मुकाबले धीमे बढ़े, इससे मुनाफे का मार्जिन सुधरा।

बोर्ड ने नीति मंजूर की है कि हर साल अतिरिक्त नकदी का 30% हिस्सा लाभांश या शेयर बायबैक से शेयरधारकों को लौटाया जाएगा। सितंबर में 300 करोड़ का पहला बायबैक करने के बाद भी कंपनी के पास 140 करोड़ की नकदी बची है।

एमडी अजय बिजली ने कहा, 'मजबूत फिल्मों, ग्राहकों के बढ़े खर्च और लागत पर नियंत्रण से रिकॉर्ड नतीजे मिले।' कंपनी अब प्रीमियम अनुभवों के साथ होम डिलीवरी, ग्रैब एंड गो और कैटरिंग के जरिए खानपान कारोबार बढ़ाने पर भी ध्यान देगी।

मुनाफा क्यों... प्रति दर्शक खर्च ₹55 बढ़ा

पैमाना	सितंबर'25	सितंबर'26	बदलाव
दर्शक, करोड़ में	4.45	4.63	4%
औसत टिकट, ₹ में	₹262	₹298	14%
खानपान/दर्शक, ₹ में	₹134	₹153	14%
दोनों औसत का जोड़	₹396	₹451	+₹55
ऑक्यूपेंसी	28.7%	30.4%	+1.7PP
टिकट आय, ₹ करोड़	983.4	1,160.4	18%
खानपान आय, ₹करोड़	564.8	668.2	18.3%

पीवीआर में संग्रह के आधार पर शीर्ष 5 फिल्में

फिल्म	भारत	पीवीआर	हिस्सा
स्पाइडर-मैन: ब्रैंड न्यू डे	608	275	45.2%
द ओडिसी	233	142	60.9%
हनुमान अंश	351	140	39.9%
मिर्ज़ापुर: द मूवी	267	100	37.5%
टॉक्सिक	296	77	26.0%

कलेक्शन ₹करोड़ में; जुलाई-सितंबर 2026। स्रोत: कंपनी खबरलिया



ओडिसी ने भारत में हनुमान अंश से ₹118 करोड़ कम, लेकिन पीवीआर में ₹2 करोड़ ज्यादा कमाए। उसके कलेक्शन का 61% पीवीआर में आया, टॉक्सिक का 26%।

भास्कर एनालिसिस

70% सीटें खाली रहीं, फिर भी बेहतर मार्जिन

- ऑक्यूपेंसी 30.4% रही, कोविड-पूर्व 32% से कम। फिर भी एबिटा मार्जिन तिमाही में 22.3% रहा, जबकि कोविड-पूर्व 17-18% था। प्रति दर्शक ज्यादा कमाई से मदद मिली।
- ऑनलाइन बुकिंग 72% पहुंची। सुविधा शुल्क आय 25% बढ़कर ₹84.5 करोड़ हुई, जबकि विज्ञापन आय 4.3% बढ़ी।
- भारतीय बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 23% बढ़कर ₹4,443 करोड़ रहा। हॉलीवुड का कलेक्शन 87% बढ़कर ₹1,024 करोड़ पहुंचा। कुल संग्रह वृद्धि में हॉलीवुड का हिस्सा 57% रहा।

एचयूएल: बढ़ी आय में 78% हिस्सा ब्यूटी-होमकेयर का

भास्कर न्यूज | मुंबई

कपड़े-बर्तन की सफाई और त्वचा-बालों की देखभाल वाले प्रोडक्ट की मांग ने जुलाई-सितंबर तिमाही में हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) की बिक्री को रफ्तार दी। कंपनी की बढ़ी कमाई में हर 100 रुपए में से 78 रुपए इन्हीं दो कारोबारों से आए। परिचालन आय 14.5% बढ़कर 18,226 करोड़ हो गई, जबकि शेयरधारकों के हिस्से का शुद्ध मुनाफा 4% बढ़कर 2,790 करोड़ रहा।

होम केयर (साफ-सफाई के प्रोडक्ट) की आय 21.4% बढ़कर 6,878 करोड़ रुपए और ब्यूटी एंड वेलबीइंग की 15.7% बढ़कर 4,319 करोड़ रुपए रही। हालांकि सभी कैटेगरी में बिक्री एक जैसी रफ्तार से नहीं बढ़ी। पर्सनल केयर की अंडरलाइन बिक्री (कारोबार के विलय-बिक्री जैसे असर हटाकर असल बिक्री) 9% बढ़ी, लेकिन बिके सामान की मात्रा जस की तस रही। कंपनी का एबिटा मार्जिन 24% से घटकर 22.6% रह गया, यानी हर ₹100 की बिक्री पर मुनाफा घटा।

कंपनी के बोर्ड ने ₹19/शेयर का लाभांश घोषित किया। सीईओ एवं एमडी प्रिया नायर के मुताबिक, कंपनी की बिक्री में 15 फीसदी उछाल, पिछली 14 तिमाहियों में सबसे अधिक रही, जबकि अंडरलाइन वॉल्यूम ग्रोथ 7 फीसदी रही।

होम केयर बिक्री 21%, ब्यूटी की 15.7% बढ़ी



कारोबार	सितंबर' 26 आय	सालाना वृद्धि
होम केयर	6,878	21.4%
ब्यूटी-वेलबीइंग	4,319	15.7%
पर्सनल केयर	2,617	7.9%
फूड्स	3,849	8.5%
अन्य	563	2.2%
कुल	18,226	14.5%

राजस्व ₹करोड़ में। स्रोत: कंपनी फाइलिंग।

एचयूएल: सितंबर तिमाही का रिजल्ट एक नजर में


मापदंड	सितंबर'26	सितंबर'25	बदलाव
परिचालन आय	18,226	15,919	+14.5%
टैक्स-पूर्व लाभ	3,814	3,702	+3.0%
मार्जिन *	23.3%	26.1%	-2.7pp
शुद्ध लाभ	2,790	2,685	+3.9%

रकम ₹ करोड़ में। मार्जिन गणना: (टैक्स-पूर्व लाभ+वित्तीय लागत +डेप्रिसिएशन)/परिचालन राजस्व। अन्य आय व असाधारण मदें भी।

एचयूएल का मार्केट कैप 30 सितंबर 2026 तक 4.42 लाख करोड़ था। देश की 14वीं मूल्यवान कंपनी

कंज्यूमर ट्रेंड • आम चाय पर महंगाई की मार, छोटे-छोटे पैक प्रीमियम प्रोडक्ट की मांग बढ़ा रहे हैं

- होम केयर और ब्यूटी में अंडरलाइन वॉल्यूम दहाई अंकों में बढ़ा। इससे सफाई-ब्यूटी में ज्यादा खरीद का संकेत मिलता है।
- सर्फ एक्सेल इजी वॉश का ₹99 पैक पाउडर कैटेगरी में प्रीमियम खरीद बढ़ा रहा। तय खरीद-राशि वाला पैक प्रीमियम ब्रांड तक पहुंच आसान बना रहा है।
- महंगाई से आम चाय का प्रदर्शन नरम रहा, जबकि प्रीमियम चाय के नए उत्पाद बेहतर चले। कॉफी में वॉल्यूम के सहारे ऊपरी एकल अंकों की वृद्धि हुई।



dkcumha/AB/1142/Hin

भारत का विशालतम आईपीओ भारतीय स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्टेड हुआ!

फैसला क्यों... रेगुलर प्लान में निवेश लागत ज्यादा

1 नवंबर से फंड हाउस के प्लेटफॉर्म पर डायरेक्ट प्लान डिफॉल्ट होगा

मुंबई| सेबी 1 नवंबर से म्यूचुअल फंड कंपनियों के डिजिटल प्लेटफॉर्म पर डायरेक्ट प्लान को डिफॉल्ट (पहले से चुना हुआ) विकल्प बनाएगा। रेगुलर प्लान चुनने वालों को ज्यादा खर्च की जानकारी भी दी जाएगी। सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने बुधवार को मुंबई में एक कार्यक्रम में यह जानकारी दी। इस कदम का मकसद निवेशकों को निवेश की लागत समझाना है। डायरेक्ट प्लान में डिस्ट्रीब्यूटर को कमीशन नहीं जाता, इसलिए इनका एक्सपेंस रेशियो (फंड चलाने का सालाना खर्च) आमतौर पर कम होता है। रेगुलर प्लान वितरकों के जरिए बेचे जाते हैं और उनमें खर्च ज्यादा होता है।

डायरेक्ट प्लान की लागत 1.7% तक कम

नए नियमों के मुताबिक, रेगुलर प्लान चुनने वाले निवेशकों को ज्यादा खर्च (0.66-1.7% तक) की सूचना पहले ही मिल जाएगी। कोटक सिक्योरिटीज के एक उदाहरण के मुताबिक, 12% रिटर्न पर 20 साल तक हर महीने 10,000 रुपए की एसआईपी से डायरेक्ट प्लान में करीब 1.21 करोड़, जबकि रेगुलर में करीब 99 लाख रुपए बनते हैं।

सेबी के एजेंडे में ये दो सख्ती भी...

आईपीओ पर: लिस्टिंग और खुलासे के नियमों की समीक्षा होगी। पब्लिक इश्यू से जुटाए गए पैसे की निगरानी भी सख्त करने का प्रस्ताव है।

निवेशक सुरक्षा: 2.2 लाख से ज्यादा भ्रामक ऑनलाइन कंटेंट सोशल मीडिया कंपनियों को हटाने के लिए भेजे गए हैं। इनमें 40% से ज्यादा सेबी के एआई टूल सुदर्शन के जरिए पकड़े गए।

बिजनेस ब्रीफ

सीमा से सटे देशों के लिए निवेश नियम आसान होंगे

नई दिल्ली| सरकार 10% तक हिस्सेदारी वाली विदेशी कंपनियों के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की कागजी प्रक्रिया आसान कर सकती है। यह छूट उन कंपनियों को मिल सकती है, जिनमें सीमा से लगे देशों (जैसे चीन) की कंपनियों की हिस्सेदारी है, पर नियंत्रण नहीं है। मार्च में ऐसे निवेश को मंजूरी दी गई थी।

औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर 8% से घटकर 6.7%

नई दिल्ली| औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर सितंबर में 6.7% रह गई, जो अगस्त में 8% थी। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की वृद्धि दर 8.6% से घटकर 7.6% पर आ गई। बिजली और गैस सप्लाई सेक्टर में 11.2% की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। खनन (जैसे कोयला) और मैन्युफैक्चरिंग की सुस्त रफ्तार की वजह रही।

कंटेनर बनाने की क्षमता 10 गुना बढ़ाएगा भारत

नई दिल्ली| केंद्र ने देश में शिपिंग कंटेनर बनाने के लिए ₹10,000 करोड़ की स्कीम को मंजूरी दी है। इससे भारत की सालाना उत्पादन क्षमता मौजूदा 70 हजार से बढ़कर 7.5 लाख टीईयू हो जाएगी। लक्ष्य दुनिया के कंटेनर उत्पादन में 15-20% हिस्सेदारी हासिल करना है। इससे करीब 3,000 प्रत्यक्ष और 50 हजार परोक्ष रोजगार मिलेंगे।

रिजर्व बैंक ने 16 दिन में बेचे 18.2 अरब डॉलर

मुंबई| रुपए पर दबाव कम करने के लिए रिजर्व बैंक ने अक्टूबर के पहले 16 दिनों में 18.2 अरब डॉलर (₹1.73 लाख करोड़) बेचे। यह 2026 में अब तक किसी एक महीने की सबसे बड़ी बिक्री है। इससे रुपए को सपोर्ट मिला। एक समय यह 95/डॉलर से भी ज्यादा मजबूत हो गया।

हाई बेस • जीएसटी घटने से बीते साल तेजी से खर्च बढ़ा था

सितंबर में क्रेडिट कार्ड तो 9.5% बढ़ गए, पर खर्च 6.2% घट गया

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

सितंबर में देश में क्रेडिट कार्ड 9.5% बढ़कर 12.38 करोड़ हो गए। दूसरी तरफ इन कार्डों से खर्च 6.2% घट गया। इसकी वजह पिछले साल का ऊंचा आधार (बेस) है, जब जीएसटी कटौती के बाद खर्च तेजी से बढ़ा और त्योहारी सीजन भी जल्दी आया था। जेफरीज की रिपोर्ट के मुताबिक, अगस्त की तुलना में क्रेडिट कार्ड से खर्च 0.7% बढ़कर करीब 2 लाख करोड़ रुपए रहा। यानी मांग टूटी नहीं है। गिरावट सिर्फ पिछले साल के ऊंचे आंकड़ों से तुलना की वजह से दिख रही है। हालांकि कार्ड जारी करने वाले बैंकों का प्रदर्शन अलग-अलग रहा।

क्रेडिट कार्ड की संख्या लगातार बढ़ रही, लेकिन खर्च सीमित कर रहे

2026	अगस्त	सितंबर
कार्ड की संख्या	9%	9.5%
कुल खर्च	5.5%	6.2%
प्रति कार्ड खर्च	अगस्त	सितंबर
एचडीएफसी बैंक	₹22,600	₹23,800
एसबीआई कार्ड	₹15,400	₹15,100
इंडस्ट्री का औसत	₹17,484	₹16,400

4 बड़े बैंकों के क्रेडिट कार्ड 8% तक बढ़े

बैंक	कार्ड वृद्धि
एसबीआई कार्ड	7.7%
एचडीएफसी बैंक	8%
ICICI बैंक	8%
एक्सिस बैंक	7%
इंडसइंड बैंक	6%

- एचडीएफसी बैंक की बादशाहत, क्रेडिट कार्ड से कुल खर्च में इसकी हिस्सेदारी 32% हो गई, जो अगस्त में 30.3% थी।
- आईसीआईसीआई बैंक की हिस्सेदारी 0.81 पर्सेंटेज पॉइंट घटकर 15% रह गई, एक्सिस 11% पर स्थिर।

एसबीआई कार्ड: खर्च 14% कम, ऑनलाइन में हिस्सेदारी भी घटी

क्रेडिट कार्ड से कुल खर्च में एसबीआई कार्ड की हिस्सेदारी इस साल अगस्त के मुकाबले सितंबर में 0.33 पर्सेंटेज पॉइंट (फीसदी में दो अंकों का अंतर) घटकर 17.2% रह गई, जबकि कार्ड संख्या में इसकी हिस्सेदारी 19 फीसदी रही। ऑनलाइन खर्च में भी इसका हिस्सा 0.84 पर्सेंटेज पॉइंट घटकर 16 फीसदी रह गया। पीओएस (दुकानों पर स्वाइप मशीन) के जरिए खर्च में इसकी हिस्सेदारी 0.52 पर्सेंटेज पॉइंट बढ़कर 18.5 फीसदी हो गई।

लुई वितॉं का अनोखा प्रयोग: फोन में गुम लोगों के बीच सहज बातचीत का माहौल बनाने के लिए घूमता लग्जरी डाइनिंग टेबल





लंदन| फोन की लत के दौर में बातचीत की मेज पर लौटाने के लिए लुई वितॉं ने लंदन में एक खास डिनर रखा। कलाकार एस. डेवलिन और कैटरिंग कंपनी ओपस 11 के साथ बनाई गई घूमती मेज में दो गोल घेरे थे। बाहर बैठे मेहमान स्थिर रहे, जबकि अंदर वाले धीरे-धीरे घूमते प्लेटफॉर्म पर थे। हर कोर्स के साथ सामने नए चेहरे आते गए और रात खत्म होते-होते हर मेहमान पांच नए लोगों से मिल चुका था, वो भी कुर्सी छोड़े बिना।

कोका-कोला, पीएंडजी, नेस्ले बढ़ा सकती हैं दाम

भास्कर न्यूज | मुंबई

दुनिया की बड़ी कंज्यूमर और फूड कंपनियों- कोका-कोला, प्रॉक्टर एंड गैंबल (पीएंडजी), नेस्ले और रेकिट ने अगले साल दाम बढ़ाने के संकेत दिए हैं। ईरान-अमेरिका युद्ध से एनर्जी, कच्चा माल और माल ढुलाई महंगी हुई है। इसके चलते पीएंडजी ने मुनाफे पर असर का अनुमान 1 अरब डॉलर से बढ़ाकर 1.4 अरब डॉलर (₹13,326 करोड़) कर दिया है। कोका-कोला के सीईओ हेनरिक ब्राउन के मुताबिक, दबाव 2027 तक बना रह सकता है। चुनौती यह है कि ग्राहक पहले ही महंगे सामान से कतरा रहे हैं। नेस्ले की सीएफओ एना मैंज का कहना है कि दाम बढ़ाने पर बिक्री कुछ समय घट सकती है।

स्ट्रैटजी • कॉरपोरेट रणनीति पर आईएसबी की रिपोर्ट

कंपनियां बड़ा मुनाफा दिखाकर नियामकों की सख्ती से बचती हैं

भास्कर न्यूज | हैदराबाद

दो खतरे साथ आए, तो बदल गई रणनीति

स्थिति	कंपनी की रणनीति
सिर्फ नियामक का डर	अच्छी आय छिपाओ
सिर्फ प्रतिस्पर्धी का डर	अच्छी आय छिपाओ
दोनों साथ	अच्छी आय बेहतर तरीके से बताओ

कंपनियां आमतौर पर मुनाफे की अच्छी खबर छिपाती हैं, ताकि नियामक की सख्ती और नए प्रतिस्पर्धी, दोनों से बचें। इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) की स्टडी कहती है कि दोनों खतरे एक साथ हों, तो अच्छी आय-मुनाफा बताना ही कंपनियों के लिए फायदेमंद हो सकता है।

यह स्टडी आईएसबी के प्रोफेसर राम एन. वी. रमणन और अनिल आर्य ने की है। उन्होंने एक गणितीय मॉडल बनाया, जिसमें कंपनी का बाजार में एकाधिकार (मोनोपॉली) है। मजबूत मांग दिखते ही नई प्रतिस्पर्धी कंपनी बाजार उतर सकती है और नियामक (रेगुलेटर) भी सख्त हो सकता है। अकेले देखें तो दोनों खतरे अच्छी खबर छिपाने को कहते हैं, लेकिन साथ आने पर तस्वीर बदल जाती है।

नियामक की नजर से बचने की बड़ी चाल

- **जानबूझकर नुकसान:** अच्छी खबर बताने से बाजार में प्रतिस्पर्धी कंपनियां आती हैं और कंपनी का मुनाफा बंट जाता है। देखने में यह घाटे का सौदा लगता है, लेकिन यह कंपनी की सोची-समझी चाल होती है।
- नियामक की चिंता कंपनी की मोनोपॉली ताकत से होती है। प्रतिस्पर्धा बढ़ने पर यह ताकत घटती है, इसलिए जांच कम होती है और अनुपालन (नियम पालन) पर कंपनियों का खर्च बचता है।

अमेरिका में ब्याज दरों पर फैसले से पहले बाजार में सतर्कता, सेंसेक्स 352 अंक टूटा

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को भी गिरावट जारी रही। सेंसेक्स 353 अंक टूटकर 73,246 पर और निफ्टी 51 अंकों की गिरावट के साथ 22,699 पर बंद हुआ। आईटी शेयरों और रिलायंस इंडस्ट्रीज में तेज बिकवाली के बीच ब्याज दरों पर अमेरिकी केंद्रीय बैंक के बुधवार रात आने वाले फैसले से पहले निवेशकों की सतर्कता बरती। रिलायंस में 3.46%, इन्फोसिस में 3.34%, टेक महिंद्रा में 1.83%, टीसीएस में 1.68%, भारती एयरटेल में 1.42% और टाटा स्टील में 1.37% गिरावट आई। इस बीच, रिलायंस इंडस्ट्रीज की डिजिटल सर्विस कंपनी जियो प्लेटफॉर्म्स के शेयरों ने शेयर बाजार में जोरदार शुरुआत की। बीएसई पर कंपनी का शेयर 1,119 रुपए के इश्यू प्राइस के मुकाबले 26.66% बढ़त के साथ 1,417.35 रुपए पर बंद हुआ।

रुपया 21 पैसे कमजोर: बुधवार को रुपया 21 पैसे कमजोर हुआ। एक अमेरिकी डॉलर की कीमत बढ़कर ₹95.28 हो गई।

भास्कर: 78% सीईओ को उम्मीद, 3 साल में मिलेगा एआई में निवेश का फायदा

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

देश की 78% बड़ी कंपनियों के सीईओ को उम्मीद है कि उन्हें तीन साल के भीतर एआई में किए गए निवेश का फायदा मिलेगा। यह दावा प्रोफेशनल सर्विसेज फर्म केपीएमजी के '2026 इंडिया सीईओ आउटलुक' सर्वे में किया गया है। केपीएमजी इंडिया के सीईओ येज्दी नागपोरवाला के मुताबिक, कंपनियां एआई पर खर्च तो बढ़ा रही हैं, पर अब उनकी नजर निवेश से रिटर्न, साइबर सुरक्षा और नौकरियों पर असर पर भी है। नागपोरवाला ने कहा कि एआई के जिम्मेदार इस्तेमाल के लिए सुरक्षा उपाय जरूरी हैं और इसके नियम जल्द आ सकते हैं। सर्वे में 64% कंपनियों ने नैतिक चुनौतियों को एआई के इस्तेमाल में बड़ी बाधा माना, जबकि 70% का मानना है कि सख्त नियमों से रफ्तार धीमी हो सकती है। 92% कंपनियों ने कर्मचारी बढ़ने की उम्मीद जताई, हालांकि 52% ने कुछ क्षेत्रों में नौकरियां घटने की आशंका भी जताई है। 86% कंपनियां एंट्री-लेवल पदों के लिए जरूरी स्किल की समीक्षा कर रही हैं।

नगर निगम चंडीगढ़

निविदा सूचना

क्र. सं.	कार्य का नाम	बोली जमा अनुसूची (ऑनलाईन)	तकनीकी बोली (ऑनलाईन) का खुलना
अधिशासी अभियंता - रोड डिवीज़न सं. 3			
1.	स्पोर्टस स्टेडियम गांव डडुमाजरा सेक्टर्स की मरम्मत और अपग्रेडेशन। तैपिटल हेड : एन्हासमेंट अनुमानित लागत : रु. 122.54 लाख धरोहर राशि : रु. 2,45,076/- समय सीमा : 06 माह	27.10.2026 से 03.11.2026 दोप. 12.00 बजे तक	03.11.2026 अप. 13:00 बजे
2.	गाँव रायपुर खर्द, सेक्टर-56 में गौशाला के पास अस्पताली मी -रोड का निर्माण। तैपिटल हेड: गौशाला का विकास/निर्माण अनुमानित लागत: 231.51 लाख रु. धरोहर राशि : 4,63,040/- समय सीमा: 09 माह	28.10.2026 से 04.11.2026 दोप. 12.00 बजे तक	04.11.2026 अप. 13:00 बजे

नोट :- अन्य सभी नियम व शर्तें एवं पूर्ण विनिआमु वेबसाइट https://etenders.chd.nic.in पर अपलोड कर दिया गया है।

कार्यकारी अभियंता
रोड डिवीजन सं. 3, कमरा नं. 311, एमसी, , चंडीगढ़, फोन 0172-5021482 xenroad3.mcc@chd.nic.in

बिजनेस एंकर सिकुड़ती वर्कफोर्स चीन के साथ ही वैश्विक आर्थिक रफ्तार भी धीमी कर सकती है

चीन में बूढ़ा हो रहा बाजार; खर्च की ताकत घट रही, सरकार तैयारी में जुटी

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन में पहली बार परिवारों पर बच्चों से ज्यादा बुजुर्गों की जिम्मेदारी है। कमाने वाली आबादी घट रही है और खर्च का रुख स्कूल-कॉलेज से हटकर पेंशन और इलाज की ओर मुड़ सकता है। इसका असर चीन की ग्रोथ और बाजार पर पड़ेगा।

चीन के सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल कामकाजी आबादी की तुलना में आश्रित बुजुर्गों का अनुपात बढ़कर 23% हो गया, जबकि बच्चों का 22% रह गया। 65 साल या उससे ऊपर के लोग 22.3 करोड़ से ज्यादा हैं, यानी कुल आबादी का करीब 16%। वहीं 14 साल तक के बच्चे करीब 21.3 करोड़ ही हैं। इन आंकड़ों पर दुनिया की नजर रहती है, क्योंकि सिकुड़ती वर्कफोर्स चीन के साथ-साथ वैश्विक अर्थव्यवस्था की रफ्तार पर भी असर डालती है।

हांगकांग यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के प्रोफेसर स्टुअर्ट गिटेल-बास्टेन के मुताबिक, इसका मतलब है कि सरकारी खर्च परिवारों और स्कूलों से हटकर पेंशन और स्वास्थ्य की तरफ जाएगा। नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर की लेक्चरर म्यू झेंग कहती हैं कि इससे आर्थिक विकास और लोगों की खर्च करने की ताकत सीमित हो सकती है, जो चीन की महत्वाकांक्षाओं के लिए चुनौती है।

बीबीसी वर्ल्ड की रिपोर्ट कहती है कि चीन में बुजुर्ग आबादी बढ़ने की वजह तेज शहरीकरण और 1980 से 2015 तक लागू रही एक बच्चे की नीति है। सरकार का अनुमान है कि इस पॉलिसी से करीब 40 करोड़ जन्म रुके, हालांकि इस आंकड़े पर विवाद है। अब पाबंदियां ढीली हो चुकी हैं, फिर भी जन्मदर रिकॉर्ड निचले स्तर पर है। बहरहाल सरकार तैयारी में जुटी है। इस साल की शुरुआत में घोषित पांच साल की आर्थिक योजना में बुजुर्गों को और मदद देना शामिल है। पेंशनरों की मदद सरकारी खर्च का बढ़ता हिस्सा बन चुकी है। चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स इसे 'सिल्वर इकोनॉमी' के मौके के तौर पर भी देख रहा है, यानी बुजुर्गों के लिए सामान और सर्विस का बाजार। अखबार के मुताबिक, 1950 से 1970 के दशक में जन्मे जो लोग अब बूढ़े हो रहे हैं, उनकी आय पिछली पीढ़ियों से ज्यादा, खरीदने की ताकत मजबूत और सेहत बेहतर है। चीन के बुजुर्ग सिर्फ खर्च का बोझ नहीं, बड़े ग्राहक भी बन सकते हैं।

डिपेंडेंसी रेशियो को आखिर अर्थव्यवस्था में इतनी अहमियत क्यों दी जा रही?



डिपेंडेंसी रेशियो कामकाजी उम्र की आबादी के मुकाबले बच्चों या बुजुर्गों की संख्या बताता है। कुछ विशेषज्ञ इसका दायरा सीमित मानते हैं। गिटेल-बास्टेन का कहना है कि इससे बुजुर्गों की सक्रियता नजरअंदाज होती है, जबकि कई लोगों को गलत तरीके से आश्रित मान लिया जाता है। यह स्वास्थ्य सेवाओं में हुए सुधार को भी ध्यान में नहीं रखता। इसलिए आलोचकों का मानना है कि यह आंकड़ा पूरी तस्वीर नहीं बताता।

GOVT. OF BIHAR

BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD
I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

UNDER GRADUATE MEDICAL ADMISSION COUNSELLING (UGMAC)-2026 for MBBS/ BDS/ B.V.Sc. & A.H./ B.F.Sc. in Govt. Medical / Dental / Veterinary Colleges / College of Fisheries and Private Medical / Dental Colleges of Bihar

Adv. No.- BCECEB(UGMAC)-2026/17 Dated 28.10.2026

Notice regarding Extended Online Counselling Programme for Stray Vacancy Round

In continuation to Adv. No. BCECEB(UGMAC)-2026/16 dated 22.10.2026, it is informed to all eligible & interested NEET(UG)-2026 qualified candidates and all concerned that Provisional Seat Allotment Result for Stray Vacancy Round Counselling of UGMAC-2026 has been published on Board's website.

The counselling programme for Stray Vacancy Round Counselling is hereby Re-scheduled as follows;

Sl.	Programme	Re-scheduled Date
i.	Stray Vacancy Round Provisional Seat Allotment Result publication date	: 28.10.2026
ii.	Downloading of Allotment order	: 28.10.2026 to 31.10.2026
iii.	Documents Verification and Admission (Stray Vacancy Round)	: 29.10.2026 to 31.10.2026

2. Rest of the terms / conditions of Adv. No.- BCECEB(UGMAC)-2026/14 Dated 18.10.2026 and 2026/16 dated 22.10.2026 will remain the same.

Controller of Examination

Last day to join the Free Newspapers Community

At just one time entry fee of ₹19... It's worth it 🙏

EDITORIALS PDF

- **English Editorials PDF**
  with International Newspapers Editorials [35–40 pages]
- **Hindi Editorials PDF**
- **Daily Vocabulary PDF**

MAGAZINE CHANNEL

National & International
[General & Exam related]

INTERNATIONAL NEWSPAPERS

Newspapers around the world.
Asian, European & American

INDIAN NEWSPAPERS CHANNEL

1. The Indian Express
2. The Hindu
3. Business Line
4. Financial Express
5. Times of India
6. Hindustan Times
7. Economic Times
8. Live Mint
9. Business Standard

HINDI NEWSPAPERS (Delhi Editions)

1. दैनिक जागरण
2. जनसत्ता
3. हरिभूमि
4. हिंदुस्तान
5. लोकमत
6. लोकसत्ता
7. दैनिक भास्कर

CLICK HERE ▼

Tap the button above to get free access